✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 217 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 3 जनवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना में ऐतिहासिक कुम्हरार पार्क का निरीक्षण करते सीएम नीतीश कुमार

## मुख्यमंत्री करेंगे सुशील मोदी की प्रतिमा का अनावरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आगामी 5 जनवरी को पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी की जयंती पर उनकी आदमकद प्रतिमा का अनावरण करेंगे। राजेंद्र नगर स्थिति सुशील मोदी स्मृति पार्क में यह प्रतिमा स्थापित होगी। सुशील कुमार मोदी स्मृति शोध संस्थान के अध्यक्ष और कुम्हरार विधायक संजय गुप्ता ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। प्रतिमा अनावरण के बाद मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित भव्य जयंती समारोह का उद्घाटन करेंगे। संजय गुप्ता ने बताया कि समारोह की तैयारी अंतिम चरण में है। समारोह में बिहार के प्रमुख शोधकर्ताओं एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही चुनिंदा संस्थाओं को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा। वहीं पूरे प्रदेश में पूर्व संध्या और सात से नौ जनवरी तक पौधारोपण, रक्तदान, कंबल वितरण, दिव्यांगों के बीच कृत्रिम अंग वितरण, चश्मा वितरण, नेत्रहीन विद्यालयों में वस्त्र एवं भोजन वितरण आदि कार्य किये जाएंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, जीतन राम मांझी, चिराग पासवान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी समेत पद्मश्री, उद्योग जगत, धार्मिक एवं सामाजिक संगठन से जुड़े वरिष्ठजन उपस्थित रहेंगे।

## मध्यम वर्ग के लोगों को सस्ती यात्रा का विकल्प प्रदान करेगी बुलेट ट्रेन : वैष्णव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंबई।** केंद्रीय रेल, सूचना और प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुंबई-अहमदाबाद तीव्र गति बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत महाराष्ट्र के पालघर में पहली पर्वतीय सुरंग निर्माण में उल्लेखनीय सफलता मिलने की घोषणा की। पालघर जिले में सबसे लंबी सुरंग में से एक, लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी पर्वतीय सुरंग-एमटी-5, विरार और बोइसर बुलेट ट्रेन स्टेशनों के बीच स्थित है। एमटी-5 सुरंग की खुदाई दोनों सिरों से अत्याधुनिक ड्रिल और ब्लास्ट विधि से 18 महीने में पूरा किया गया। इस विधि से खुदाई में जमीन की वास्तविक समय में निगरानी हो सकती है और वास्तविक स्थल स्थिति के आधार पर शॉटक्रेट, रॉक बोल्ट और लैटिस गर्डर जैसे सहायक प्रणालियां प्रयुक्त की जा सकती है। सुरंग निर्माण के दौरान, वायु-संचार, अग्नि सुरक्षा उपाय और उचित प्रवेश और निकास व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुरक्षा सावधानियों का पालन किया गया। इससे पहले, ठाणे और बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के बीच लगभग 5 किलोमीटर लंबी पहली भूमिगत सुरंग का निर्माण सितंबर 2025 में पूरा हुआ था। मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना कुल 508 किलोमीटर लंबी है, जिसमें सुरंगों की कुल लंबाई 27 दशमलव 4 किलोमीटर है। इनमें से 21 किलोमीटर भूमिगत सुरंगें और 6 दशमलव 4 किलोमीटर सतही सुरंगें हैं। परियोजना में आठ पर्वतीय सुरंग भी शामिल हैं, जिनमें कुल 6 दशमलव 05 किलोमीटर से अधिक लंबाई वाली सात महाराष्ट्र में हैं। बुलेट परियोजना में 350 मीटर लंबी एक सुरंग गुजरात में स्थित है। श्री वैष्णव ने कहा कि बुलेट ट्रेन से रोजगार सृजित हो रहे हैं और इसके परिचालन के दौरान आर्थिक गतिविधियों को बढावा मिलेगा और अतिरिक्त अवसर उपलब्ध होंगे। रेल मंत्री ने कहा कि परियोजना पूरी होने पर मुंबई और अहमदाबाद के बीच यात्रा समय घटकर केवल 1 घंटा 58 मिनट रह जाएगा। इससे दो प्रमुख वाणिज्यिक केंद्रों की अर्थव्यवस्थाओं में सीधा संपर्क स्थापित होगा और वे एकीकृत हो जाएंगी। श्री वैष्णव ने कहा कि परियोजना कॉरिडोर से आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने, ज्ञान आदान-प्रदान और नए औद्योगिक और आईटी केंद्र विकसित होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इससे दीर्घकालिक आर्थिक लाभ के साथ ही मध्यम वर्ग की आरामदायक और सस्ते दर पर यात्रा आकांक्षाएं पूरी होंगी। रेल मंत्री ने बल देकर कहा कि परियोजना पूरी होने के बाद, सड़क परिवहन की तुलना में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में लगभग 95 प्रतिशत की कमी आएगी । मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत महाराष्ट्र में सात पर्वतीय सुरंगों पर काम चल रहा है। 820 मीटर लंबी एमटी-1 का 15 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो गया है, जबकि 228 मीटर लंबी एमटी-2 पर आरंभिक कार्य चल रहा है। 1,403 मीटर लंबी एमटी-3 का 35.5 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो गया है और 1,260 मीटर लंबी एमटी-4 के निर्माण का 31 प्रतिशत काम पूर्ण हुआ है। इन सभी पर्वतीय सुरंगों में सबसे लंबी 1,480 मीटर, लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी एमटी-5 में 2 जनवरी 2026 को दोनों सिरे से खुदाई द्वारा 55 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा करने में सफलता मिली है।



### संक्षिप्त समाचार

### मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी घायल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना के दानापुर अनुमंडल अंतर्गत खगौल थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई है। जिसमें गोली लगने से कुख्यात अपराधी मैनेजर राय घायल हो गया है। लंबे समय से पुलिस को दीदारगंज इलाके के रहने वाले मैनेजर राय की तलाश थी। पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी कि मैनेजर राय खगौल क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना के बाद वरीय अधिकारियों को सूचित कर टीम ने अपराधी को पकड़ने का अभियान चलाया।

### गृहरक्षक से हवलदार क्लर्क के 64 पदों पर होगी नियुक्ति

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार गृह रक्षा वाहिनी सेवा संवर्ग में गृहरक्षक (दैनिक कर्तव्य भत्ता भोगी खिलाड़ी सहित) से अधिनायक लिपिक (हवलदार क्लर्क) के 64 पदों पर नियुक्ति होगी। इसके लिए बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग ने शुक्रवार को विज्ञापन जारी किया है। विज्ञापन के तहत गृहरक्षक अभ्यर्थियों से आवेदन 5 जनवरी से 5 फरवरी तक लिये जाएंगे। बिहार गृह रक्षा वाहिनी संगठन के नामांकित और प्रशिक्षित पुरुष, महिला और थर्ड जेंडर को संगठन में कम से कम पांच वर्षों की सेवा होनी चाहिए। जिस तिथि को नियुक्ति पर विचार किया जाएगा, उस तिथि को उनकी सेवा कम से कम 10 वर्ष शेष हो।

### अनियमितता में दरभंगा के खान निरीक्षक निलंबित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य सरकार ने दरभंगा के खान निरीक्षक को विभागीय कार्यों में गंभीर अनियमितता के आरोप में निलंबित कर दिया है। खान एवं भूतत्व विभाग ने अवैध खनन से जुड़े मामलों में सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई की है। शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने दरभंगा के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया कि अवैध खनन में लिप्त दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। कहा कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वास्तविक दोषियों को कठोर दंड मिले तथा निर्दोष व्यक्तियों को अनावश्यक रूप से प्रताड़ित नहीं किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर मिलीभगत या संरक्षण की प्रवृत्ति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### डीआइजी ने इंस्पेक्टर और दारोगा को किया निलंबित

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** चम्पारण क्षेत्र के डीआईजी हरिकिशोर राय ने पूर्वी चंपारण के एक इंस्पेक्टर और महिला दारोगा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दोनों पर आरोपी को लाभ पहुंचाने के लिए कर्तव्यहीनता और अनुशासनहीनता बरतने का आरोप है। ज्ञातव्य हो कि 18 दिसम्बर को जनता दरबार में पूर्वी चंपारण के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात से सुगौली थाना कांड संख्या 438/25 की आवेदिका इमतरी खातून ने अनुसंधानकर्ता पुअनि (दरोगा) निधि कुमारी और पुलिस निरीक्षक (इंस्पेक्टर) अशोक कुमार पाण्डेय पर आरोपी को अनुसन्धान में मदद पहुंचाने का आरोप लगाया था।

### मुख्यमंत्री ने किया पटना के ऐतिहासिक कुम्हरार पार्क का निरीक्षण

## मगध साम्राज्य के ऐतिहासिक अवशेषों को करें संरक्षित : नीतीश कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मगध साम्राज्य के ऐतिहासिक अवशेषों को संरक्षित किए कुम्हरार पार्क का शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने निरीक्षण किया। पार्क में बुलंदीबाग उत्खनन, कुम्हरार उत्खनन, मौर्यकालीन अस्सी स्तंभों वाले विशाल कक्ष आदि के प्रदर्शित मॉडल को देखने के दौरान इससे जुड़ी जानकारियों से अवगत हुए। मुख्यमंत्री ने कृष्णदेव स्मृति सभागार स्थित पाटलीपुत्र दीर्घा में कुम्हरार की मौर्य वास्तुकला, भौतिक सांस्कृतिक आयाम, कुम्हरार उत्खनन संबंधी भग्नावशेष, पाटलीपुत्र की कला, संस्कृतियों के प्रभाव आदि से जुड़ी चित्र प्रदर्शनी को देखा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधीन इस पार्क को और बेहतर तरीके से विकसित करने के लिए भारत सरकार को पत्र लिखने का निर्देश मुख्यमंत्री में उपस्थित पदाधिकारियों को दिया। नीतीश कुमार ने कहा कि कुम्हरार पार्क में मगध साम्राज्य की स्मृतियां संरक्षित हैं। इस बड़े पार्क में काफी संख्या में देश-विदेश से पर्यटक, शोधार्थी व लोग आते हैं। प्राचीन इतिहास से अवगत होते हैं। इसके महत्व को देखते हुए पार्क का बेहतर विकास, सुंदरीकरण और अवशेषों का विशेष संरक्षण होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम समेत अधिकारी मौजूद थे। बता दें कि कुम्हरार पार्क स्थल की वर्ष 1912-15 एवं 1951-55 के बीच दो बार खुदाई की गयी। यहां मौर्यकालीन एक विशाल सभागार का 80 पिलर का अवशेष एक गड्ढे में मिला।



## अधिकारियों की तय होगी जवाबदेही : विजय सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि एग्री स्टैक परियोजना में सुस्ती करने वाले अधिकारियों की जिम्मेवारी तय होगी। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि फार्मर रजिस्ट्री राज्य सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण और प्राथमिकता वाली योजना है। इसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा और भविष्य में सभी कृषि योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि जमाबंदी के बकेट क्लेम एवं सत्यापन में अपेक्षित प्रगति नहीं होना गंभीर विषय है। इसे किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी अंचल अधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी इस कार्य को मिशन मोड में लेते हुए प्रतिदिन लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करें। हमारा उद्देश्य है कि फार्मर रजिस्ट्री शत-प्रतिशत हो ताकि राज्यभर के किसानों की डिजिटल पहचान बने। उन्हें योजनाओं का सीधा लाभ मिले। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव गोपाल मीणा ने निर्देश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि सभी अंचल अधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी ऑनलाइन पोर्टल पर जमाबंदी के बकेट क्लेम एवं सत्यापन का कार्य प्रतिदिन अनिवार्य रूप से करेंगे। कार्य प्रगति का दैनिक अनुश्रवण अंचल अधिकारी एवं अपर समाहर्ता स्तर पर किया जाएगा जबकि मुख्यालय स्तर पर भी इसकी प्रतिदिन समीक्षा होगी।



## छत ढलाई के दौरान करंट लगने से दो मजदूरों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**छपरा।** सारण जिले के हरिहरनाथ थाना अंतर्गत सोनपुर में एक नवनिर्मित मकान की छत ढलाई के दौरान करंट लगने से दो मजदूरों की मौत हो गई जबकि एक मजदूर बाल-बाल बच गया। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और गांव में कोहराम मच गया। मृतकों की पहचान सोनपुर के राहर दियारा निवासी आमोद राय के 20 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार और ब्रह्मदेव राय के 42 वर्षीय पुत्र देवेंद्र राय के रूप में हुई है। बताया गया कि छत ढलाई के दौरान अचानक दोनों मजदूर करंट की चपेट में आ गए जिससे वे बुरी तरह झुलस गए। मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों और स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में घायलों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल सोनपुर पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्वजन अस्पताल और घटनास्थल पर पहुंचे जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने बताया कि दोनों मृतक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वहीं घायल मजदूर का इलाज जारी है।

## किशनगंज में एनआइए की रेड, दो लोगों को उठाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**किशनगंज।** प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के पूर्व बिहार अध्यक्ष महबूब आलम नदवी की गिरफ्तारी के बाद किशनगंज में जांच एजेंसियों की सक्रियता लगातार बनी हुई है। भारत विरोधी गतिविधियों से जुड़े इनपुट मिलने के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम शुक्रवार को चौथी बार किशनगंज पहुंची और सदर थाना में दो संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। एनआईए की इस कार्रवाई को पूरी तरह गोपनीय रखा गया है। शुक्रवार को दिल्ली से पहुंची एनआईए की दो सदस्यीय टीम सीधे किशनगंज सदर थाना पहुंची। यहां पहले से नोटिस दिए गए दो लोगों को थाना बुलाया गया, जिनसे पीएफआई से कथित संबंध और देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता को लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान थाना के जिस कक्ष में एनआईए की टीम मौजूद थी, वहां किसी भी बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक रही। पुलिस अधिकारियों ने भी मामले में कोई विस्तृत जानकारी देने से परहेज किया। एसपी सागर कुमार ने कहा कि पीएफआई से जुड़े मामलों की जांच के सिलसिले में एनआईए की टीम किशनगंज आई है। आपको बता दें 11 सितंबर 2025 को केंद्रीय एजेंसी और किशनगंज पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पीएफआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महबूब आलम नदवी (39) को किशनगंज शहर के हलीम चौक से गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद प्रारंभिक पूछताछ में भारत विरोधी गतिविधियों से जुड़ी कई अहम जानकारियां सामने आने की बात कही जा रही है। इसी क्रम में एनआईए की टीम बार-बार किशनगंज पहुंचकर स्थानीय नेटवर्क की पड़ताल कर रही है। गिरफ्तारी के बाद एनआईए ने किशनगंज के मोहउद्दीनपुर इलाके में नदवी के एक अन्य ठिकाने पर भी छापेमारी की थी। इस दौरान एजेंसी के हाथ कई संदिग्ध दस्तावेज लगे, जिनकी जांच की जा रही है। बताया जाता है कि नदवी मार्च 2025 से गिरफ्तारी के डर से किशनगंज में रह रहा था और हलीम चौक पर एक किराए के मकान में छिपकर रह रहा था।

### मां ने तीन बच्चों संग कुआं में लगायी छलांग, दो की मौत


**जमुई(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सोनो थाना के छप्परडीह गांव में महिला ने तीन बच्चों के साथ कुआं में छलांग लगा दी। इस घटना में दो बच्चों की मौत हो गयी जबकि खुद महिला और बड़ी बेटी गंभीर गंभीर है। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। ग्रामीणों के अनुसार मो. शमशेर की पत्नी रुबेशा खातून गुरुवार की रात अचानक अपने पुत्र आमीर (5), पुत्री आलिशा (7), एक और सबसे बड़ी बेटी को साथ लेकर पास के कुएं में छलांग लगा दी। रात होने के कारण किसी को कुछ पता नहीं चला लेकिन कुछ देर के बाद हल्ला शुरू हो गया। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और रेसक्यू शुरू किया।


## बिहार में अत्याधुनिक हथियारों का होगा निर्माण

### बनेंगे एके-47, मशीन गन, गोले-बारूद और रॉकेट लॉन्चर, लाखों युवाओं को मिलेगा रोजगार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देने के लिए सरकार दो बड़े और रणनीतिक प्रोजेक्ट पर तेजी से काम शुरू करने जा रही है। एक ओर राजधानी पटना को टेक्नोलॉजी और फाइनेंस हब बनाने की योजना है वहीं दूसरी ओर राज्य को रक्षा उत्पादन के बड़े केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी चल रही है। इन दोनों परियोजनाओं से न सिर्फ निवेश बढ़ेगा बल्कि लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए दरवाजे भी खुलेंगे। नई सरकार के गठन के साथ ही पटना में गुजरात की गिफ्ट सिटी की तर्ज पर अत्याधुनिक फिनटेक सिटी बनाने की कवायद तेज हो गई है। इसके लिए पटना जिले के फतुहा अंचल के जैतिया मौजा में 242 एकड़ जमीन को चिन्हित किया गया है। सरकार ने भूमि अधिग्रहण के लिए 408.81 करोड़ रुपये की स्वीकृति दे दी है और जल्द ही अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। यह फिनटेक सिटी पूरी तरह से इंडस्ट्रियल कैंपस के रूप में विकसित की जाएगी। यहां आईटी कंपनियां, बैंकिंग और फाइनेंस संस्थान, फिनटेक स्टार्टअप्स, हाईटेक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स और इनोवेशन हब एक ही परिसर में मौजूद होंगे। सरकार का लक्ष्य राज्य में वित्त, बीमा, बैंकिंग और टेक्नोलॉजी से जुड़ी कंपनियों को आकर्षित करना और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करना है। इस प्रोजेक्ट से पटना को पूर्वी भारत के प्रमुख टेक्नोलॉजी हब के रूप में स्थापित करने की उम्मीद है। दूसरी बड़ी पहल रक्षा क्षेत्र से जुड़ी है। केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद बिहार में डिफेंस कॉरिडोर विकसित करने की तैयारी अंतिम चरण में है। यह कॉरिडोर रक्षा उत्पादन, मैन्युफैक्चरिंग और अत्याधुनिक सैन्य तकनीक पर केंद्रित होगा। पहले चरण में मुंगेर, कैमूर, बांका, जमुई और अरवल में ऑर्डिनेंस कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। इसके अलावा भागलपुर, मुजफ्फरपुर, शेखपुरा और सारण को संभावित स्थान के रूप में चिन्हित किया गया है। डिफेंस कॉरिडोर के तहत एक फैक्ट्री की स्थापना में लगभग 1500 करोड़ रुपये का निवेश अनुमानित है। यहां एके-47 जैसी अत्याधुनिक राइफल, मशीन गन, गोला-बारूद, तोप के गोले, रॉकेट लॉन्चर, ड्रोन और बाय मॉड्यूलर चार्ज सिस्टम का निर्माण किया जाएगा। बाय मॉड्यूलर चार्ज सिस्टम फिलहाल देश में केवल नालंदा जिले में बनता है, जिसका इस्तेमाल तोप और भारी हथियारों की मारक क्षमता बढ़ाने में होता है। सरकार के मुताबिक यह ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कॉरिडोर न सिर्फ देश की रक्षा क्षमता को मजबूती देगा बल्कि बिहार में एक लाख से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी उपलब्ध कराएगा। फिनटेक सिटी और डिफेंस कॉरिडोर-ये दोनों प्रोजेक्ट से बिहार की आर्थिक दिशा को बदल सकते हैं।





आइसीएआर केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान मुंबई में कृषि मंत्री का संबोधन

# 76 प्रतिशत आबादी की आजीविका प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कृषि पर निर्भर : राम कृपाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** मुंबई स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान में आयोजित वैज्ञानिक किसान संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि आज का यह संवाद 'लैब से लैंड' की भावना को और अधिक सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण अवसर है। वैज्ञानिक शोध, नवाचार और किसानों के व्यावहारिक अनुभवों के समन्वय से ही कृषि को लाभकारी एवं टिकाऊ बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है जहां लगभग 76 प्रतिशत आबादी की आजीविका प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है। राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि का योगदान लगभग 21 प्रतिशत है जिससे यह स्पष्ट है कि कृषि का समग्र विकास ही राज्य के विकास की आधारशिला है। इसी दृष्टिकोण के तहत बिहार सरकार कृषि रोड मैप के माध्यम से चरणबद्ध एवं योजनाबद्ध तरीके से कृषि विकास को आगे बढ़ा रही है। मंत्री ने कहा कि बिहार की कृषि अब केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रही है, बल्कि आय वृद्धि, मूल्य संवर्धन और बाजार से जुड़ाव के समग्र दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रही है। इस क्रम में कपास जैसी औद्योगिक एवं नकदी फसल बिहार के किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि बिहार के कई क्षेत्रों में मृदा, जलवायु और श्रम उपलब्धता कपास की खेती के लिए अनुकूल संभावनाएं प्रस्तुत करती हैं। कपास को फसल विविधिकरण के रूप में अपनाने से किसानों की जोखिम क्षमता कम होगी तथा आय के नए स्त्रोत विकसित होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कपास उत्पादन को सफल बनाने के लिए बीज चयन, कीट एवं रोग प्रबंधन, फाइबर गुणवत्ता सुधार तथा लागत घटाने वाली तकनीकों पर वैज्ञानिक सहयोग अत्यंत आवश्यक है। साथ ही कपास आधारित जिनिंग, स्पिनिंग एवं वैल्यू एडिशन इकाइयों की स्थापना से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के व्यापक अवसर सृजित किए जा सकते हैं। कृषि मंत्री ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि वे बिहार-विशेष कपास पैकेज ऑफ प्रैक्टिस, कम अवधि एवं जलवायु-अनुकूल किस्मों, कीट एवं रोग प्रतिरोधी तकनीकों तथा किसान-हितैषी लागत मॉडल पर अपने व्यावहारिक सुझाव साझा करें। उन्होंने यह भी अपेक्षा जताई कि इन सुझावों को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में बिहार में लागू करने की दिशा में संस्थागत सहयोग किया जाए। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने कहा कि बिहार सरकार किसानों को आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षण, बाजार एवं उद्योग से जोड़ने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। किसान- वैज्ञानिक- सरकार की मजबूत साझेदारी से ही टिकाऊ कृषि और समृद्ध किसान का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब किसान समृद्ध होगा, तभी राज्य और देश भी समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में कृषि को विकास का केंद्र बनाकर राज्य को प्रगति की नई दिशा दी जा रही है। कृषि के समग्र विकास से ही बिहार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी, किसानों की आय बढ़ेगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। विकसित बिहार के माध्यम से ही विकसित भारत की संकल्पना को साकार किया जा सकता है।

# मुख्यमंत्री ने जदयू कार्यालय में विडियो कांफ्रेंसिंग हॉल का किया निरीक्षण

## पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से की मुलाकात



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वीरचंद पटेल पथ स्थित जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश कार्यालय पहुंचकर कार्यालय परिसर में बने विडियो कांफ्रेंसिंग हॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार के विभिन्न जिला मुख्यालयों से जुड़े पार्टी के विधायकों, जिलाध्यक्षों, विधानसभा प्रभारी, प्रखण्ड अध्यक्षों से रूबरू हुए। नववर्ष के अवसर पर जिला मुख्यालयों से जुड़े नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने हाथ जोड़कर मुख्यमंत्री का अभिवादन किया तथा उन्हें नववर्ष की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने भी सभी का अभिवादन स्वीकार किया तथा उन्हें नए साल की शुभकामनायें दी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने जदयू कार्यालय परिसर का भी जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने जदयू कार्यालय परिसर में उपस्थित पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। मुलाकात के क्रम में सभी ने मुख्यमंत्री को नववर्ष की हार्दिक बधाई दी। नए साल में पहली बार मुख्यमंत्री के पार्टी कार्यालय पहुंचने पर नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह दिखा। मुलाकात के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी का नए साल में स्वागत है। मैं आप सभी को नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनायें देता हूं। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद ललन सर्राफ, पूर्व मंत्री रंजू गीता सहित बड़ी संख्या में जदयू नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बिहार की बेटियों से माफी मांगे भाजपा : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** सार्वजनिक कार्यक्रम में भाजपा उत्तराखंड सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य के पति गिरधारी लाल साहू ने बेहद ही शर्मनाक बयान दिया कि 'बिहार में 20-25 हजार रुपए में लड़कियां मिल जाती हैं'। ये बातें बेहद शर्मनाक एवं घृणित है। भाजपा को अविलंब इस बयान पर बिहार की बेटियों से माफी मांगनी चाहिए। ये मांग बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने की है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार में महिला सशक्तिकरण मंत्री रेखा आर्य के पति गिरधारी लाल साहू ने सार्वजनिक मंच से बिहार की बेटियों की कीमत लगाना और उनके खरीद-फरोख्त की बात करना भाजपा के चाल चरित्र और चेहरा को बताने के लिए काफी है। भाजपा नेता लगातार बिहार का अपमान बाहरी प्रदेशों में करते हैं और वैसे लोगों को संरक्षण देते हैं।उन्होंने उत्तराखंड की चर्चित घटना जिसमें भाजपा के बड़े नेता को 'स्पेशल सर्विस' देने का दबाव अंकिता भंडारी नामक महिला पर बनाया गया था, मना करने पर उसे इस कदर परेशान किया गया कि उसकी जान ले ली गई थी।

# डॉ प्रेम कुमार ने सेल्यूलर जेल में वीर सावरकर की प्रतिमा पर दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पोर्ट ब्लेयर।** अध्यक्ष बिहार विधानसभा डॉ प्रेम कुमार ने अंडमान-निकोबार प्रवास के दौरान पोर्ट ब्लेयर स्थित ऐतिहासिक सेल्यूलर जेल तथा जिला परिषद, दक्षिण अंडमान परिसर में स्थापित स्वतंत्रता संग्राम के महानायक वीर विनायक दामोदर सावरकर की नव-स्थापित आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों को पूरा राष्ट्र श्रद्धा और सम्मान के साथ नमन करता है। उन्होंने कहा कि सेल्यूलर जेल जैसे ऐतिहासिक स्थल त्याग, साहस, संघर्ष और राष्ट्रप्रेम की अमर गाथा का जीवंत प्रमाण हैं जो हमें निरंतर प्रेरणा देते हैं। डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक को यह जानना आवश्यक है कि भारत को स्वतंत्रता किस प्रकार मिली और अंग्रेजी शासन के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों को कैसी अमानवीय यातनाएं सहनी पड़ीं। उन्होंने कहा कि काला पानी की सजा केवल दंड नहीं, बल्कि अंग्रेजी हुकूमत की घोर क्रूरता का प्रतीक थी। इसके बावजूद राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत स्वतंत्रता सेनानियों ने इन यातनाओं को सहते हुए अपने अदम्य साहस और बलिदान से देश को आजादी दिलाई। वीर विनायक दामोदर सावरकर को स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि सावरकर का संपूर्ण जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और वैचारिक दृढ़ता का प्रतीक है। उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। इसके उपरांत डॉ प्रेम कुमार ने पोर्ट ब्लेयर स्थित फ्लैग प्वाइंट का भी भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि यही वह ऐतिहासिक स्थल है, जहां वर्ष 1943 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने पहली बार भारत माता का तिरंगा फहराया था। यह स्थल देशवासियों में स्वाभिमान, आत्मगौरव और राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक सशक्त करता है।

# पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के नए अध्यक्ष बने डॉ. परम प्रकाश राय



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** मगध विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अध्यक्ष पद पर डॉ. परम प्रकाश राय की नियुक्ति की गई है। इस संबंध में कुल सचिव द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। डॉ. परम प्रकाश राय वर्तमान में मगध विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में कार्यरत हैं और अब उन्हें पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति की सूचना मिलते ही विश्वविद्यालय परिसर में शिक्षकों और कर्मचारियों में प्रसन्नता का माहौल देखा गया। विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर बृजेश कुमार राय ने डॉ. परम प्रकाश राय को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। वहीं पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के शिक्षकों में डॉ. आनंद कुमार सिंह, डॉ. राकेश कुमार रंजन, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. विनय कुमार सिंह और डॉ. अंबे कुमारी ने भी डॉ. परम प्रकाश राय को अध्यक्ष बनाए जाने पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की।

# चेन पुलिंग में 1032 तथा महिला डिब्बे में यात्रा करने वाले 2629 पुरुष यात्री लिए गए हिरासत में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है। इसी क्रम पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। ताकि ट्रेनें अनावश्यक रूप से विलंब न हो। ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत पिछले माह 1.12.2025 से 31.12.2025 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 1032 लोगों को हिरासत में लिया गया। इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई। ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत इस दौरान सर्वाधिक 429 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि समस्तीपुर मंडल में 266, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 131, सोनपुर मंडल में 116 तथा धनबाद मंडल में 90 लोगों को हिरासत में लिया गया। इसी तरह महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर ऑपरेशन 'महिला सुरक्षा' के तहत महिला कोच में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ भी धर-पकड़ अभियान चलाया गया। ऑपरेशन 'महिला सुरक्षा' के तहत पिछले माह 1.12.2025 से 31.12.2025 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों पर महिला कोच में यात्रा करने के आरोप में रेल अधिनियम की धारा 162 के तहत 2629 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया। इनमें सर्वाधिक 1371 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 706, समस्तीपुर मंडल में 240, सोनपुर मंडल में 166 तथा धनबाद मंडल में 146 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया।

# पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी की जयंती पर होगा राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** सुशील कुमार मोदी स्मृति शोध संस्थान द्वारा पटना में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस को संबोधित करते हुए संस्थान के अध्यक्ष एवं कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय गुप्ता ने जानकारी दी कि आगामी 5 जनवरी 2026 को बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ राजनेता स्व. सुशील कुमार मोदी की जयंती के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, जीतन राम मांझी, चिराग पासवान, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, एन डी ए के केंद्रीय एवं राज्य के मंत्री गण, सांसद, विधायक, विधान पार्षद, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी गण सहित पद्मश्री, उद्योग जगत, धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के विशिष्ट जनों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संजय गुप्ता ने कहा कि स्व. सुशील कुमार मोदी केवल एक कुशल राजनेता ही नहीं, बल्कि आधुनिक बिहार के आर्थिक, नीतिगत एवं संगठनात्मक पुनर्गठन के प्रमुख वास्तुकार थे। बिहार को 'बीमारू' राज्य की छवि से बाहर निकालकर विकास की मुख्यधारा में स्थापित करने, जीएसटी जैसे जटिल आर्थिक सुधारों में बिहार का सशक्त नेतृत्व करने तथा शासन व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में उनका योगदान ऐतिहासिक और अविस्मरणीय रहा है। यह समारोह उनके 'विकसित बिहार' के स्वप्न को साकार करने की भावना को समर्पित होगा। उन्होंने आगे कहा कि सुशील कुमार मोदी सदैव बौद्धिक विमर्श, शोध एवं नीति आधारित विकास के प्रबल समर्थक रहे। इसी वैचारिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष के समारोह में बिहार के प्रमुख शोधकर्ताओं एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही चुनिंदा संस्थाओं को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा। वहीं पूरे प्रदेश में पूर्व संध्या पर और 7 से 9 जनवरी 26 तक वृक्षारोपण, रक्तदान, कम्बल वितरण, दिव्यांगों के बीच कृत्रिम अंग वितरण, चश्मा वितरण, नेत्रहीन विद्यालयों में वस्त्र एवं भोजन वितरण सहित कई सेवा कार्यों के माध्यम से उन्हें नमन किया जाएगा।

# महिला कॉलेज खगौल एवं प्रेम यूथ फाउंडेशन के बीच इंटर्नशिप को लेकर हुआ एमओयू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** नई शिक्षा नीति के अंतर्गत महिला कॉलेज खगौल एवं प्रेम यूथ फाउंडेशन के बीच इंटर्नशिप को लेकर एमओयू हुआ है। मौके पर उपस्थित कॉलेज के प्राचार्या डॉ उषा विद्यार्थी ने कहा कि नई शिक्षा नीति में छात्राओं के लिए इंटर्नशिप बहुत ही लाभकारी साबित हो रहा है। इससे छात्राओं को सर्वांगीण विकास में काफी मददगार है। किताब के साथ-साथ चरित्र निर्माण, जीवन कौशल पर विशेष बल दिया जा रहा है। कॉलेज के छात्राओं को एक्सपोजर विजिट कराया जायेगा। वही प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि इंटर्नशिप छात्र-छात्राओं के हित में उठाया गया बहुत बड़ा कदम है। फाउंडेशन डिजाइन फॉर चेंज, युवा नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकास, जलवायु परिवर्तन, सायबर सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, एनजीओ मैनेजमेंट के विषय पर 60 से लेकर 120 घंटा का इंटर्नशिप कराया जा रहा है।

# माघ मेला 2026 को लेकर गया रेलवे स्टेशन पर संयुक्त फ्लैग मार्च, यात्रियों की सुरक्षा पर विशेष जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** माघ मेला 2026 के अवसर पर यात्रियों की संभावित भीड़ और उनकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गया रेलवे स्टेशन परिसर में सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क नजर आईं। इसी क्रम में शुक्रवार को रेलवे सुरक्षा बल, रेलवे सुरक्षा विशेष बल और राजकीय रेल पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से गया रेलवे स्टेशन पर फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च गया रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म संख्या एक से आठ, फुट ओवर ब्रिज, प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, पार्किंग क्षेत्र सहित स्टेशन के सभी संवेदनशील स्थलों पर किया गया। इस दौरान सुरक्षा बलों की सक्रिय मौजूदगी से स्टेशन परिसर में अनुशासन और सतर्कता का माहौल बना रहा। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य यात्रियों में सुरक्षा का भाव पैदा करना, असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखना और किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम सुनिश्चित करना रहा।

# मगध विश्वविद्यालय के नए डीएसडब्ल्यू बने प्रो. प्रमोद चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गया।** मगध विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण अधिष्ठाता के पद पर प्रोफेसर प्रमोद कुमार चौधरी की नियुक्ति की गई है। इस संबंध में दो जनवरी 2026 को विश्वविद्यालय के कुल सचिव प्रोफेसर विनोद कुमार मंगलम द्वारा अधिसूचना जारी की गई। यह नियुक्ति आगामी दो वर्षों की अवधि के लिए की गई है। ज्ञात हो कि पूर्व छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर बृजेश कुमार राय की सेवानिवृत्ति 31 दिसंबर को हो गई थी। इसके उपरांत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही द्वारा प्रोफेसर प्रमोद कुमार चौधरी को यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई। नियुक्ति के दिन ही प्रोफेसर प्रमोद कुमार चौधरी ने छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय में औपचारिक रूप से अपना योगदान दिया। इस अवसर पर पूर्व डीएसडब्ल्यू प्रोफेसर बृजेश कुमार राय ने विधिवत रूप से उन्हें पदभार सौंपा। योगदान के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल देखा गया। प्रोफेसर चौधरी को नई जिम्मेदारी मिलने पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, छात्र और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और उन्हें बधाई दी। सभी ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में छात्र कल्याण से जुड़े कार्यों को नई दिशा मिलेगी और विश्वविद्यालय में शैक्षणिक व सह-पाठ्य गतिविधियों को मजबूती प्राप्त होगी।

# बिहार के लोगों में प्रबल हो रही धार्मिक चेतना : प्रो रणबीर नंदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के लोगों में धार्मिक चेतना और सनातन के प्रति आस्था प्रबल हो रही है। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि नए साल के पहले ही दिन बिहार की धरती पर यह दृश्य देखने को मिला। अंग्रेजी नववर्ष की सुबह जहां पहले पिकनिक स्पॉट और पर्यटन स्थलों पर भीड़ दिखती थी, वहीं इस बार प्रदेश के लगभग हर छोटे-बड़े मंदिर और देवालय में श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। खास बात यह रही कि इस भीड़ में युवाओं की संख्या अपेक्षाकृत अधिक नजर आई। लंबी कतारों में खड़े युवा हाथों में पूजा की थाली लिए नए साल की शुरुआत मंदिरों में देव दर्शन से करते दिखे। प्रो. नंदन के अनुसार 18 सितंबर को धार्मिक न्यास पर्षद द्वारा आयोजित समागम और सम्मेलन का सकारात्मक प्रभाव अब स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। इसका असर न केवल सामाजिक माहौल में, बल्कि जनमानस की सोच और प्राथमिकताओं में भी दिखाई दे रहा है जो एक जनवरी की भीड़ से साफ झलकता है। प्रो नंदन ने कहा कि एक जनवरी को बिहार के सभी 38 जिलों में यही तस्वीर रही। बैकठपुर शिव मंदिर, मां पटनदेवी, हनुमान मंदिर,पटना जंक्शन, दरभंगा हाउस काली मंदिर से लेकर सिद्धेश्वरी काली मंदिर तक,गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी, हजारों श्रद्धालुओं की आवाजाही सुबह से ही बनी रही।


# एलआईसी पॉलिसीधारकों की बंद पड़ी पॉलिसियां होंगी बहाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने 1 जनवरी से 2 मार्च 2026 तक एक विशेष पुनरुद्धार अभियान शुरू किया है जिससे लैप्स हो चुकी व्यक्तिगत बीमा पॉलिसीधारकों को अपना कवरेज बहाल करने की सुविधा मिलेगी। यह अभियान बड़ी देर शुल्क छूट प्रदान करता है जिसमें गैर-लिंक्ड योजनाओं के लिए 30% तक (अधिकतम 5,000) और माइक्रो बीमा योजनाओं के लिए 100% छूट शामिल है। प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान लैप्स हुई पॉलिसियों को पांच साल के भीतर बहाल किया जा सकता है, बशर्ते वे पॉलिसी की शर्तों को पूरा करती हों। इस पहल का उद्देश्य पॉलिसीधारकों को वित्तीय सुरक्षा वापस दिलाने में मदद करना है। भारतीय जीवन बीमा निगम ने एक राष्ट्रव्यापी विशेष पुनरुद्धार अभियान शुरू किया है जिसे पॉलिसीधारकों को उनकी लैप्स हो चुकी व्यक्तिगत बीमा पॉलिसियों को फिर से सक्रिय करने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। 1 जनवरी से 2 मार्च 2026 तक चलने वाली यह पहल, देर शुल्क पर आकर्षक वित्तीय छूट प्रदान करती है जिससे पॉलिसीधारकों को अपनी वित्तीय सुरक्षा को फिर से स्थापित करने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर मिलता है। यह अभियान विशेष रूप से योग्य गैर-लिंक्ड और माइक्रो बीमा योजनाओं को लक्षित करता है जिसका उद्देश्य उन ग्राहकों को वापस लाना है जो अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण भुगतान में पिछड़ गए होंगे। यह ग्राहक प्रतिधारण और मूल्यवान कवरेज को बहाल करने के प्रति एलआईसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कई बीमा पॉलिसियां तब लैप्स हो जाती हैं जब पॉलिसीधारक समय पर प्रीमियम का भुगतान नहीं कर पाते हैं। इन लैप्स हुई पॉलिसियों का मतलब है व्यक्ति और उनके परिवार के लिए बीमा सुरक्षा का नुकसान, और बीमाकर्ता के लिए व्यवसाय का नुकसान। पुनरुद्धार अभियान दोनों पक्षों के लिए महत्वपूर्ण हैं, जो पॉलिसीधारकों को एक नई पॉलिसी लेने या उच्च प्रीमियम से बचते हुए अपना कवरेज सुरक्षित करने का मौका देते हैं। इस पुनरुद्धार अभियान से एलआईसी के पॉलिसीधारक आधार और भविष्य के प्रीमियम संग्रह में वृद्धि होने की उम्मीद है। छूट की पेशकश करके, एलआईसी पॉलिसीधारकों को बकाया राशि का भुगतान करने और कवरेज को बहाल करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। विशेष रूप से माइक्रो बीमा के लिए देर शुल्क पर 100% छूट, महत्वपूर्ण है लेकिन संभवतः पॉलिसीधारक को पूरी तरह से खोने की तुलना में कम लागत वाली होगी। अभियान का लक्ष्य दृढ़ता अनुपात में सुधार करना और ग्राहक संबंधों के दीर्घकालिक मूल्य को बढ़ाना है।

# डीएम ने समस्याओं के समाधान हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह द्वारा समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभाकक्ष में जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी जिला राजस्व प्रशाखा, निदेशक डीआरडीए, जिला विकास पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी अंचलाधिकारी एवं जिला मुख्यालय स्थित सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा भाग लिया गया। उक्त जनता दरबार में कुल 92 व्यक्ति उपस्थित हुए जिन्हें विषयवार / विभागवार यथा- राजस्व, विकास, विद्युत, लोक स्वास्थ्य एवं अन्य विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं / शिकायतों को अलग-अलग पंक्तियों में बैठाकर सभी आवेदकों से जिला पदाधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों यथा- अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी एवं अन्य सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ एक-एक करके सभी आवेदकों से साक्षात्कार करते हुए उनके समस्याओं को सुना गया तथा उनसे प्राप्त आवेदन पत्रों पर त्वरित निष्पादन करने हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक निदेशों के साथ तत्काल कार्रवाई करने हेतु हस्तगत करा दिया गया। लोक साक्षात्कार के समय ही शिकायत एवं समस्याओं के समीक्षोपरान्त ऐसे आवेदन पत्रों को जिसमें लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत सुनवाई के योग्य थे, वैसे आवेदकों के शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई करते हुए नियमानुसार त्वरित निष्पादन करने का निदेश के साथ संबंधित लोक शिकायत निवारण पदाधिकारियों यथा- सासाराम, बिक्रमगंज एवं डिहरी को जनता दरबार में ही हस्तगत करा दिया गया। सभी प्राप्त आवेदन पत्रों के निष्पादन कराये जाने हेतु ऑन लाइन कराया गया तथा संबंधित लोक शिकायत निवारण पदाधिकारियों के द्वारा पंजीयन की कार्रवाई भी प्रारम्भ करा दिया गया। ताकि आवेदनकर्ताओं के द्वारा अपने आवेदन पत्रों पर किये गये कार्रवाईयों के बारे में अद्यतन जानकारी प्राप्त किया जा सके। इसके अतिरिक्त कुछ आवेदकों के आवेदन पत्रों यथा- आवेदक कामता सिंह, ग्राम / पोस्ट- मसोना, प्रखंड-संझौली के द्वारा दाखिल खारिज करने हेतु आवेदन दिया गया जिसे निष्पादन हेतु अंचलाधिकारी, संझौली को निदेशित किया गया। आवेदिका-गीता देवी, पति-स्वर्गीय उदय कुमार, ग्राम राजपुतान मोहल्ला, वार्ड नंबर- 33, पोस्ट+थाना, प्रखंड-डिहरी के द्वारा बाल संरक्षण इकाई में पैसा चालू कराने के संबंध में आवेदन दिया गया जिसे अविलंब निष्पादन हेतु जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) रोहतास को अग्रसारित किया गया। आवेदक- असलम अंसारी, ग्राम-पोस्ट-रायपुर चोर, थाना-बड्डी के द्वारा उत्पन्न भूमि विवाद को सुलझाने हेतु आवेदन दिया गया जिसे निष्पादन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम को निदेशित किया गया। आवेदिका-शान्ता रानी, ए.एन.एम. (संविदा), उप स्वास्थ्य केंद्र-मुंझी, प्रखंड-काराकाट के द्वारा स्थानान्तरण करने के संबंध में आवेदन प्राप्त किया गया जिसे निदान हेतु सिविल सर्जन, रोहतास को अग्रसारित किया गया। आवेदक अंजनी कुमार गुप्ता, पिता- स्वर्गीय कन्हैया लाल गुप्ता, साकिन- बराढ़ी गोला (राजपुर रोड), पोस्ट/थाना-अकोढ़ीगोला के द्वारा मौजा-बराढ़ी, अकोढ़ीगोला खरीदगी भूमि 3 डी. में से 1.5 डी. भूमि पर दखल दिलाने हेतु आवेदन दिया गया जिसे शीघ्र निष्पादन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डिहरी को निर्देशित किया गया। इसी प्रकार शेष प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को संबंधित कार्यालयों/ संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता को ले डीएम ने ध्वनि रथ को किया रवाना




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत 2 जनवरी 2026 को जिला पदाधिकारी उदिता सिंह द्वारा आमजनों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर से सड़क सुरक्षा ध्वनि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक मनाया जा रहा है। लोगों के बीच जागरूकता के उद्देश्य से अलग-अलग तिथि को जिले में विभिन्न तरह के कार्यक्रम भी चलाया जाएगा। इस बीच ध्वनि रथ के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों, सुरक्षित ड्राइविंग एवं सावधानियों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि रोहतास जिले में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाएं चिंताजनक हैं, ऐसे में सभी नागरिकों को जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। जिला पदाधिकारी ने विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करने तथा चार पहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन पुलिस के डर से नहीं, बल्कि स्वयं की एवं अपने परिवार की सुरक्षा के लिए किया जाना चाहिए। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया कि वे सड़क सुरक्षा माह के दौरान चलाए जा रहे अभियानों में सक्रिय सहयोग करें और यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित सड़क सुरक्षा नियमों को अपनाएं।

## एनसीसी कैडेट्स का आरएसके पब्लिक स्कूल बस्तीपुर ने किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** आरएसके पब्लिक स्कूल, बस्तीपुर के तत्वावधान में 29/42 बिहार बटालियन एनसीसी के कैडेट्स का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम वीर विरसा मुंडा साइक्लोथॉन चरण– I के अंतर्गत झारखंड की राजधानी रांची से भारत की राजधानी नई दिल्ली की ओर प्रस्थान कर रहे एनसीसी कैडेट्स के सम्मान में आयोजित किया गया। ये कैडेट्स 26 जनवरी 2026 को नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने जा रहे हैं। यह स्वागत समारोह 2 जनवरी 2026 को डिहरी ऑन सोन स्थित वीर कुंवर सिंह चौक के समीप एनएच-2 (ग्रैंड ट्रंक रोड) पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आरएसके पब्लिक स्कूल के निदेशक आनंद सिंह, उपनिदेशक रंजन कुमार सिंह, प्रधानाचार्य राज नारायण सिंह, एनसीसी प्रशिक्षक बादल गुरु एवं अरुण कुमार, साथ ही विद्यालय के 50 एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे। इस अवसर पर साइक्लोथॉन में शामिल सभी एनसीसी अधिकारियों एवं कैडेट्स का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया तथा जलपान कराकर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। इस साइकिल अभियान का नेतृत्व कर्नल अनिल कुमार यादव एवं लेफ्टिनेंट कर्नल पी. वी. शर्मा द्वारा किया जा रहा है। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह ने एनसीसी कैडेट्स के अनुशासन, साहस एवं देशभक्ति की सराहना करते हुए कहा–एनसीसी कैडेट्स देश का गौरव है। हमें पूर्ण विश्वास है कि हमारे विद्यालय के कैडेट्स भी शीघ्र ही गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के लिए देश की राजधानी नई दिल्ली पहुंचेंगे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति के नारों,

# भारत माला परियोजना में मुआवजा नहीं मिलने से किसानों ने काम को किया बाधित

## जिलाध्यक्ष विमलेश पांडेय ने 4 जनवरी को रामपुर प्रखंड में किसानों की बुलाई बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर(कैमूर)।** भारत माला परियोजना- कैमूर जिले के प्रभावित किसानों को मुआवजा भुगतान करने में भू-अर्जन विभाग एवं एनएचएआई के द्वारा लापरवाही बरतने का आरोप लगाने के बाद किसानों ने एक्सप्रेस-वे निर्माण कार्य को रोक दिया है। किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर के जिलाध्यक्ष विमलेश पांडेय ने किसानों को मुआवजा देने में भू-अर्जन विभाग एवं एनएचएआई की उदासीन एवं नकारात्मक रवैया से आजीज आकर भारी संख्या में किसानों के साथ एक्सप्रेस-वे निर्माण कार्य को रोक दिया। किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर एवं भारतीय किसान मजदूर यूनियन कैमूर के नेतृत्व में किसान आंदोलन शुरू करने के लिए किसानों की बड़ी बैठक बुलाई गई है। कैमूर जिले में चांद, चैनपुर, भभुआ, भगवानपुर एवं रामपुर प्रखंड में भारत माला परियोजना बनारस रांची टु कोलकाता एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए किसानों की सैकड़ों एकड़ जमीन अधिग्रहण की गई है। 57 किलोमीटर से अधिक लंबी एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए सरकार एवं किसानों के बीच लंबा संघर्ष चला। किसानों ने उचित मुआवजा की बात पर सहमति के बाद परियोजना का काम शुरू हुआ। जिलाधिकारी एवं किसानों के प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता में तय हुआ कि किसानों के खाते में मुआवजा की राशि ट्रांसफर करते जाएं और एक्सप्रेस-वे निर्माण कार्य करते जाएं। पिछले चार महीने से एक्सप्रेस-वे निर्माण कार्य जारी है किसानों को मुआवजा की राशि तेजी से भुगतान नहीं हो पा रहा है। विमलेश पांडेय जिलाध्यक्ष किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर ने कहा किसानों को बिना मुआवजा की राशि भुगतान किए एक्सप्रेस-वे निर्माण कार्य करना गलत है। उन्होंने कहा मुआवजा भुगतान में देरी होने की सूचना जिलाधिकारी भू अर्जन विभाग एवं एनएचएआई कई बार दी गई। उन्होंने कहा अधिकारियों के द्वारा किसानों की मुआवजा देने की समस्यायों को दूर नहीं किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा नाराज किसानों ने बसनी पसाई आदि गांवों में एक्सप्रेस-वे निर्माण कार्य को रोक दिया और काम करने वाले कर्मियों को हटा दिया। विमलेश पांडेय ने कहा पूरे जिले में काम रोकने के लिए किसानों की बड़ी बैठक आगामी 4 जनवरी को रामपुर प्रखंड में बुलाई गई है। जिलाध्यक्ष भारतीय किसान मजदूर यूनियन कैमूर ने कहा किसानों को मुआवजा की राशि भुगतान जल्द नहीं किया गया तो पूरे जिले में भारत माला परियोजना का काम ठप्प कर दिया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने कहा एनएचएआई से अधिकृत पीएनसी कंपनी के द्वारा निर्माण कार्य में गैर कानूनी तरीके अपनाते का आरोप लगता रहा है।

# वरिष्ठ नागरिकों का केवाईसी कराने के लिए गांवों में कैम्प लगाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन ने वृद्धापेंशन के लिए वरिष्ठ नागरिकों का केवाईसी कराने के लिए प्रत्येक गांवों में कैम्प लगाने की मांग सरकार से किया है। स्थानीय पेंशनर भवन में गुरुवार को आयोजित संघ की मासिक बैठक को सम्बोधित करते हुए संघ के राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेय एलौन ने कहा कि 26 दिसम्बर को अखबार में इस आशय की खबर प्रकाशित होने के बाद वरिष्ठ नागरिकों में अफरा-तफरी है। कड़ाके की ठंड में वे प्रखण्ड कार्यालय एवं साइबर कैफे का चक्कर लगा रहे हैं वही साइबर वाले रात में सर्वर आने की बात करते है जिसमें बुजुर्ग परेशान हो रहे हैं। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सचितानंद सिह व संचालन हरिनाथ राम तथा सतेंद्र नारायण ने संयुक्त रूप से किया जिसने वृद्धापेंशन, विधवा व दिव्यांग पेंशन की राशि 11 सौ से बढ़ाकर दो हजार करने, बन्द की गई रेल किराया छूट को फिर से बहाल कराने, साठ से सतर साल उम्र वाले बुजुर्गों को भी आयुष्मान भारत योजना में शामिल करने, पुलिस थानों में सीनियर सिटीजन सेल का गठन कराने, ठंढ से बचाव के लिए चौक चौराहों पर पर्याप्त अलाव की व्यवस्था कराने की मांग सरकार से की गई। मौके पर पत्रकार सुनील तिवारी, प्रो.तेजनारायण पांडेय, हरिनाथ राम, शिवमूरत सिंह, अशोक श्रीवास्तव, अधिवक्ता रंगबहादुर पांडेय, वीरेंद्र पांडेय, उषारानी, शिवपुजन सिंह, राजेन्द्र सिंह, बबन सिंह, बिरजू पटेल, मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, ददन यादव, सिधेश्वर कुशवाहा, बैरिस्टर सिंह, बाबूलाल चौबे सहित अन्य उपस्थित थे।

## मुंडेश्वरी मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** नववर्ष के अवसर पर कैमूर जिले के प्रवरा पहाड़ी पर स्थित देश के प्राचीनतम शक्ति पीठों में शामिल मां मुंडेश्वरी मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की दुआ मांगी। धार्मिक न्यास समिति के सचिव अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मां की दर्शन पूजन के लिए सुबह से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। उन्होंने बताया कि विधि व्यवस्था संधारण को लेकर धाम परिसर में जगह-जगह पर दंडाधिकारी, पुलिस अफसर एवं भारी संख्या में जवानों की तैनाती की गई थी। इधर पहली जनवरी को जिले के कैमूर पहाड़ी की प्राकृतिक छटाओं के बीच स्थित दुर्गावती जलाशय परियोजना, जगदहवा डैम, तेलहाड कुंड व करकट गढ़ जलप्रपात आदि स्थानों पर भारी संख्या में लोग परिवार के सदस्यों के साथ पहुंचकर पिकनिक मनाया। प्रशासन द्वारा सभी पिकनिक स्पॉट पर सुरक्षा का पुख्ता बंदोबस्त किया गया था।


**NAME CHANGE**

I ARMAN KHATOON alias ARMANA KHATOON W/O NOOR ZAFAR R/O Village Dhobwalia Post U R Ke Bangra Gopalganj Bihar-841428, have changed my name to ARMANA KHATOON.


# माघ मेला के मद्देनजर डीडीयू जंक्शन पर मंडल रेल प्रबंधक का निरीक्षण

## होल्डिंग एरिया, टिकटिंग, सफाई व सुरक्षा प्रबंधन पर विशेष ध्यान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** माघ मेला-2026 के अवसर पर संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा आज पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार सहित सभी शाखा अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सर्कुलेटिंग एरिया, मुख्य भवन में प्रस्तावित होल्डिंग एरिया, नियंत्रित प्रवेश प्रणाली, यात्री प्रतीक्षालय, फुट ओवरब्रिज, दक्षिणी छोर स्थित टिकट काउंटर, प्लेटफॉर्म संख्या 7/8 एवं 1/2, नवीन फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर स्थित सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष, विशेष पर्व नियंत्रण कक्ष तथा विश्राम कक्षों की स्थिति, शौचालय की उपलब्धता व स्थिति का गहन अवलोकन किया गया।

मेला अवधि में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की संभावित आवाजाही को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त व्यवस्था की जा रही है। यात्रियों की सुविधा हेतु स्टेशन के दोनों छोर पर पीआरएस काउंटर, प्रवेश द्वारों पर मोबाइल यूटीएस काउंटर तथा 'रेलवन' ऐप के माध्यम से आरक्षित, अनारक्षित एवं प्लेटफॉर्म टिकट की बुकिंग की सुविधा उपलब्ध है। स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन के लिए होल्डिंग एरिया चिन्हित किए गए हैं जहां यात्रियों के बैठने, प्रतीक्षा एवं सूचना प्राप्ति की समुचित व्यवस्था की गई है। सहायता बूथ कार्यरत हैं। प्लेटफॉर्म पर अनावश्यक भीड़ से बचाव हेतु यात्रियों को होल्डिंग एरिया में ही प्रतीक्षा करने का अनुरोध किया गया है।

स्टेशन पर स्थापित विशेष पर्व नियंत्रण कक्ष एवं मंडल कार्यालय स्थित वॉर रूम के माध्यम से 24गुणे 7 निगरानी रहेगी। सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन हेतु आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित रखें।

रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि वे अपनी यात्रा संबंधी आवश्यकताओं हेतु 'रेलवन' ऐप का प्राथमिकता से उपयोग करें। यह ऐप एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करता है जिसके माध्यम से यात्री आरक्षित, अनारक्षित एवं प्लेटफॉर्म टिकट की बुकिंग, ट्रेन की लाइव स्थिति, पीएनआर स्टेटस, कोच पोजिशन, ऑनबोर्ड भोजन बुकिंग, शिकायत/सुझाव पंजीकरण, पार्सल ट्रैकिंग एवं अन्य सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर प्राप्त कर सकते हैं। ऐप के माध्यम से डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देते हुए स्टेशन पर कतारों में लगने की आवश्यकता भी कम होती है। यात्रियों से अपेक्षा की जाती है कि वे स्टेशन पर प्रदर्शित संकेतों एवं कर्मचारियों के निर्देशों का पालन करें तथा किसी भी असुविधा की स्थिति में निकटतम रेलकर्मी से सहायता प्राप्त करें।


**कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज (पलामू)**
Email id:-np.hariharganj@gamil.com

**–: आम सूचना :–**

पर्यावरण संरक्षण अधिनियम– 1986 एवं Plastic waste Management Rule 2021 (संसोधन) के तहत Single Use Plastic एवं 120 Micron से कम का प्लास्टिक का प्रयोग एवं भंडारण पूर्णतः प्रतिबंधित है, यदि कोई भी व्यवसायी / दुकानदार / व्यक्ति के द्वारा उपयोग एवं भंडारण करते हुए पकड़ा जाता है तो 100000.00 (एक लाख रूपये) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

अतः हरिहरगंज नगर पंचायत के सभी नागरिको से अनुरोध है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग नही करते हुए पर्यावरण को दुष्प्रभाव होने एवं स्वास्थ्य पर प्रतिकुल प्रभाव के बचाने हेतु सहयोग प्रदान करें।

**समुदाय से अनुरोध है कि प्लास्टिक अपशिष्ठ प्रबंधन में :–**

| क्या करें | क्या नही करें |
|---|---|
| संग्रहण के लिए जूट बैग, कागज के बैग, कपडे के बैग, कांच के मर्तबान का उपयोग करें | एकल उपयोग प्लास्टिक का उपयोग एवं भंडारण |
| प्लास्टिक अपशिष्ट का पृथक्करण | प्लास्टिक अपशिष्ट को खुले में / सार्वजनिक स्थानों पर फेंकना |
| बोतलें, खाद्य पदार्थो के डिब्बे में खाना बचा ना हो | प्लास्टिक के कचरे को खुले में जलाना |
| बहुत सारी प्लास्टिक बैग को उड़ने से बचाने और कचरा फैलने से रोकने के लिए एक बैग में रखें | रिसाइकल करने योग्य प्लास्टिक को रिसाइकल करने के लिए भेजना या नगर पंचायत हरिहरगंज को सौपना |
| | जहरीली प्लास्टिक सामग्री जैसे पेंट के डिब्बे, कीटनाशक के डिब्बो को रिसाइकल करना या नगर पंचायत हरिहरगंज को सौपना |
| | प्लास्टिक अपशिष्ट के साथ ई–अपशिष्ट, कांच, धातू आदि मिलाना |

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हरिहरगंज।

PR 369888 (District) 25-26 (D)


# डा. रंगेश्वर पाण्डेय नहीं रहे, मंन्दिर समिति ने जताया शोक


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी बाजार स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के प्रधान पुजारी आचार्य डा. रंगेश्वर पाण्डेय (68)का उनके गांव नोखा प्रखंड के बभनपुरवा गांव में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार वाराणसी स्थित मणिकर्णीका घाट पर किया गया। उनके पुत्र मुकेश पाण्डेय ने मुखाग्नि दी। उनके निधन पर मंदिर कमिटी ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करनेवालों में दिलीप सरावगी, अर्जुन केशरी, विजय गुप्ता, अनुज गुप्ता, ओम केजरीवाल, जय प्रकाश कश्यप आदि शामिल थे। वक्ताओं ने कहा कि आचार्य डा. पाण्डेय कर्मकांड के विद्वान थे। वे आयुर्वेद के चिकित्सक थे। चिकित्सा सेवा छोड़ तीन दशक से हनुमान जी की सेवा में लगे थे। उनके असामयिक निधन से मंदिर समिति को काफी दुखी है। सभी ने प्रभु हनुमान से उनकी आत्मा की शांति व परिजनों को दुख की घड़ी में सहन सकती प्रदान करने की प्रार्थना किया है।

## धूमधाम से मना केरला पब्लिक स्कूल का 11वां वार्षिकोत्सव

### बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मोहा मन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरुआ।** प्रखंड के भरौंधा ग्रामीण क्षेत्र में स्थित केरला पब्लिक स्कूल का 11वां वार्षिकोत्सव शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन आमस प्रमुख लड्डन खान ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के दौरान आमस प्रमुख लड्डन खान ने कहा कि केरला पब्लिक स्कूल पिछले 11 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए विश्वसनीय विद्यालय केरला पब्लिक स्कूल में नामांकन कराएं क्योंकि शिक्षा ही सफलता प्राप्त करने का एकमात्र सशक्त माध्यम है।

स्थापना दिवस एवं वार्षिकोत्सव के अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बच्चों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विशिष्ट अतिथियों को विद्यालय के निदेशक भीम राज यादव द्वारा अंगवस्त्र एवं माला


**Jharkhand UrjaSancharan Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
Regd. Office:SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address - Sudna, Daltonganj/e-mail : gmtzdal@gmail.com

**SHORT TENDER NOTICE**

Sealed tender are invited in in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes superscribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work :-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non refundable) | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 664/PR/JUSNL/ 2025-26 | Procurement of hardware material for Re-sagging work of conductor in 132Kv Rihand- Garhwa Road Transmission Line | Rs. 1476/- (including GST @ 18%) | Rs. 16500/- |

1. Start date and time for sale of Tender Documents **03.01.2026** at 12:00 PM.
2. Last date and time for submission of tender upto **19.01.2026** at 12:00 PM.
3. Date and time for opening of tender : **19.01.2026** at 15:00 PM.
4. Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D. drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj payable at Daltonganj on any working day.
5. No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
6. The under signed reserves the right to issue the tender documents/ extend the date of sale/submission/opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/ all tenders without assigning any reason thereof.
7. If there is sudden announcement of holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
8. For any clarifications please contact on Mobile No. 9973936358.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone - IV, Medininagar

PR 369912 Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd(25-26)D

## एक नजर

### एक महीने से पेंशन की राशि के लिए बैंक का चक्कर काट रहे वृद्ध

**नरहट (नवादा)/नबिटा संवाददाता।** प्रखण्ड के जमुआरा पंचायत अंतर्गत काजीपुर निवासी रामचन्द्र चौधरी करीब 90 वर्षीय पिता त्रिलोकी चौधरी को कड़ाके की ठंड में ठेला रिक्शा पर पेंशन के लिए एक महीने से दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक ब्रांच छोटा शेखपुरा का चक्कर लगा रहे हैं। रामचंद्र चौधरी ने काफी गुस्से में मीडिया को बताया कि पिता जी को तीन महीने से पेंशन नही मिला है। शुक्रवार को भी अपने पिता को लेकर बैंक पहुचे और पेंशन के लिए फॉर्म भरकर दिया। मैनेजर ने कागजी कमी बताकर फिर लौटा दिया जिसपर रामचन्द्र चौधरी का गुस्सा सातवें आसमान पर चढ़ गया और पूरे शेखपुरा बाजार में बैंक प्रबंधक को उल्टा सीधा बोलते हुए जा रहा था। पीड़ित का कहना है कि कोई न कोई बहाना लगाकर बैंक कर्मी लौटा देते हैं। सीएसपी बोलता है अंगुठा नही लगता है मेन ब्रांच जाओ और मेन ब्रांच बोलता है सीएसपी में जाओ। पेंशन वाले लाभुक काफी वृद्ध होते हैं इधर उधर के चक्कर से काफी परेशान होते है। पीड़ित ने वरीय अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराते हुए समस्या का समाधान की मांग की है। इधर पूछे जाने पर ब्रांच बैंक प्रबंधन संजय कुमार ने बताया कि मेरे पास कोई शिकायत लेकर नहीं आया है। आने पर समस्या का समाधान किया जाएगा।

खजुरा पैक्स में चला सदस्यता सह जागरूकता अभियान

### कृषि योजनाओं की जानकारी पाकर उत्साहित दिखे किसान

**नगरनौसा (नालंदा)/नबिटा संवाददाता।** प्राथमिक कृषि साख सहयोग समितियों (पैक्स) को सशक्त, पारदर्शी और अधिक सक्रिय बनाने के उद्देश्य से जिले में सदस्यता सह जागरूकता अभियान एवं योजना आच्छादन अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रखंड के खजुरा पैक्स परिसर में शुक्रवार को विशेष सदस्यता सह जागरूकता अभियान आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। अभियान के दौरान उपस्थित किसानों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर बीसीओ राजीव रंजन तिवारी ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों को सहकारिता व्यवस्था से जोड़ना, उन्हें सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना और पैक्स के माध्यम से उपलब्ध सुविधाओं का प्रभावी लाभ दिलाना है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे पैक्स की सदस्यता लेकर सहकारी तंत्र को मजबूत बनाएं और योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त करें।
कार्यक्रम के अंत में किसानों ने अभियान को उपयोगी बताते हुए कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों से उन्हें योजनाओं की सही जानकारी मिलती है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। कुल मिलाकर, खजुरा पैक्स में चला यह जागरूकता अभियान सहकारिता की जड़ों को मजबूत करने की दिशा में एक सार्थक कदम साबित हुआ।

### समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई जन सुनवाई

**नवादा/नबिटा ब्यूरो।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शम्भू शरण पांडेय एवं अपर समाहर्ता डॉ. अनिल कुमार तिवारी द्वारा जन सुनवाई का आयोजन किया गया। जन सुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें पदाधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कीं। इस अवसर पर कुल 21 शिकायतें दर्ज की गईं। जन सुनवाई के क्रम में पदाधिकारियों द्वारा कई शिकायतों का स्थल पर ही निष्पादन किया गया, जबकि कुछ जटिल एवं तकनीकी प्रकृति के मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों के पास जांच एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। इस अवसर पर ओएसडी राजीव कुमार, प्रभारी जन शिकायत कोषांग मनोज चौधरी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### हिमांशु ने कबड्डी में भारत का परचम लहराया

**नारदीगंज,नवादा/नबिटा संवाददाता।** प्रखण्ड के नारदीगंज पंचायत के दरियापुर गांव के स्व. अच्युतानंद सिंह और दिनेश सिंह उर्फ (विधायक जी) के पोते और रौशन सिंह के पुत्र हिमांशु राज ने अंडर 17 भारत के तरफ से कबड्डी खेल में भारत का परचम लहराया ओर अपने देश का नाम पूरे विश्व में रौशन किया। हिमांशु राज के पिता एक छोटे वर्ग के किसान है और माता सोनी देवी एक गृहिणी है । भारत ने श्रीलंका को 54/35 से हराकर भारत का मान बढ़ाया। भारत के तरफ से खेलने वाले खिलाड़ी का नाम भारतीय अंडर 17 कबड्डी टीम अबिनेश मोहनदास (तमिलनाडु) आदित्य कुमार (गोवा) आकाश कुमार (हरियाणा) अखिल कुमार (गोवा) अनुज चौधरी (ऊपर) हिमांशु कुमार (बिहार) आर्यन कुमार (साई) हरीश गड़े) (एमपी) राहुल कुमार (बिहार) केशव कुमार (गोवा) राहुल सिंह भोरा) (उत्तराखंड) प्रसाद दिघोले (महाराष्ट्र) है। वही कोच पुष्पेंद्र चौधरी रहे।

### पीएम आवास योजना में कमीशन मांग का आरोप

**हिलसा (नालंदा)/नबिटा संवाददाता।** हिलसा नगर परिषद के वार्ड संख्या 10 में प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसने योजना की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। योजना की लाभार्थी महिला सुमंता देवी ने वार्ड पार्षद पर 30 हजार रुपये की अवैध मांग और निर्माण कार्य रुकवाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता के अनुसार, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हें आवास की स्वीकृति मिली थी तथा प्रथम किस्त की राशि उनके बैंक खाते में प्राप्त हो चुकी थी। इसके बाद उन्होंने अपने घर का निर्माण कार्य शुरू कराया। इसी दौरान वार्ड पार्षद शैलेंद्र कुमार उर्फ शैलू सिंह निर्माण स्थल पर पहुंचे और कथित तौर पर 30 हजार रुपये कमीशन की मांग की। जब लाभार्थी ने राशि देने में असमर्थता जताई, तो पार्षद द्वारा काम में लगे मिस्त्रियों को भगा दिया गया, जिससे निर्माण कार्य ठप हो गया। आरोप है कि पार्षद ने धमकी देते हुए कहा कि यदि राशि नहीं दी गई तो आगे भी तरह-तरह की परेशानियां झेलनी पड़ेंगी। इतना ही नहीं, दोबारा घर पहुंचकर निर्माण सामग्री हटवाने की धमकी भी दी गई, जिससे पूरा परिवार भय और दहशत के माहौल में जीने को मजबूर है। इस मामले पर एसडीओ अमित कुमार ने बताया कि पीड़िता का आवेदन प्राप्त हुआ है। आरोपों की गंभीरता को देखते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### पीएम किसान योजना का हो रहा इ-केवाइसी

**नारदीगंज,नवादा/नबिटा संवाददाता।** प्रखंड के विभिन्न गांवों के पीएम किसान योजना का इकेवाईसी हो रहा है। बीईओ विवेक कुमार गौरव ने शुक्रवार को कहा इस योजना के लाभ लेने वाले किसान इ-केवाइसी अवश्य करा लें, अन्यथा सरकार द्वारा मिलने वाले राशि समेत अन्य लाभ से वंचित हो जाएंगे। उन्होंने कहा अधिकारी के अलावा सम्बंधित पंचायत के कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, कृषि विभाग के आत्मा के तकनीकी प्रबंधक, सहायक प्रबंधक के द्वारा इ-केवाइसी का कार्य हो रहा है। इसके लिए किसान आधार कार्ड के साथ मोबाइल रहना जरुरी है। पांच दिनों के अंदर इकेवाईसी कार्य को पूरा करना का निर्देश सभी कृषि विभाग के कर्मियों को दिया गया है। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर विधि सम्मत कार्रवाई करने की बात कही है। बीएओ ने कहा इस प्रखंड में 12 हजार 292 पीएम किसान योजना के लाभुक हैं। फिलहाल 16 प्रतिशत ही इ-केवाइसी हो पाया है। शत प्रतिशत पूरा करना है।

### कड़ाके की ठंड को ले शिक्षक संघ ने की विद्यालय बंद करने की मांग

**पकरीबरावां/नबिटा संवाददाता।** कड़ाके की ठंड को लेकर बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ ने विद्यालय बंद की मांग की है। बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शर्मा एवं सचिव चंदन कुमार ने कहा कि सुबह में घना कोहरा रहता है। जिससे बच्चों एवं शिक्षकों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। संघ के नेताओं ने कहा कि कई जिलों में ठंड को लेकर विद्यालय बंद कर दिया गया है। नवादा में भी ठंड के मद्देनजर विद्यालय बंद होनी चाहिए।

# धान खरीद में तेजी लाने का निर्देश

## किसानों को 48 घंटे के भीतर हर हाल में भुगतान सुनिश्चित करें : जिलाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** 2 जनवरी 2026 को जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला टास्क फोर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किसानों से धान अधिप्राप्ति की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि सुनिश्चित करने हेतु धान अधिप्राप्ति कार्य में तेजी लाने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि क्रय किए गए धान के विरुद्ध किसानों को 48 घंटे के भीतर हर हाल में भुगतान सुनिश्चित किया जाए। प्रखंड सिरदला एवं रजौली में भुगतान की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित प्रखंड सहकारिता पदाधिकारियों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला




सहकारिता पदाधिकारी, नवादा द्वारा प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रतिवेदन के अनुसार जिले में कुल 177 चयनित पैक्स एवं व्यापार मंडल हैं, जिनमें 167 पैक्स एवं 10 व्यापार मंडल शामिल हैं। अधिप्राप्ति वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान विक्रय हेतु अब तक 17,346 किसानों ने ऑनलाइन निबंधन कराया है। जिले का कुल लक्ष्य 97,369 मीट्रिक टन निर्धारित है, जिसके विरुद्ध अब तक 17,963.752 मीट्रिक टन धान की अधिप्राप्ति की जा चुकी है। इसमें 2,265 किसान शामिल हैं, जबकि औसतन प्रति किसान 7.93 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है। अब तक 1,548 किसानों को भुगतान किया जा चुका है।
समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि सिरदला एवं रजौली प्रखंडों में धान अधिप्राप्ति की स्थिति संतोषजनक नहीं है। इस पर जिला पदाधिकारी ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को नियमित अनुश्रवण करते हुए अधिप्राप्ति में तेजी लाने का निर्देश दिया। लक्ष्य के अनुरूप सबसे कम धान अधिप्राप्ति करने वाले पैक्सों की सूची तैयार कर आवश्यक कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया। सभी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के पैक्सों के साथ बैठक कर लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित कराने तथा लक्ष्य से पीछे रहने वाले पैक्सों पर नोटिस जारी कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने राइस मिल एवं पैक्स की आपसी संबद्धता को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छोटे किसानों को प्राथमिकता के आधार पर धान क्रय किया जाए। साथ ही पैक्स गोदाम एवं सीएमआर गोदाम की नियमित जांच अनुमंडल पदाधिकारी स्तर से कराने के निर्देश दिए गए। सभी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण कर छोटे किसानों से संवाद स्थापित करने एवं उन्हें धान विक्रय हेतु प्रेरित करने को कहा गया। आज की इस बैठक में वरीय उपसमाहर्ता मनोज चौधरी, जिला सहकारिता पदाधिकारी आलोक कुमार, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम प्रितम कुमार सिंह सहित सभी प्रखंडों के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डेंटल कॉलेज का डीसीआई की टीम ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रहुई प्रखंड अंतर्गत भागन बिगहा स्थित राजकीय डेंटल कॉलेज सह अस्पताल में शुक्रवार को डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया (डीसीआई) की दो सदस्यीय जांच टीम ने औचक निरीक्षण किया। जांच टीम के कॉलेज परिसर में पहुंचते ही प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज हो गई। डीसीआई की टीम ने कॉलेज में प्रवेश के साथ ही शैक्षणिक व्यवस्था, अस्पताल की साफ-सफाई, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा संसाधनों की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद टीम ने ओपीडी, वार्ड, लैब और स्टोर रूम का जायजा लिया। इस दौरान दवाओं के रखरखाव, उपलब्धता एवं चिकित्सा उपकरणों की कार्यशीलता की भी जांच की गई। जांच टीम ने कॉलेज में कार्यरत डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों से बातचीत कर उनकी उपस्थिति, ड्यूटी शेड्यूल और कार्यप्रणाली की जानकारी ली। वहीं छात्रों से भी बातचीत कर पढ़ाई से जुड़ी समस्याओं, हॉस्टल सुविधाओं और शैक्षणिक वातावरण को लेकर फीडबैक लिया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ कमियां भी सामने आईं। इनमें डॉक्टरों और प्रोफेसरों की कमी प्रमुख रूप से शामिल रही। जांच टीम ने कॉलेज प्रशासन को इन खामियों को शीघ्र दूर करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। टीम ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य एवं शिक्षा से जुड़े संस्थानों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस संबंध में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विकास वैभव ने बताया कि डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा यह नियमित निरीक्षण प्रक्रिया है, जो वर्ष में दो बार की जाती है। उन्होंने कहा कि जांच टीम द्वारा दिए गए सुझावों और निर्देशों का अनुपालन किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य डॉ. विकास वैभव, प्रधान लिपिक राज कुमार, डॉ. शैलेंद्र कुमार सहित अन्य चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नवादा में अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव का छठा सीजन कल से

## 84 देशों की 2300 से अधिक फ़िल्मों की ऐतिहासिक भागीदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** सिनेमा और संस्कृति के वैश्विक संगम के रूप में पहचाने जाने वाला नवादा अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव अपने छठे सीजन के साथ एक बार फिर नवादा में भव्य रूप से आयोजित होने जा रहा है। यह एकदिवसीय फ़िल्म महोत्सव दिनांक 4 जनवरी (रविवार) को विजय मल्टीप्लेक्स, नवादा में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। इस वर्ष महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अभूतपूर्व प्रतिसाद मिला है। 84 देशों से लगभग 2300 से अधिक फ़िल्मों की प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं। लगातार 6 वर्षों से आयोजित हो रहे इस महोत्सव में हर बार की तरह इस बार भी लगभग 80 देशों की फ़िल्मों के साथ-साथ भारत के लगभग सभी राज्यों से फ़िल्मकारों ने प्रतियोगिता में भाग लिया है। महोत्सव के फेस्टिवल डायरेक्टर, फ़िल्म कलाकार, निर्देशक एवं जिला आइकॉन राहुल वर्मा ने बताया कि यह आयोजन न केवल सिनेमा का उत्सव है, बल्कि विभिन्न देशों और राज्यों की कला, संस्कृति और सामाजिक सरोकारों को समझने का एक सशक्त माध्यम भी है। एकदिवसीय फ़िल्म महोत्सव के दौरान लगभग 20 चयनित फ़िल्मों की स्क्रीनिंग की जाएगी। इसके साथ ही "फ़िल्मों का मेला" भी आकर्षण का केंद्र रहेगा, जहाँ दर्शकों को श्रेष्ठ और विचारोत्तेजक फ़िल्में देखने का अवसर मिलेगा, जो समाज को सकारात्मक दिशा और संदेश प्रदान करेंगी। इस महोत्सव में जिला प्रशासन के विभिन्न पदाधिकारी भी सहभागिता करेंगे। वहीं सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में बॉलीवुड अभिनेता दीपक तिजोरी, बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा बत्रा, फ़िल्म निर्देशक जोय राजन, सहित देश-विदेश से आए कई फ़िल्मकार उपस्थित रहेंगे।

# लोक शिकायतों की द्वितीय अपील पर डीएम ने की सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के रूप में जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने कुल 18 मामलों की सुनवाई की। इस दौरान कई मामलों का निष्पादन सुनवाई से पूर्व ही संबंधित लोक प्राधिकार द्वारा कर दिया गया, जबकि शेष मामलों में संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए शीघ्र समाधान के आदेश दिए गए। सुनवाई के क्रम में यात्री शेड निर्माण, सरकारी राशि के दुरुपयोग, खेती के लिए ट्रांसफार्मर स्थापना, लोक भूमि पर कब्जा, चालान निरस्तीकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी), जमाबंदी को ऑनलाइन करने, सात निश्चय योजना के तहत बोरिंग, अवैध खाता-खेसरा एवं प्लॉट घटाने, सरकारी भूमि बंदोबस्त जैसे मामलों का निष्पादन किया गया। अतिक्रमण से जुड़े कुछ मामलों में जिलाधिकारी



ने अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से पुनः रिपोर्ट तलब की। वहीं एफआईआर दर्ज नहीं करने से संबंधित एक मामले में चंडी थानाध्यक्ष के अनुपस्थित पाए जाने पर स्पष्टीकरण एवं दंड अध्यारोपण की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत प्राप्त परिवादों का समयबद्ध और पारदर्शी निष्पादन प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि आम जनता को त्वरित न्याय मिल सके। इस अवसर पर जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षक संघ ने डीएम व डीइओ को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ, नवादा द्वारा जिले में पदस्थापित शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर जिला पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, नवादा को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से संघ ने प्रोन्नति, वरीयता निर्धारण, स्थानांतरण, बकाया भुगतान सहित कई महत्वपूर्ण मांगों को प्रमुखता से उठाया।
जिला अध्यक्ष दिनेश नाथ पासवान ने बताया कि बिहार पंचायत प्रारंभिक विद्यालय सेवा नियमावली 2020 के नियम 16(॥) के तहत 12 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों को स्नातक कोटि में कालबद्ध प्रोन्नति दिए जाने का प्रावधान है। इस आलोक में नवादा जिले के सभी योग्य शिक्षकों को प्रोन्नति देने हेतु प्रखंड स्तर से सूची मंगाकर कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही 31 दिसम्बर 2025 के आधार पर स्नातक व स्नातकोत्तर योग्यताधारी शिक्षकों को स्नातक प्रशिक्षित एवं प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति देने की भी मांग रखी गई। संघ ने विभागीय आदेश के अनुरूप नियोजित शिक्षक, विशिष्ट शिक्षक एवं विद्यालय अध्यापक की आपसी वरीयता निर्धारित करने तथा जिला स्थापना समिति की बैठक शीघ्र आयोजित कर जिला के अंदर व अंतर जिला स्थानांतरण प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग की। इससे दूरदराज विद्यालयों में शिक्षक-छात्र अनुपात



संतुलित हो सकेगा। जिला सचिव आलोक कुमार ने कहा कि नियोजित शिक्षकों का बकाया भुगतान एक गंभीर समस्या है। निदेशालय द्वारा राशि निर्गत होने के बावजूद भुगतान लंबित है, जिसे निपटाने के लिए एक समिति गठित की जानी चाहिए। इसके अलावा कुछ शिक्षकों को सेवा निरंतरता के अंतर्गत केवल वेतन संरक्षण का लाभ दिए जाने तथा मैट्रिक प्रशिक्षित शिक्षक दिनेश कुमार को स्नातक प्रशिक्षित पद पर प्रोन्नति न मिलने का मामला भी उठाया गया। संघ ने सभी समस्याओं के समाधान हेतु एक पखवारे की समयसीमा निर्धारित करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला सचिव आलोक कुमार, सुरेश प्रसाद सिंह, मो. मिन्हाज अंसारी, वीरेंद्र वीर, देव कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सत्येंद्र साव बने खुदरा गल्ला व्यवसाई संघ के अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** खुदरा गल्ला व्यवसाय संघ पकरीबरावां के तत्वावधान में देवी स्थान स्थित संघ भवन में शुक्रवार को वार्षिक चुनाव, गत वर्ष के आय-व्यय लेखा-जोखा की प्रस्तुति एवं सम्मान समारोह आयोजित की गई। कार्यक्रम में संघ से जुड़े बड़ी संख्या में व्यवसायियों के साथ पुलिस-प्रशासन, बैंक अधिकारी, पत्रकार एवं अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत संघ के वार्षिक चुनाव से हुई। चुनाव सर्वसम्मति एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया गया, जिसमें सत्येंद्र साव को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। रामगोपाल प्रसाद को उपाध्यक्ष चुना गया। सचिव पद के लिए सतीश साव, गणेश साव, बिनोद साव एवं आकाश कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, लक्ष्मण चौहान को मुख्य संरक्षक तथा कृष्णा प्रसाद को मुख्य सलाहकार बनाया गया। इसके साथ ही संगठन को और मजबूत करने के उद्देश्य से सुरेश साव,



रौशन कुमार, राजेश साव, महेंद्र लाल, विजय साव, शंभू साव, नरेश साव, श्यामसुंदर साव सहित अन्य सदस्यों को भी विभिन्न दायित्वों में जगह दी गई। चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद उपस्थित व्यवसायियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। इसके बाद संघ के पदाधिकारियों द्वारा गत वर्ष का आय-व्यय लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। लेखा-जोखा के माध्यम से संघ की आर्थिक स्थिति, किए गए कार्यों एवं आगामी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसडीपीओ राकेश कुमार भास्कर, प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष पौरुष अग्रवाल, पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक एवं ग्रामीण बैंकों के शाखा प्रबंधक, स्थानीय पत्रकार तथा अन्य गणमान्य लोगों को फूल-माला, डायरी एवं पेन देकर सम्मानित किया गया। मौके पर व्यवसायियों ने पुलिस प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं भी रखीं। बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने, नियमित गश्ती बढ़ाने तथा पकरीबरावां बाजार में लगने वाले जाम की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की गई। साथ ही बैंक शाखा प्रबंधकों से व्यवसायियों के लिए सरल ऋण सुविधा, डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के विस्तार एवं अन्य बैंकिंग सुविधाओं को सहज बनाने की मांग रखी गई।

# मलेशिया से आए बौद्ध धर्मावलंबियों ने किया राजगीर दर्शन

## वेणुवन में साधना से गूंजा शांति का संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बौद्ध धर्म की पावन भूमि राजगीर में शुक्रवार को मलेशिया से आए 20 सदस्यीय बौद्ध धर्मावलंबियों के दल ने एक दिवसीय विशेष दौरा किया। राजगीर पहुंचने पर पर्यटन अधिकारी संजय कुमार ने सभी अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया और उन्हें राजगीर के ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व से अवगत कराया। मलेशियाई बौद्ध अनुयायियों के दल में सोमचाई, सुकन्या, प्राचाय, नत्तापोर्न, चान्या, किट्टीसाक, सुपापोर्न, अनन्या, वीराचाई, पिमलदा सहित



अन्य सदस्य शामिल थे। दल ने सबसे पहले विश्व प्रसिद्ध वेणुवन का भ्रमण किया, जहां उन्होंने बौद्ध परंपराओं के अनुसार पूजा-अर्चना की। वेणुवन परिसर में सभी बौद्ध धर्मावलंबियों ने घंटों ध्यान साधना करते हुए भगवान गौतम बुद्ध को नमन किया और शांति, करुणा एवं अहिंसा का संदेश दिया। इस दौरान वेणुवन में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर नजर आए। पर्यटन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि राजगीर बौद्ध सर्किट का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। भगवान बुद्ध ने यहां कई वर्षों तक प्रवास किया था और अनेक महत्वपूर्ण उपदेश दिए थे। उन्होंने दल को वेणुवन, गृद्धकूट पर्वत, जापानी मंदिर और विश्व शांति स्तूप जैसे पवित्र स्थलों की ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्ता की जानकारी दी। मलेशियाई बौद्ध धर्मावलंबियों ने राजगीर की प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और धार्मिक महत्त्व की खुलकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राजगीर आकर उन्हें गहरी आध्यात्मिक शांति की अनुभूति हुई है। साथ ही उन्होंने भविष्य में दोबारा राजगीर आने और अपने देश के अन्य लोगों को भी यहां आने के लिए प्रेरित करने की बात कही।

# जिला पदाधिकारी ने किया इवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** शुक्रवार को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में सुरक्षित रखी गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (इवीएम) एवं वीवीपैट की सुरक्षा व्यवस्था, रख-रखाव एवं निगरानी प्रणाली की समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने उपस्थित संबंधित पदाधिकारियों को ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि वेयरहाउस में सभी निर्धारित मानकों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से उपलब्ध हों।
जिला पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव



प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं ईवीएम की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही कदापि स्वीकार्य नहीं होगी। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी महेश कुमार पासवान सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

# फर्नीचर दुकान से हजारों की सामग्री चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बीच हरनौत बाजार में चोरों ने एक बार फिर पुलिस की चौकसी को चुनौती दी है। नए साल की रात अज्ञात चोरों ने हरनौत बाजार के गोनावा रोड स्थित एक फर्नीचर दुकान में घुसकर करीब 50 हजार रुपये से अधिक मूल्य के कीमती इलेक्ट्रिक सामान की चोरी कर ली। चोरी की यह घटना गोनावा रोड में जीएसएम स्कूल के समीप स्थित फर्नीचर दुकान की है। पीड़ित दुकानदार संतन कुमार, निवासी डिहरा गांव, ने बताया कि वे पिछले आठ वर्षों से उक्त स्थान पर फर्नीचर की दुकान चला रहे हैं। नए साल के अवसर पर 1 जनवरी को दुकान बंद थी। शुक्रवार की सुबह जब वे दुकान पहुंचे तो देखा कि बॉक्स का ताला टूटा हुआ है और फर्नीचर निर्माण में उपयोग होने वाले इलेक्ट्रिक उपकरण गायब हैं। दुकानदार ने बताया कि दुकान के पीछे लकड़ी के कटरा को तोड़कर चोर अंदर घुसे और वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इससे पहले भी दो बार उनकी दुकान में चोरी हो चुकी है, लेकिन थाना में आवेदन देने के बावजूद अब तक किसी चोर की गिरफ्तारी नहीं हो सकी, जिससे अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही हरनौत थाना पुलिस को अवगत कराया गया। इस संबंध में हरनौत थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही चोरों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के लिए निःशुल्क जीवन प्रमाणीकरण की सुविधा शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से जुड़े जिलेभर के पेंशनधारियों के लिए राहत भरी खबर है। अब उनका आधार आधारित जीवन प्रमाणीकरण कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से पूरी तरह निःशुल्क किया जा रहा है। इस व्यवस्था के तहत पेंशनधारी अपने आधार कार्ड, बैंक खाता संख्या अथवा लाभार्थी संख्या के आधार पर आसानी से जीवन प्रमाणीकरण करा सकते हैं। पेंशनधारियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए जिला एवं प्रखंड स्तर पर संचालित सभी कॉमन सर्विस सेंटरों पर यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। प्रशासन का उद्देश्य है कि लाभार्थी अपने नजदीकी सीएससी पर जाकर बिना किसी शुल्क के सरलता से प्रक्रिया पूरी कर सकें और पेंशन भुगतान में किसी तरह का अवरोध न आए। प्रशासन ने बताया कि अति वृद्ध एवं दिव्यांग पेंशनधारियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। यदि फिंगरप्रिंट के माध्यम से जीवन प्रमाणीकरण संभव नहीं हो पाता है, तो आईरिस स्कैन के जरिए प्रमाणीकरण कराया जा सकता है। वहीं, जिन पेंशनधारियों का आधार बायोमैट्रिक अपडेट नहीं है और इस कारण समस्या आ रही है, उन्हें नजदीकी आधार केंद्र पर जाकर बायोमैट्रिक अपडेट कराने की सलाह दी गई है। इसके अलावा, जिन पेंशनधारियों का आधार कार्ड अब तक नहीं बना है, उन्हें शीघ्र आधार कार्ड बनवाकर प्रखंड कार्यालय के माध्यम से ई-लाभार्थी पोर्टल पर अपडेट कराने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिए हैं, ताकि अधिक से अधिक पेंशनधारी इस निःशुल्क जीवन प्रमाणीकरण सुविधा का लाभ उठा सकें।

# बौद्ध महोत्सव 2026 की तैयारी को लेकर डीएम ने किया कालचक्र मैदान का निरीक्षण

## तीन दिवसीय आयोजन 22 से 24 जनवरी तक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर ने दो जनवरी 2026 को बौद्ध महोत्सव 2026 की तैयारी को लेकर कालचक्र मैदान का निरीक्षण किया तथा बीटीएमसी सभाकक्ष में संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि बौद्ध महोत्सव इस वर्ष 22 जनवरी से 24 जनवरी तक तीन दिवसीय रूप में आयोजित किया जाएगा। कालचक्र मैदान के निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने विभिन्न प्रवेश द्वारों की जानकारी ली। उन्होंने वीवीआईपी, वीआईपी, भिक्षु, मीडिया, महिला दीर्घा और आम दीर्घा के लिए अलग-अलग प्रवेश व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने पुलिस उपाधीक्षक बोधगया और अनुमंडल पदाधिकारी सदर को निर्देश दिया कि किस गेट से किस श्रेणी के लोगों का प्रवेश होगा, इसका स्पष्ट प्लान अभी से तैयार किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि बौद्ध महोत्सव के दौरान कालचक्र मैदान और महाबोधि मंदिर के आसपास पर्याप्त शौचालय और पेयजल की व्यवस्था सुचारू रखी जाए। नगर परिषद बोधगया के कार्यपालक पदाधिकारी को कालचक्र मैदान सहित पूरे बोधगया क्षेत्र में साफ-सफाई की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही दोमुहान से महाबोधि मंदिर तथा चिल्ड्रन पार्क से वर्मा मोड़ तक आकर्षक लाइटिंग कराने को कहा गया। जिला पदाधिकारी ने होटल संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें भी अपने-अपने होटलों के बाहर सजावटी लाइट लगाने का निर्देश देने को कहा, ताकि पूरे बोधगया का दृश्य भव्य और आकर्षक बन सके। यातायात व्यवस्था को लेकर उन्होंने निर्देश दिया कि वाहनों की पार्किंग के लिए स्थल अभी से चिन्हित कर लिए जाएं जिससे महोत्सव के दौरान आवागमन सुगम बना रहे। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि बौद्ध महोत्सव के अवसर पर कालचक्र मैदान में ग्राम श्री मेला और व्यंजन मेला भी लगाया जाएगा। ग्राम श्री मेला के लिए लगभग 40 और व्यंजन मेला के लिए 15 से 20 स्टाल लगाए जाने की संभावना है। बैठक में जिला पदाधिकारी ने सभी कोषांगों के पदाधिकारियों के साथ तैयारी की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की और निर्देश दिया कि अपने-अपने कोषांग सदस्यों के साथ बैठक कर आवंटित कार्यों का वर्क प्लान तैयार कर समय पर निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पितृपक्ष मेला और बौद्ध महोत्सव गया जिले की पहचान हैं, इसलिए सभी पदाधिकारी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। कालचक्र मैदान में भीड़ प्रबंधन की ठोस व्यवस्था, पर्याप्त रोशनी, डार्क स्पॉट समाप्त करने, सीसीटीवी कैमरे लगाने, स्वास्थ्य विभाग द्वारा तीन पालियों में चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति और एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बीटीएमसी सचिव, नगर पुलिस अधीक्षक, सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बोधगया सहित सभी कोषांगों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मउ पैक्स अध्यक्ष के द्वारा सरकारी मापदण्डों के विरूद्ध की जा रही धान खरीद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** मउ पैक्स अध्यक्ष के द्वारा सरकारी मापदण्डों के विरूद्ध धान क्रय की जा रही है। कृषकों से धान खरीद नहीं करने एवं उन्हें सरकारी राशि से वंचित करने का प्रयास किया गया है। मउ पैक्स अध्यक्ष ने सरकारी राशि को अपने परिवार के सदस्यों एवं कुछ किसानों के खाते में भेज दिया गया है। यह खुलासा मउ पैक्स में धान अधिप्राप्ति में बरती गयी अनियमितता से जुड़ी परिवाद पत्र की जांच में हुआ है। एसडीएम प्रवीण कुंदन और बीडीओ योगेन्द्र पासवान ने की है। पूरे मामले में बीसीओ संदीप कुमार से भी 48 घंटों में जवाब मांगा है। एसडीएम ने बीसीओ को पत्र लिखते हुए मउ पैक्स के द्वारा बरती गयी अनियमितता को लेकर अविलम्ब आवश्यक कानूनी कारवाई का भी निर्देश दिया गया है। एसडीएम की जांच रिपोर्ट के विभागीय पोर्टल के अनुसार 17 दिसम्बर तक 44 लाख 38 हजार 476 रूपये का धान क्रय किया गया है जबकि भौतिक सत्यापन के क्रम में क्रय की गयी राशि के अनुरूप धान नहीं पाया गया।

## मगध विश्वविद्यालय के कुलपति ने संजय सरावगी से की शिष्टाचार भेंट, दी बधाई




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही ने भारतीय जनता पार्टी बिहार के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर कुलपति प्रो. शाही ने श्री सरावगी को उनके महत्वपूर्ण पद पर नियुक्ति के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि श्री सरावगी का समृद्ध नेतृत्व अनुभव, संगठनात्मक क्षमता तथा जनसेवा के प्रति समर्पण पार्टी को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगा। प्रो. शाही ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके कुशल नेतृत्व में भाजपा बिहार में संगठन को और अधिक मजबूत बनाएगी तथा प्रदेश के विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। कुलपति ने श्री सरावगी के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन युवाओं एवं समाज के सभी वर्गों के लिए प्रेरणादायी सिद्ध होगा। भेंट के दौरान प्रो. शाही ने श्री सरावगी को मगध विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं अन्य गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही विश्वविद्यालय के विजन तथा अपने कार्यकाल के पिछले तीन वर्षों में प्राप्त प्रमुख उपलब्धियों से उन्हें अवगत कराया।

## बीडीओ ने मृतक के आश्रित को पारिवारिक लाभ योजना की सहायता राशि सौंपी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**वजीरगंज।** प्रखंड मुख्यालय कार्यालय में शुक्रवार को बीडीओ प्रभाकर सिंह ने कुर्किहार पंचायत के महादलित टोला एकता नगर निवासी गंगा मांझी को पारिवारिक लाभ योजना के तहत सहायता राशि का चेक प्रदान किया। यह सहायता हाल ही में हुई एक हृदयविदारक घटना के बाद मृतक परिवार को राहत देने के उद्देश्य से दी गई। बीडीओ प्रभाकर सिंह ने बताया कि बीते बुधवार को गंगा मांझी की पत्नी तथा उनके नाती और नतनी की मौत बोरसी से निकले धुएं के कारण दम घुटने से हो गई थी। इस दुर्घटना के बाद आश्रित गंगा मांझी को पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत बीस हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई। उन्होंने बताया कि सहायता राशि उसी दिन उपलब्ध करा दी गई थी, लेकिन घटना के बाद परिवार के सभी सदस्य घर पर मौजूद नहीं थे। परिवार के वापस लौटने के बाद नियमानुसार प्रक्रिया पूरी करते हुए शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय में चेक सौंपा गया। इस अवसर पर ग्रामीणों के साथ पूर्व पंचायत समिति सदस्य मिथलेश शर्मा भी मौजूद थे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन द्वारा त्वरित सहायता उपलब्ध कराए जाने पर संतोष जताया और इसे पीड़ित परिवार के लिए आवश्यक सहयोग बताया।

## मगध पुस्तक मेला का समापन, मेयर और स्टैंडिंग कमेटी सदस्यों ने प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** मगध पुस्तक मेला सह सांस्कृतिक महोत्सव का समापन दिवस भव्य, गरिमामय और स्मरणीय रहा। समापन अवसर पर पुस्तक प्रेमियों की भारी भीड़ के साथ शहर के प्रबुद्धजनों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष ऊंचाई प्रदान की। मेला परिसर दिनभर साहित्य, संस्कृति, ज्ञान और सृजन के वातावरण से सराबोर रहा। समारोह में अतिथियों ने आयोजन समिति को सफल, सुव्यवस्थित और प्रेरक आयोजन के लिए बधाई दी। महोत्सव के सलाहकार अनंत धीश अमन ने कहा कि मगध की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पटल पर स्थापित करने का यह अतुलनीय और सार्थक प्रयास है। उन्होंने आयोजन समिति के योगदान की सराहना की। इस अवसर पर मगध मेधा प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। गया नगर निगम के मेयर डॉ गणेश पासवान, स्टैंडिंग कमेटी सदस्य और पूर्व डिप्टी मेयर आखोरी ओंकार नाथ, शिव कैलाश डालमिया, प्रमोद भदानी, कुमार गौरव, उषा डालमिया और निशा लाज की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा बढ़ाई। विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं के विद्यार्थियों को शील्ड, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। संध्या सत्र में महाविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही आयोजन की सफलता में योगदान देने वाले प्रेस और मीडिया प्रतिनिधियों, पुस्तक प्रकाशकों और प्रायोजकों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए प्रधानाचार्य डॉ जावेद अशरफ और इतिहास विभाग के पूर्व डीन डॉ मनीष सिंह सहित कई गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे। रात्रि सत्र में वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने मेला परिसर में इंटर्नशिप कर रहे विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और शील्ड प्रदान कर प्रेरक संदेश दिया। मगध मेधा प्रतियोगिता में क्राफ्ट में जितेंद्र कुमार और सुहानी कुमारी प्रथम, अंकित कुमार द्वितीय और रियान्श खेतान तृतीय रहे। समूह नृत्य में अपना बिहार प्रथम, मिशन स्कूल गया की दिव्या और टीम द्वितीय तथा काली कुमारी का समूह तृतीय रहा। एकल नृत्य में अविका मिश्रा प्रथम, धृतिका सिन्हा द्वितीय और दिविशा गुप्ता तृतीय रहीं। आयोजन समिति के संरक्षक डॉ विजय कुमार करण ने सभी अतिथियों, सहयोगियों, प्रतिभागियों, मीडिया, प्रकाशकों, प्रायोजकों, निर्णायकों, शिक्षकों, अभिभावकों और स्वयंसेवकों के प्रति आभार जताया। आयोजक संस्था गगैलेंट इंडिया फाउंडेशन की ओर से सचिव विवेक कुमार और अध्यक्ष ममता कुमारी ने धन्यवाद दिया। उल्लास, सम्मान और कृतज्ञता के वातावरण में मेले का ऐतिहासिक समापन हुआ।

## गैर-जमानती वारंटियों पर कोंच पुलिस की सख्ती, दो गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच थाना पुलिस ने गैर-जमानती वारंट के निष्पादन को लेकर अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में थाना क्षेत्र के धनछुही गांव में छापेमारी कर दो फरार वारंटियों को गिरफ्तार किया और गिरफ्तार वारंटियों की पहचान जेठन दास एवं हरिहर दास, पिता धुनी दास, ग्राम धनछुही, थाना कोंच के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के बाद दोनों आरोपियों का मेडिकल जांच कराया गया। इसके उपरांत न्यायालय के आदेश पर उन्हें शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों अभियुक्त लंबे समय से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे। ऐसे फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए आगे भी अभियान जारी रहेगा।

## शेरघाटी में खाद लेने किसानों की उमड़ी भीड़

### व्यवस्था संभालने में प्रशासन को करनी पड़ी मशक्कत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** प्रखंड कार्यालय स्थित विस्कोमान भवन में खाद खरीदने के लिए शुक्रवार को किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से हजारों की संख्या में किसान खाद लेने पहुंचे जिससे वहां की स्थिति कुछ समय के लिए अनियंत्रित हो गई। खाद की उपलब्धता को लेकर किसानों में खासा उत्साह और चिंता दोनों देखी गई जिसके कारण लोग सुबह से ही कतार में लगने लगे। भीड़ बढ़ने के कारण अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। किसानों के बीच धक्का-मुक्की और अव्यवस्था को देखते हुए प्रशासन को तत्काल हस्तक्षेप करना पड़ा। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए शेरघाटी के कृषि पदाधिकारी अम्बुज कुमार स्वयं मौके पर पहुंचे और व्यवस्था संभालने का प्रयास किया। भीड़ को नियंत्रित करने तथा शांति बनाए रखने के लिए पुलिस बल की भी तैनाती की गई।

कृषि पदाधिकारी अम्बुज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों की संख्या अपेक्षा से कहीं अधिक हो गई थी जिस कारण भीड़ को नियंत्रित करने में कठिनाई आई। उन्होंने कहा कि सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का सहयोग लेना आवश्यक हो गया था। प्रशासन की ओर से किसानों से अपील की गई कि वे धैर्य बनाए रखें और निर्धारित नियमों के अनुसार ही खाद की खरीदारी करें। वहीं किसानों का कहना है कि रबी फसल की बुआई और खेती के लिए खाद की अत्यंत आवश्यकता है, इसी कारण वे बड़ी संख्या में यहां पहुंचे हैं। किसानों ने मांग की कि खाद वितरण की व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए। ताकि भविष्य में ऐसी अव्यवस्था न हो। फिलहाल प्रशासन द्वारा स्थिति को नियंत्रण में बताया जा रहा है और

## बोरसी की आग से झुलसी वृद्ध महिला की इलाज के दौरान मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** वजीरगंज प्रखंड के कारी पंचायत अंतर्गत खजुरी गांव में बोरसी की आग से झुलसी एक वृद्ध महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना बीते शनिवार की है जब कड़ाके की ठंड से बचने के लिए आग तापने के दौरान महिला के कपड़ों में आग लग गई थी जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई थी। मृतका के पुत्र अखिलेश प्रसाद और अशोक प्रसाद ने बताया कि ठंड के कारण उनकी मां बोरसी से आग ताप रही थीं, तभी अचानक उनके कपड़ों में आग लग गई। परिजन जब तक आग बुझाते, तब तक वह पूरी तरह झुलस चुकी थीं। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए एएनएमसीएच गया में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उनकी हालत में सुधार भी हो रहा था। परिजनों के अनुसार शुक्रवार की अहले सुबह अचानक पेट में तेज दर्द उठा जिसके कुछ ही समय बाद महिला की मौत हो गई। मौत के बाद एएनएमसीएच गया में शव का पोस्टमार्टम कराया गया जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधि पंचायत समिति सदस्य आनंद मिलींद, वार्ड सदस्य और समाजसेवी मृतका के घर पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी और ठंड के मौसम में आग सेवन के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की अपील की। पंचायत समिति सदस्य आनंद मिलींद ने बताया कि पीड़ित परिवार को पारिवारिक लाभ योजना और आपदा सहायता योजना के अंतर्गत सहायता राशि दिलवाने के लिए संबंधित पदाधिकारियों से आग्रह किया गया है। गांव में इस दुखद घटना के बाद शोक का माहौल है और लोग आग तापने के दौरान सावधानी बरतने की आवश्यकता पर जोर दे रहे हैं।

## शपथ पत्र

मैं धीरज कुमार, पिता-रामबचन शर्मा, ग्राम एवं थाना-मऊ जिला-गया (बिहार) के स्थायी निवासी हैं और इस शपथ पत्र के द्वारा बयान करता हूं कि मेरे बेटे का सही नाम चिन्मय कुमार है और उसकी जन्मतिथि 05-04-2011 है। मेरे बेटे का आधार कार्ड नं.818210220279 है और इसमें मेरे बेटे का नाम चिन्मय धीरज शर्मा लिखा है और पता भी लिखा है B/2 कौस्तुभ छाया सीएचएस मिलिंद नगर बिरला कॉलेज कल्याण वेस्ट कल्याण ठाणे महाराष्ट्र 421301 है।

यह शपथ पत्र मेरे बेटे के नाम और पते में सुधार के उद्देश्य से है जो मेरे बेटे के आधार कार्ड में है और गजट नोटिफिकेशन के लिए आधार कार्ड में अंकित नाम और पता का भी इस्तेमाल किया जाएगा।

इस संबंध में गया के लेख्य प्रमाणक के समक्ष 31.12.25 को शपथ पत्र दाखिल किया जा चुका है।

**शपथकर्ता**
**धीरज कुमार**

## संस्कृति और सनानत की रक्षा में शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज का योगदान अहम

### डीपीएस बीएड कॉलेज दुबहल में 23वां संज्ञा सम्मान दिवस संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** डीपीएस बीएड कॉलेज दुबहल, गया में एक जनवरी 2026 को 23वां संज्ञा सम्मान दिवस भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस आयोजन में शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज के सैकड़ों महिला-पुरुषों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन पारंपरिक भारतीय सांस्कृतिक विधि-विधान के साथ किया गया। संज्ञा सम्मान समारोह का विधिवत उद्घाटन काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य अर्चक डॉ. श्रीदेव मिश्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरीय पत्रकार और दूरदर्शन समाचार चैनल पटना के एंकर प्रियरंजन मिश्र उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत सूर्य पूजन और दीप प्रज्वलन से हुई जिसमें पं. गोपाल मिश्र, आचार्य अरुण मिश्र, पं. विवेक मिश्र और पं. संदीप मिश्र द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण किया गया। इसके पश्चात सभागार में उपस्थित सैकड़ों शाकद्वीपीय ब्राह्मणों ने सूर्य मंडलम स्तोत्र का सामूहिक पाठ किया। आगत अतिथियों का स्वागत डॉ. डी. के. पाठक ने किया। स्वागत भाषण में उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में शाकद्वीपीय ब्राह्मणों को एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सवर्ण श्रेणी में शाकद्वीपीय ब्राह्मणों की सामाजिक स्थिति सबसे निचले पायदान पर है, जो गंभीर चिंता का विषय है। उद्घाटन सत्र में डॉ. श्रीदेव मिश्र ने ब्राह्मणों को अपने कर्तव्यों का बोध कराते हुए कहा कि पूजा और संध्या को नित्यकर्म से जोड़कर रखना आवश्यक है, तभी समाज और व्यक्ति दोनों का कल्याण संभव है। उन्होंने नवयुवकों को संदेश दिया कि कितनी भी व्यस्तता क्यों न हो, पूजा-अर्चना को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए क्योंकि यही संस्कार की पहचान है। उन्होंने कहा कि संस्कारविहीन व्यक्ति का जीवन दिशाहीन हो जाता है। मुख्य अतिथि प्रियरंजन भारती ने अपने संबोधन में कहा कि ब्राह्मणों को संगठित होकर अपने संस्कारों और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के लिए आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि पाश्चात्य सभ्यता का प्रभाव तेजी से हर घर में प्रवेश कर रहा है जिसके दुष्परिणाम अब सामने आने लगे हैं। समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध संगठित प्रयास ही समाधान का मार्ग है। अन्य वक्ताओं ने संज्ञा सम्मान दिवस को और अधिक व्यापक स्वरूप देने पर बल दिया। ताकि समाज की दशा और दिशा पर गंभीर विमर्श हो सके और जरूरतमंद तथा उपेक्षित वर्ग तक सहायता पहुंचाई जा सके। समाजसेवी बृजनंदन पाठक ने कहा कि शाकद्वीपीय ब्राह्मणों की असंगठित स्थिति के कारण स्वतंत्रता आंदोलन, किसान आंदोलन, साहित्य, आयुर्वेद सहित विभिन्न क्षेत्रों में पूर्वजों के योगदान को हाशिये पर डाल दिया गया है जो अत्यंत गंभीर और विचारणीय विषय है। इस अवसर पर संज्ञा समिति गयाधाम के औरंगाबाद, जहानाबाद, नवादा और अरवल जिलों के पदाधिकारीगण सहित लगभग पांच सौ महिला-पुरुष उपस्थित रहे। कार्यक्रम पूरे दिन सामाजिक चेतना, सांस्कृतिक विमर्श और संगठनात्मक एकता के संदेश के साथ संपन्न हुआ।


बिहार सरकार

**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सं0–1, औरंगाबाद**

**प्रेस–विज्ञप्ति**

पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सं0–1, औरंगाबाद अन्तर्गत एस0एच0–68 उपहारा थाना के ग्राम–सेनारी भाया उपहारा बाजार रोड के लिए सरकारी खर्च पर पथ निर्माण विभाग द्वारा सतत् लीज पर भूमि प्राप्त करना अपेक्षित है। बिहार रैयती लीज नीति 2014 के तहत लोक उदेश्य के निमित उपर्युक्त परियोजना के लिए सतत् लीज (Perpetual Lease) पर भूमि लेने का आदेश अभियन्ता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना के पत्रांक–प्र0–33 (भू0अधि0)–65 / 2025 – 7407, दिनांक 03.11.2025 द्वारा प्राप्त है।

इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि औरंगाबाद जिला के गोह अंचल अंतर्गत मौजा उपहारा (थाना नं0–243) में भू–खण्डों को सतत् लीज पर प्राप्त किया जाना है।

यह प्रेस विज्ञप्ति राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, पटना के संकल्प संख्या–1440 दिनांक– 13.11.2014 (बिहार रैयती लीज नीति 2014) के आलोक में औरंगाबाद जिला अंतर्गत मौजा उपहारा, थाना नं0–243 में पड़ने वाले संलग्न निम्न लिखित विवरणी में वर्णित भू–खण्डों के संबंधित भू–स्वामियों से उक्त लोक प्रयोजनार्थ सरकारी परियोजना हेतु सतत् लीज पर भूमि देने के संबंध में स्वीकृति / सहमति प्रदान करने हेतु जारी की जाती है।

बिहार रैयती भूमि लीज नीति 2014 के तहत् सतत् लीज संबंधित संकल्प की कंडिका–3 एवं 5 (ड़ एवं च) के आलोक में संलग्न विवरणी में वर्णित भू–खण्डों के विवादरहित स्वामित्व एवं दखल कब्जे की स्थिति तथा प्रकृत के निर्धारित मूल्य के अनुसार औरंगाबाद जिला के सक्षम पदाधिकारी से प्राप्त अभिलेखों के आधार पर लीज निष्पादन एवं भुगतान की कार्रवाई की जाएगी।

| क्रमांक | मौजा का नाम | थाना संख्या | खाता संख्या | खेसरा नंबर | भूमि का किस्म | सतत् लीज पर ली जाने वाली भूमि का प्रस्तावित रकवा (एकड़ में) | खतियानी रैयत का नाम | वर्तमान रैयत का नाम | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उपहारा | 243 | 205 | 1017 | आवासीय | 1.666 डी0 | BARAK AHIR WALD CHHATER | ASHUTOSH URF AMRENDRA KUMAR WO – OM PRAKASH | |
| 2 | उपहारा | 243 | 215 | 1014 | आवासीय | 3.744 डी0 | HANUMAN DUSAD WALD GOKUL | NANDKISHOR SINGH RAM KISHOR SINGH DONO PITA – JAGDIHS SINGH | |
| 3 | उपहारा | 243 | 185 | 1018 | आवासीय | 12 डी0 / 3.730 डी0 | CHULHAN SINGH WALD GANESH SINGH | RAVINDRA NATH SHARMA, JITENDRA NATH SHARMA, DEVENDRA NATH SHRAM, TINO, PITA – PRASHURAM SHARMA | |
| 4 | उपहारा | 243 | 207 | 1010 | आवासीय | 4.87 डी0 | BILAT SAW, WALD GOKHUL SAW | ANU DEVI W/O – RAMBADN SINGH | |

उक्त पथ के लिए चयनित मार्गरेखन पर अवस्थित भू–खण्डों की उपरोक्त विवरणी में खाता सं0, खेसरा सं0, रकवा इत्यादि, रैयत (भू–स्वामी) के नाम सहित वर्णित है। अगर इस संबंध में किसी व्यक्ति / भू–स्वामी को किसी प्रकार की आपत्ति / दावा हो, तो समाचार–पत्र में इस विज्ञापन के प्रकाशन के 7 (सात) दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में (कार्यावधि में) लिखित रूप से आपत्ति / दावा दे सकते हैं। यदि इस अवधि में किसी प्रकार की आपत्ति / दावा प्राप्त नहीं होता है, तो समझा जायेगा कि रैयतों (भू–स्वामियों) को सतत् लीज के तहत भूमि अधिग्रहण पर कोई आपत्ति नहीं है, यानि भू–स्वामी की सहमति है और पथ निर्माण विभाग विवरणी में अंकित भूखण्डों को सतत् लीज पर अधिग्रहित करने हेतु स्वतंत्र होगा।

दावा के साक्ष्य में भूमि संबंधित विधिक अभिलेख यानि अंतिम दखल कब्जा / स्वामित्व प्रमाण–पत्र आदि प्रस्तुत करना होगा। उक्त अवधि के बाद किसी व्यक्ति का दावा मान्य नहीं होगा। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता है।

नोटः– भूमि का नक्शा अंचल अधिकारी, गोह के कार्यालय / कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सं0–1, औरंगाबाद में (कार्यालय कार्यावधि में) देखा जा सकेगा तथा किसी भी प्रकार की जानकारी ली जा सके।

**कार्यपालक अभियन्ता**
**पथ निर्माण विभाग**
**पथ प्रमंडल सं0–1, औरंगाबाद।**

PR- 020832 ( R C D ) 2025-26

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

संपादकीय

# स्वच्छ शहर में दूषित जल से मौतें !

वर्ष 2025 की विदाई बेला में देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर की भागीरथपुरा बस्ती में दूषित जल से 9 लोगों की जान जाना और दो सौ से अधिक लोगों का बीमार होना इस बात की पुष्टि करता है कि बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने की दृष्टि से हम कहां खड़े हैं। इस घटना ने इंदौर की स्वच्छ छवि को भी बट्टा लगा दिया है। हालांकि इस दुखद हादसे के बाद प्रशासन कड़ी कार्रवाई कर रहा है, लेकिन साफ पानी के अभाव में जिन बेगुनाहों की जान चली गई, उनका क्या? इस पूरे घटनाक्रम में प्रशासन की लापरवाही, अव्यवस्था और संवदेनहीनता सामने आई है। क्योंकि स्वास्थ्य विभाग अभी भी दूषित जल पीने से तीन मौतों को स्वीकार कर रहा है। हालांकि भागीरथपुरा की यह अवैध बस्ती है। फिर भी एक नागरिक की हैसियत से यहां रहने वाले लोग साफ पानी के हकदार तो हैं हीं। लेकिन यह बस्ती पूरी तरह प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार रही है। यूं गंदे पानी की समस्या इंदौर के कई हिस्सों में है, लेकिन भागीरथपुरा में तो नर्मदा पाइप लाइन पर शौचालय बन गया और उसका पानी पेयजल लाइन में मिलता है। वहां लगी बरसों पुरानी पाइप लाइनों में जहरीला पानी बह रहा है, लेकिन किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। मानों उन्हें लोगों के मरने का ही इंतजार रहा हो। जबकि स्थानीय रहवासी गंदे पानी की शिकायत लंबे समय से करते आ रहे थे। किसी जमाने में इस बस्ती में भट्टे होते थे। जब भट्टे बंद हुए तो भूमाफिया ने प्लॉट बेचना शुरू किए। 1975 के आसपास यहां बसाहट शुरू हुई। न ड्रेनेज लाइन बिछी थी न पानी का पता। घनी बसाहट हो गई और लोग 'वोटबैंक' बन गए तो चुनाव जीतने वालों ने काम शुरू किए, लेकिन कोई प्लानिंग नहीं की। बेकलेन थी नहीं तो सड़क के आसपास ही नर्मदा और ड्रेनेज लाइन डाल दी गई। बताया जाता है कि भागीरथपुरा में गंदे पानी की समस्या सालभर से है। यहां की लाइनें 30 साल से ज्यादा पुरानी हैं और कमजोर हो चुकी हैं। भागीरपुरा से जुड़ा नगर निगम का जोन शिकायतों में शहर में दूसरे स्थान पर है। दो माह में सबसे ज्यादा गंदे पानी की शिकायतें मिलीं, लेकिन अफसरों ने ध्यान नहीं दिया। महापौर परिषद ने भागीरथपुरा बस्ती की लाइन बदलने के लिए अगस्त माह में मंजूरी दी थी, लेकिन फाइल आगे ही नहीं बढ़ी। बस्ती में ड्रेनेज की मुख्य लाइन डाल दी गई, लेकिन उससे जोड़ने वाली पुरानी लाइनें अब तक नहीं डाली गईं। सरकार ने भी बड़े अफसरों को लापरवाही की सजा देने के बजाय छोटे अफसरों पर कार्रवाई की है। जबकि गंदे पानी से मौतों का सिलसिला एक हफ्ते से चल रहा है। इस घटना पर मंत्री और क्षेत्रीय विधायक कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मुख्यमंत्री ने घटना की जांच के निर्देश दिए हैं। मामले की जांच जारी है। दोषियों को बक्शा नहीं जाएगा। बस्ती के प्रभावितों का इलाज जारी है। मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने कहा कि बस्ती की पेयजल लाइन को दूषित करने वाले रिसाव को खोजा जा चुका है। इसके बावजूद हम लाइनों को जांच रहे हैं। बस्ती में टैंकरों से पानी वितरित किया जा रहा है। जबकि कलेक्टर शिवम वर्मा का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें बस्ती में तैनात हैं। अब मरीजों की संख्या में कमी आई है। मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता दी जा चुकी है। लेकिन सरकार की जिम्मेदारी यहीं खत्म नहीं हो जाती। अव्वल तो यह अवैध कॉलोनी वैध क्यों नहीं हुई और इसमें जरूरी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध क्यों हुई तथा इसके लिए कौन जिम्मेदार है, यह तय करना जरूरी है। लोग दूषित पानी पीने से मरें, इससे दुखद और क्या हो सकता है?

# शिक्षा, कौशल और आत्मनिर्माण का समय

**अंग्रेजी कैलेंडर में 1 जनवरी के साथ ही नए साल की शुरुआत हो जाती है। यह पश्चिमी उत्सव अन्य लोगों के साथ - साथ विद्यार्थियों के जीवन में भी कुछ नया संकल्प देने का काम करता है। विद्यार्थियों के लिए नववर्ष का महत्व और भी बढ़ जाता है, क्योंकि यही वह समय होता है जब उनके सपने आकार लेने लगते हैं और भविष्य की दिशा तय होने लगती है। बीता हुआ वर्ष अपने साथ अनुभवों की एक गठरी छोड़कर विदा होता है, कुछ अनुभव सफलता के होते हैं, जो आत्मविश्वास को मजबूत करते हैं, तो कुछ असफलताओं के होते हैं, जो जीवन की महत्वपूर्ण सीख बन जाते हैं। ऐसे में नववर्ष विद्यार्थियों के लिए आत्मचिंतन, संकल्प और आत्मविकास की राह पर आगे बढ़ने का संदेश लेकर आता है। यदि नववर्ष की शुरुआत शिक्षा, कौशल और सकारात्मक सोच के समन्वय से की जाए, तो यह केवल एक नया साल नहीं, बल्कि उज्ज्वल भविष्य की सशक्त नींव बन सकता है।**

**ममता कुशवाहा**

नववर्ष का सबसे पहला और सबसे महत्वपूर्ण पक्ष आत्मचिंतन है। आज के समय में विद्यार्थी पाठ्यक्रम पूरा करने, परीक्षाओं की तैयारी और अंकों की होड़ में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि वे स्वयं से संवाद करना ही भूल जाते हैं। नववर्ष उन्हें यह अवसर देता है कि वे कुछ क्षण ठहरकर अपने बीते वर्ष पर शांत मन से विचार करें। उन्होंने पूरे वर्ष में क्या सीखा, कहाँ वे सफल रहे, कहाँ उनसे चूक हुई, किन विषयों में उनकी रुचि बढ़ी और किन क्षेत्रों में उन्हें और अधिक परिश्रम करने की आवश्यकता है, इन सभी प्रश्नों पर विचार करना आत्मविकास की दिशा में पहला कदम है। आत्मचिंतन से विद्यार्थी अपनी कमजोरियों को स्वीकार करना और अपनी क्षमताओं को पहचानना सीखते हैं, जिससे उनका आगे का सफर अधिक स्पष्ट और सार्थक बनता है।

आज भी समाज में शिक्षा को केवल परीक्षा और अंकों के दायरे में ही सीमित कर दिया जाता है, जबकि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करना है। नववर्ष विद्यार्थियों को यह समझने का अवसर देता है कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है। शिक्षा एक ऐसी प्रक्रिया है,जिसमें सोचने, समझने, प्रश्न करने और समाधान खोजने की क्षमता विकसित होती है। जब विद्यार्थी शिक्षा को केवल बोझ नहीं, बल्कि ज्ञान की यात्रा के रूप में देखते हैं, तब पढ़ाई आनंददायक बन जाती है। जीवन से जुड़ी शिक्षा न केवल रोजगार के अवसर प्रदान करती है, बल्कि व्यक्ति को समाज के लिए भी उपयोगी बनाती है। नववर्ष इस व्यापक दृष्टिकोण को अपनाने की प्रेरणा देता है। विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य का होना अत्यंत आवश्यक है। बिना लक्ष्य के जीवन दिशाहीन हो जाता है। नववर्ष को लक्ष्य निर्धारण का सबसे उपयुक्त समय माना जाता है, क्योंकि यह नई शुरुआत का प्रतीक है। इस समय यदि विद्यार्थी अपने लक्ष्य स्पष्ट और यथार्थवादी ढंग से तय करें, तो वे भटकाव से बच सकते हैं। लक्ष्य केवल अच्छे अंक लाने या किसी प्रतिष्ठित संस्थान में प्रवेश पाने तक सीमित नहीं होने चाहिए। इनमें ज्ञान अर्जन, कौशल विकास,अच्छे चरित्र का निर्माण और स्वस्थ जीवनशैली भी शामिल होनी चाहिए। नववर्ष यह सिखाता है कि लक्ष्य जितने स्पष्ट होंगे, प्रयास उतने ही केंद्रित होंगे और परिणाम उतने ही संतोषजनक प्राप्त होंगे। आज का युग केवल डिग्री हासिल करने का नहीं, बल्कि



कौशल विकसित करने का है। नववर्ष विद्यार्थियों को यह समझने का अवसर देता है कि बदलती दुनिया में वही व्यक्ति आगे बढ़ेगा, जो नए कौशल सीखने के लिए सदैव तत्पर रहेगा। संचार कौशल, समस्या समाधान की क्षमता, रचनात्मक सोच, टीम वर्क और डिजिटल साक्षरता जैसे कौशल आज के समय में अत्यंत आवश्यक हो चुके हैं। नववर्ष विद्यार्थियों को प्रेरित करता है कि वे अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार नए-नए कौशल सीखें, ताकि वे केवल परीक्षा में ही नहीं, बल्कि जीवन की वास्तविक चुनौतियों में भी सफल हो सकें। विद्यार्थियों के जीवन में समय सबसे बहुमूल्य संसाधन होता है, किंतु वे अक्सर इसका महत्व नहीं समझ पाते और समय व्यर्थ कर देते हैं। नववर्ष समय प्रबंधन की अच्छी आदतें विकसित करने का श्रेष्ठ अवसर है। जब विद्यार्थीअपनी दिनचर्या की सही योजना बनाते हैं और पढ़ाई, विश्राम तथा मनोरंजन के बीच संतुलन बनाए रखते हैं, तब वे मानसिक तनाव से बचे रहते हैं। समय का सही उपयोग न केवल शैक्षणिक सफलता दिलाता है, बल्कि आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। नववर्ष यह संकल्प लेने का समय है कि समय को अपना मित्र बनाया जाए, न कि शत्रु।

शिक्षा और कौशल के साथ-साथ मानसिक और भावनात्मक विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है। आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में अपेक्षाओं का दबाव विद्यार्थियों पर गहरा प्रभाव डालता है, जिसके कारण वे तनाव, चिंता और निराशा का शिकार हो जाते हैं। नववर्ष उन्हें यह अवसर देता है कि वे अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें। सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, धैर्य और आत्मसंयम जैसे गुण कठिन परिस्थितियों में विद्यार्थियों के सबसे बड़े सहायक बनते हैं। नववर्ष यह संदेश देता है कि स्वस्थ मन के बिना कोई भी सफलता स्थायी नहीं हो सकती। विद्यार्थी जीवन में अनुशासन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। नववर्ष नई और अच्छी आदतें अपनाने का सबसे उपयुक्त समय है। नियमित अध्ययन, समय पर कार्य पूरा करना, स्वस्थ दिनचर्या अपनाना और आत्म नियंत्रण जैसी आदतें धीरे-धीरे बड़े बदलाव लाती हैं। अनुशासन केवल नियमों का पालन करना नहीं है, बल्कि स्वयं के प्रति ईमानदार रहना है। नववर्ष यह सिखाता है कि छोटी-छोटी अच्छी आदतें मिलकर भविष्य का निर्माण करती हैं और व्यक्ति को सफलता की ओर ले जाती हैं।

शिक्षा का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत सफलता प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाना भी है। नववर्ष विद्यार्थियों को यह सोचने का अवसर देता है कि वे समाज के लिए क्या कर सकते हैं। ईमानदारी, सहानुभूति, सहयोग और जिम्मेदारी जैसे नैतिक मूल्य शिक्षा को वास्तविक अर्थ प्रदान करते हैं। जब विद्यार्थी समाज की समस्याओं को समझते हैं और उनके समाधान के लिए प्रयास करते हैं, तब वे सही अर्थों में शिक्षित कहलाते हैं। नववर्ष सामाजिक चेतना और मानवीय मूल्यों को जाग्रत करने का भी समय है। आत्मविश्वास सफलता की सबसे मजबूत नींव होता है। नववर्ष विद्यार्थियों में यह विश्वास जगाता है कि हर असफलता एक नई सीख लेकर आती है। बीते वर्ष की गलतियाँ यदि समझदारी से देखी जाएँ, तो वे भविष्य की राह को और अधिक स्पष्ट कर सकती हैं। नववर्ष आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश देता है। जब विद्यार्थी स्वयं पर भरोसा करना सीख लेते हैं, तब कठिन से कठिन लक्ष्य भी उन्हें असंभव नहीं लगते।

आज का नववर्ष डिजिटल युग की अपार संभावनाओं से जुड़ा हुआ है। ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल संसाधन और वैश्विक मंच विद्यार्थियों के लिए सीखने के नए द्वार खोलते हैं। नववर्ष उन्हें यह अवसर देता है कि वे तकनीक का सही और सकारात्मक उपयोग करना सीखें। यदि तकनीक का उपयोग सही दिशा में किया जाए, तो यह ज्ञान के विस्तार और आत्मविकास का सशक्त माध्यम बन सकती है।

विद्यार्थियों के लिए नववर्ष केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं है, बल्कि यह एक संकल्प है- स्वयं को बेहतर बनाने का, शिक्षा को जीवन से जोड़ने का और कौशल के माध्यम से भविष्य को सशक्त बनाने का। यदि विद्यार्थी नववर्ष को आत्मचिंतन, लक्ष्य निर्धारण और निरंतर प्रयास से जोड़ लें, तो यह वर्ष उनके जीवन का निर्णायक मोड़ बन सकता है। नववर्ष यह याद दिलाता है कि वास्तविक परिवर्तन बाहर से नहीं, बल्कि भीतर से शुरू होता है। जब विद्यार्थी शिक्षा, कौशल और सकारात्मक सोच के साथ नववर्ष का स्वागत करते हैं, तब यह केवल एक तारीख नहीं रह जाता, बल्कि उज्ज्वल भविष्य की सशक्त शुरुआत बन जाता है।

अध्यात्म

## हार से क्रोध का कनेक्शन

बहुत समय पहले की बात है नवनीत। आदि शंकराचार्य और मंडन मिश्र के बीच सोलह दिन तक लगातार शास्त्रार्थ चला। शास्त्रार्थ की निर्णायक थीं मंडन मिश्र की धर्म पत्नी देवी भारती। हार-जीत का निर्णय होना बाक़ी था, इसी बीच देवी भारती को किसी आवश्यक कार्य से कुछ समय के लिये बाहर जाना पड़ गया।

लेकिन जाने से पहले देवी भारती नें दोनों ही विद्वानों के गले में एक-एक फूल माला डालते हुए कहा, यें दोनो मालाएं मेरी अनुपस्थिति में आपके हार और जीत का फैसला करेंगी। यह कहकर देवी भारती वहाँ से चली गई। शास्त्रार्थ की प्रकिया आगे चलती रही।

कुछ देर बाद देवी भारती अपना कार्य पूरा करके लौट आई। उन्होंने अपनी निर्णायक नजरों से शंकराचार्य और मंडन मिश्र को बारी- बारी से देखा और अपना निर्णय सुना दिया। उनके फैसले के अनुसार आदि शंकराचार्य विजयी घोषित किये गये और उनके पति मंडन मिश्र की पराजय हुई थी।

सभी लोग ये देखकर हैरान हो गये कि बिना किसी आधार के इस विदुषी ने अपने पति को ही पराजित करार दे दिया।

एक विद्वान नें देवी भारती से नम्रतापूर्वक जिज्ञासा की- हे ! देवी आप तो शास्त्रार्थ के मध्य ही चली गई थीं फिर वापस लौटते ही आपनें ऐसा फैसला कैसे दे दिया ?

देवी भारती ने मुस्कुराकर जवाब दिया - जब भी कोई विद्वान शास्त्रार्थ में पराजित होने लगता है, और उसे जब हार की झलक दिखने लगती है तो इस वजह से वह क्रोधित हो उठता है और मेरे पति के गले की माला उनके क्रोध की ताप से सूख चुकी है जबकि शंकराचार्य जी की माला के फूल अभी भी पहले की भांति ताजे हैं। इससे ज्ञात होता है कि शंकराचार्य की विजय हुई है।

विदुषी देवी भारती का फैसला सुनकर सभी दंग रह गये, सबने उनकी काफी प्रशंसा की।

क्रोध मनुष्य की वह अवस्था है जो जीत के नजदीक पहुँचकर हार का नया रास्ता खोल देता है।

क्रोध न सिर्फ हार का दरवाजा खोलता है, बल्कि रिश्तों में दरार का कारण भी बनता है। इसलिये कभी भी क्रोध को खुद पर हावी ना होने दें।

कोध्र से भ्रम पैदा होता है, भ्रम से बुद्धि व्यग्र होती है, जब बुद्धि व्यग्र होती है तब तर्क नष्ट हो जाता है, जब तर्क नष्ट होता है, तब व्यक्ति का पतन हो जाता है।

# भारत 2026 : आगे ऊबड़-खाबड़ रास्ता...

**जैसे ही 2025 इतिहास में एक उथल-पुथल भरे साल के रूप में दर्ज होता है, एक मिली-जुली स्थिति वाला भारत सावधानी भरी उम्मीद के साथ 2026 में कदम रखता है, क्योंकि उसके सामने नई चुनौतियां हैं। फिर भी, बीते साल की दहलीज से उम्मीद मुस्कुराती है, फुसफुसाते हुए कि यह ज्यादा खुशहाल होगा। क्या ऐसा होगा? निःसंदेह, प्रधानमंत्री मोदी सही हैं। भारत के पास गर्व करने के लिए बहुत कुछ है- ऑपरेशन सिंदूर, महाकुंभ, अयोध्या राम मंदिर में ध्वजारोहण समारोह, पुरुषों की क्रिकेट आई.सी.सी. चैंपियनशिप, महिला क्रिकेट विश्व कप और महिला ब्लाइंड टी20 विश्व कप जीतना, शुक्ला का इंटरनैशनल स्पेस स्टेशन में पहले भारतीय बनना आदि।**

**पूनम आई. कौशिश**

हम अभूतपूर्व समय में जी रहे हैं क्योंकि 2025 का अंत भयानक लिंचिंग की एक बदसूरत और शर्मनाक घटना के साथ हुआ, जिसमें 'दूसरों को अलग-थलग करने' की भावना सामान्य होती जा रही है। देहरादून में उत्तराखंडियों द्वारा 24 साल के त्रिपुरा के एक एम.बी.ए. छात्र को नफरत भरे अपराध में चाकू मार दिया गया, उसे 'चीनी, चिंकी, मोमोज, नेपाली' कहकर ताना मारा गया। दक्षिण में, ओडिशा और केरल में 20 साल के एक बंगाली और एक 31 साल के छत्तीसगढ़ी प्रवासी मजदूरों को 'बंगलादेशी' कहा गया। उत्तर-पूर्वी लोगों को राजधानी दिल्ली में नस्लवाद का सामना करना पड़ता है। सवाल यह है कि क्या युवा और मजदूर अपने ही देश में बिना किसी डर के और सुरक्षित रूप से घूम नहीं सकते?




दुख की बात है कि किसी भी सरकार ने नफरत भरे अपराध या नस्लवाद को मान्यता नहीं दी, पुलिस हमेशा खतरनाक विचारों और ड्क्षहसक घटनाओं को 'छिटपुट घटनाएं' कहकर टाल देती है लेकिन वे ऐसी नहीं हैं। वे इस जेनोफोबिया और 'दूसरों को अलग-थलग करने' के पैटर्न हैं, जिन पर ध्यान नहीं दिया जाता और जो 'स्थानीय नहीं', छात्रों-मजदूरों के लिए अक्सर क्रूर रूप से सामने आते हैं। इसके अलावा, राजनीतिक ध्रुवीकरण और प्रतिस्पर्धा के दौर में, पहचान की बहुलता और ओवरलैपिंग के कारण, हम तेजी से अधिक नस्लवादी, जातिवादी और सांप्रदायिक होते जा रहे हैं, जिससे एक परेशान भारत असहिष्णुता के बढ़ते हमले के तहत अपनी आत्मा की तलाश कर रहा है। इससे भी बढ़कर, काफ्काएस्क जैसी दुनिया में, जहां नस्लीय पहचान एक चिपचिपा बोझ है, जिसे सामाजिक माहौल में हटाना मुश्किल है।

चौंकाने वाली बात यह है कि क्रिसमस को आर.एस.एस. से जुड़े विहिप-बजरंग दल के कार्यकर्त्ताओं के शर्मनाक व्यवहार ने खराब कर दिया, जिन्होंने कैरल गाने वालों और क्रिसमस समारोहों में तोडफ़ोड़ की, चर्चों और स्कूलों पर हमला किया, सांता कैप बेचने वाले विक्रेताओं को परेशान किया, बिना किसी डर के 'धर्म परिवर्तन' के आरोप लगाए, केरल, असम, ओडिशा, एम.पी., छत्तीसगढ़, हरियाणा और दिल्ली में दृष्टिबाधित ईसाई महिलाओं पर हमला किया। अफसोस की बात है कि न तो पुलिस ने संज्ञान लिया है और न ही धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और दुश्मनी को बढ़ावा देने के लिए एफ.आई.आर. दर्ज की गई है या गुंडों को गिरफ्तार किया गया है।

यह एक खतरनाक संदेश भेजता है कि जब राजनीतिक संरक्षण मान लिया जाता है तो सार्वजनिक व्यवस्था और संवैधानिक सुरक्षा को बिना किसी कीमत के मोड़ा जा सकता है। कोई बात नहीं, मोदी ने नुकसान की भरपाई के लिए दिल्ली के एक चर्च में मास में भाग लिया। एक मौलिक सवाल उठता है-क्या भारत सांप्रदायिक सद्भाव और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के बारे में बात करने का नैतिक अधिकार रखता है? गहरी समस्या यह है कि पिछले एक दशक में, आत्मनिरीक्षण और सामाजिक सुधार की बजाय, युवाओं के एक बड़े वर्ग को नफरत, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण, झूठा गौरव और दूसरों के प्रति तिरस्कार सिखाया गया है। ये भावनाएं अब सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम व्यक्त की जा रही हैं। पाखंड तब स्पष्ट होता है, जब बंगलादेश में ड्क्षहदुओं को भीड़ द्वारा जलाने पर गुस्सा व्यक्त करने वाले वही लोग हैं जो भारत के भीतर हत्याओं को सही ठहराते हैं या भीड़ द्वारा पीट-पीटकर की गई हत्याओं का जश्न मनाते हैं।

अल्पसंख्यकों और हाशिए पर पड़े लोगों के खिलाफ ड्क्षहसा को 'अंदरूनी मामले' कहकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अगर यही तर्क लगातार लागू किया जाए, तो भारत को दुनिया में कहीं भी मानवाधिकारों के उल्लंघन पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं होगा। इस आक्रोश के बीच, आम आदमी रोटी, कपड़ा और मकान के लिए संघर्ष कर रहा है, जबकि बढ़ती हुई नाराज और बेचैन जनता जवाब मांग रही है। सामाजिक मोर्चे पर हालात निराशाजनक हैं। आजादी के 78 साल बाद, शिक्षा, स्वास्थ्य और भोजन पर खरबों खर्च करने के बाद भी, 60 प्रतिशत लोग भूखे, अनपढ़, अकुशल और बुनियादी चिकित्सा देखभाल से वंचित हैं, सरकारी आंकड़ों की तो बात ही छोड़िए। दुख की बात है कि किसी के पास भी आम आदमी की सिस्टम से बढ़ती निराशा के लिए समय नहीं है, जो गुस्से में फूट पड़ती है। किसी भी मोहल्ले, जिले या राज्य में चले जाएं, कहानी दुखद रूप से वही है। नतीजतन, ज्यादा से ज्यादा लोग कानून अपने हाथ में ले रहे हैं, जिसका सबूत बढ़ते दंगे और लूटपाट हैं। सिस्टम इतना बीमार हो गया है कि आज भीड़भाड़ वाली जगहों, ट्रेनों में महिलाओं के साथ बलात्कार हो रहा है और जनता मूकदर्शक बनी हुई है।

अब सरकार को गंभीरता से सोचने की जरूरत है। क्या उनमें शांति और अहिंसा के लिए बोलने का नैतिक साहस है, जबकि उनकी राजनीतिक यात्रा अक्सर उन्हीं आदर्शों के विरोध में बनी है? क्या शीर्ष नेतृत्व अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने वाली संगठित अहिंसा के खिलाफ बोल सकता है और अधिकारियों को जिम्मेदार लोगों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने का निर्देश दे सकता है? जैसे ही भारत 2026 में प्रवेश कर रहा है, हमारे नेताओं को छोटी-मोटी बातों पर परेशान होना बंद करना होगा, खुद को संभालना होगा, जिम्मेदारी लेनी होगी, अपने तरीके बदलने होंगे और शासन के असली गंभीर मुद्दों को संबोधित करना होगा। बेरोजगारी, बढ़ती कीमतें, शिक्षा और स्वास्थ्य में सीखने की कमियों को दूर करना। उन्हें यह समझना होगा कि भारत की लोकतांत्रिक शक्ति का लचीलापन आम आदमी की वजह से है। हमारे पॉलिसी बनाने वालों को जीवन को आसान बनाने के लिए अपने प्रयासों को दोगुना करने की जरूरत है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
अव्यवहारिक निर्णय लेने से नुकसान होगा। सरकारी कार्यों में मनोनुकूल परिणाम मिलने से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। बहुप्रतीक्षित कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**वृषभ**
आज पड़ोसियों से सम्बन्ध खराब हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से मतभिन्नता हो सकती है। दवाइयों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में परिवर्तन कर सकते हैं। व्यापारियों को योजनाओं में सफलता मिलेगी। बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता मिलेगी। सेहत को लेकर समस्या दूर होगी।

**कर्क**
जीवनसाथी की बातों को महत्व अवश्य दें। नजदीकी सम्बन्धों में संवादहीनता उत्पन्न हो सकती है। कार्यक्षेत्र में गलतियों को बार-बार न दोहरायें।

**सिंह**
आज आपके सभी काम सफल होंगे। जीवनसाथी आपको अच्छा उपहार दे सकते हैं। प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों को पदोन्नति मिल सकती है।

**कन्या**
अपने शौक और मनोरञ्जन पर धन खर्च कर सकते हैं। आर्थिक मामलों को लेकर सावधान रहेंगे। प्रेम सम्बन्धों में परस्पर सम्मान की भावना का ध्यान रखें।

**तुला**
आप दूसरों की मदद को लेकर तत्पर रहेंगे। उत्तम भोजन का आनन्द उठायेंगे। किसी शुभ कार्य को लेकर मन में शंका उत्पन्न हो सकती है।

**वृश्चिक**
विदेश में व्यापार करने के अवसर मिलेंगे। जो लोग पहले से विदेश में काम कर रहे हैं उन्हें बड़े व्यापारिक अनुबन्ध मिल सकते हैं।

**धनु**
नयी नौकरी की शुरुआत कर सकते हैं। प्रेम विवाह को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है। घर में हास्य व मनोरञ्जन का माहौल रहेगा। किसी शुभ कार्य को लेकर मन में शंका उत्पन्न हो सकती है।

**मकर**
अपनी पुरानी गलतियों को स्वीकारें व उसे दूर करने का प्रयास करें। सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। मन में अनिष्ट का भाव रहेगा। अपनी योजनाओं को दूसरों से शेयर न करें।

**कुंभ**
परिवार में किसी बात को लेकर मतभेद हो सकते हैं। जहाँ आवश्यक न हो वहाँ बोलने से बचें। व्यर्थ के खर्चों के कारण बजट गड़बड़ा सकता है।

**मीन**
धार्मिक क्रियाओं में आपकी सहभागिता बढ़ेगी। मतभेदों को दूर करने में सफलता मिलेगी। व्यवसाय में किसी तकनीक त्रुटि के दूर होने से राहत मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### माता सावित्रीबाई फुले शिक्षिका बिटिया जन-पुरस्कार समारोह आज

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महान समाज सुधारक माता सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर मिशन नौनिहाल सम्मान के तत्वावधान में 03 जनवरी 2026 को संपतचक प्रखंड अंतर्गत एकतापुरम भोगीपुर मे भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. समारोह मे बिहार विधानसभा के सचेतक सह विधायक अरुण मांझी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएंगे. गौरतलब हो की संपतचक भोगीपुर निवासी वरिष्ठ समाज सेवी सुखदेव सिंह के मार्गदर्शन में मिशन नौनिहाल समाज के अंतिम पंक्ति तक शिक्षा की ज्योति पहुँचाने का कार्य कर रही है जिसमें मिन्ता कुमारी पासवान, तृषा कुमारी पासवान एवं अंजली कुमारी पासवान निशुल्क ट्यूशन केन्द्र की तीन समर्पित शिक्षिका बेटियों को उनके निःस्वार्थ शैक्षणिक योगदान हेतु 'माता सावित्रीबाई फुले शिक्षिका बिटिया जन-पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा. इस ऐतिहासिक अवसर पर स्थानीय वार्ड पर्षद एवं पूर्व मुखिया नीतू कुमारी,समाजसेवी रॉकी कुमार उर्फ रॉकी मुखिया सहित विधि, शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े अनेक प्रबुद्ध नागरिक, समाजसेवी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे.

### फरार आरोपित व शराब तस्कर गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के बेउर थाना पुलिस ने बीती रात विशेष अभियान चलाकर अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. कार्रवाई के दौरान आर्म्स एक्ट के एक पुराने मामले में फरार चल रहे आरोपी को दबोचा गया, वहीं शराब के साथ एक तस्कर को भी रंगेहाथ पकड़ा गया. थानाध्यक्ष अफसर हुसैन ने बताया कि पुलिस टीम ने बेउर थाना कांड संख्या 3/25 के तहत हरनी चक निवासी नीरज कुमार को शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया. गिरफ्तारी के समय वह शराब के नशे में भी था. तलाशी के दौरान उसके पास से करीब 5 लीटर देसी शराब बरामद की गई. इसके अलावा पुलिस ने वर्ष 2017 में दर्ज आर्म्स एक्ट के एक मामले में फरार चल रहे साई चक निवासी राजकुमार को भी गिरफ्तार किया. राजकुमार बेउर थाना कांड संख्या 3/17 आर्म्स एक्ट में लंबे समय से वांछित था. थानाध्यक्ष के अनुसार आर्म्स एक्ट मामले में गिरफ्तार राजकुमार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है. वहीं शराब विक्रेता नीरज कुमार का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे बिहार मध्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत जेल भेज दिया गया. पुलिस का कहना है कि इलाके में अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा.

### महिला कॉलेज खगौल एवं प्रेम यूथ फाउंडेशन के बीच इंटर्नशिप को लेकर एमओयू

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नई शिक्षा नीति के अंतर्गत महिला कॉलेज खगौल एवं प्रेम यूथ फाउंडेशन के बीच इंटर्नशिप को लेकर एमओयू हुआ है । मौके पर उपस्थित कॉलेज के प्राचार्या डॉ उषा विद्यार्थी ने कहा कि नई शिक्षा नीति में छात्राओं के लिए इंटर्नशिप बहुत ही लाभकारी सावित हो रहा है । इससे छात्राओं को सर्वांगीण विकास में काफी मददगार है । किताब के साथ साथ चरित्र निर्माण, जीवन कौशल पर विशेष बल दिया जा रहा है। कॉलेज के छात्राओं को एक्सपोजर विजिट कराया जायेगा। वही प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि इंटर्नशिप छात्र छात्राओं के हित मे उठाया गया बहुत बड़ा कदम है। फाउंडेशन डिजाइन फॉर चेंज, युवा नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकास, जलवायु परिवर्तन, सायबर सुरक्षा, आपदा प्रवंधन , एनजीओ मैनेजमेंट के विषय पर 60 से लेकर 120 घँटा का इंटर्नशिप कराया जा रहा है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है और सभी छात्र छात्राओं के लिए इसे अनिवार्य कर उन्हें जीवन के मूल्यों को समझने का अवसर दिया है । मौके पर एन ई पी कौडिनेटर डॉ वीणा कुमारी , एन एसएस प्रोग्राम ऑफिसर सुमन कुमारी, समर्थ पोर्टल के इंचार्ज डॉ राखी सिन्हा, डॉ कविता जैन ,प्रोग्राम ऑफिसर हिमांशु शर्मा मौजूद रहे ।



### मनेर के विकास के मुद्दे पर उपमुख्यमंत्री से मिले नगर परिषद अध्यक्ष

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनेर नगर परिषद के विकास के मुद्दे को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष विद्याधर विनोद सिंह शुक्रवार को सुबे के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिले। नगर अध्यक्ष विधाधर विनोद सिंह ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मनेर के विकास के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के चौड़ीकरण शीघ्रता से कराने की मांग की। वही अध्यक्ष ने मनेर के प्रसिद्ध सूफी संत मखदूम याहिया मनेरी व मखदूम शाह दौलत मनेरी की दरगाह व वहां के इर्दगिर्द स्थलों का सौंदर्यीकरण,तालाब के चारों ओर पैदल चलने लायक वॉकवे निर्माण के साथ ही राजमार्ग पर महादेव स्थान स्थित बाबा रामनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार व हल्दी छपरा कटाव को रोकने के उपाय के साथ ही संगम का विकास करने की मांग की। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नगर परिषद अध्यक्ष विद्याधर विनोद सिंह को आश्वस्त किया। मौके पर सशक्त स्थाई समिति के सदस्य के प्रतिनिधि रणवीर यादव आदि मौजूद थे।



### दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में एक गंभीर रूप से जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनएच 31 गुलाब बाग चौक पर शुक्रवार के दिन दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई हादसे में पटना से मोकामा की तरफ जा रहे मोटरसाइकिल सवार 35 वर्षीय दिनेश चौबे खुसरूपुर निवासी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके दोनों पांव और हाथ पूरी तरह से चोटिल हो गए । हादसे के बाद उसे इलाज के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां घायल युवक का इलाज चल रहा है। घायल युवक ने बताया कि वह खुसरूपुर से अपने बहन के यहां पायजवा पर जा रहा था तभी हादसा ग्रस्त हो गया। वहीं टक्कर मारने वाला मोटरसाइकिल सवार घायल तो हुआ लेकिन फिर से मोटरसाइकिल को उठाकर भागने में सफल हो गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### रेल पुलिस ने छापेमारी कर शराब बरामद की एक गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेल थाना प्रभारी मानिकचंद पांडे के नेतृत्व में बाढ़ रेलवे स्टेशन से सटे हुए बुढाउद्दीन चक के गांव में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी चलाया। जिसमें देसी शराब 20 लीटर बरामद की इस दौरान लोकल पुलिस भी मौके पर पहुंच गए और दोनों पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी करते हुए अनिल पासवान नामक युवक को भी गिरफ्तार किया। मामले पर रेल थाना प्रभारी ने बताया कि करीब 30 से 40 लीटर अवैध शराब जो बर्तन में रखे हुए थे उसे बर्बाद कर दिया गया और कुछ शराब बरामद की गई है।

### 2 दिन पूर्व सड़क रिपेयरिंग, फिर आई दरार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय गुलाब बाग से सकसोहरा को जाने वाली ठ्ठ 30 ए सड़क का निर्माण अभी कुछ दिन पहले हुआ था 5 साल मेंटेनेंस के दौरान सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा दो दिन पूर्व सिकंदरपुर से जमुनीचक विद्यालय तक रिपेयरिंग काम चलाया गया लेकिन निर्माण के दौरान गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखे जाने के चलते सड़क पूरी तरह से टूटकर बर्बाद हो गया। जिसको लेकर वाहनों को चलने में काफी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ठेकेदार के द्वारा घटिया किस्म का काम किए जाने के चलते इस तरह का नजारा देखने को मिल रहा है। दो दिन पूर्व ही इस सड़क का रिपेयरिंग किया गया था लेकिन सड़क का और भी बुरा हाल हो गया मामले पर कोई भी पदाधिकारी बोलने से गुरेज कर रहे हैं।

### मारपीट कर युवक को जख्मी किया

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भदौर थाना क्षेत्र के पोखर पर गांव में फर्स्ट जनवरी की देर रात्रि तक डीजे पर डांस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान देर रात तक लोग शराब के नशे में नाचते गाते रहे। फिर गांव के ही राम प्रवेश महतो के 19 वर्षीय पुत्र अनंत कुमार के साथ कुछ बदमाशों ने जमकर मारपीट कर अधमरा कर दिया। बेहोशी की हालत में परिजन उसे उठाकर घर ले गए और फिर उसका इलाज के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां युवक का इलाज चल रहा है युवक ने बताया कि नशे की हालत में 4 से 5 की संख्या में बदमाश उन्हें बुरी तरह से पिटाई कर दी। जिसमें युवक की हालत बिगड़ गई मामले को लेकर भदौर थाना में इसकी शिकायत की गई है।

# पटना सिटी के कुख्यात अपराधी मैनेजर राय के साथ पुलिस की मुठभेड़

## एसटीएफ-खगौल पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पैर में लगी गोली, मैनेजर राय गिरफ्तार





**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना में फुलवारी शरीफ और खगौल थाना की सीमा पर स्थित खगौल लख के पास पटना सिटी के कुख्यात अपराधी मैनेजर राय के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई. घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई, थोड़ी देर बाद लोगों को पता चला कि यहां पटना सिटी के दीदारगंज का रहने वाला कुख्यात बदमाश मैनेजर राय को एसटीएफ और खगौल थाना के पुलिस ने गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया है .घायल अवस्था में अपराधी मैनेजर राय को पटना एम्स में भर्ती कराया गया है इसके बाद इलाके में लोगों ने राहत की सांस ली. मुठभेड़ के बाद पुलिस ने घटनास्थल से एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं. सिटी एसपी पश्चिमी भानु प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की समीक्षा की. खगौल लख के पास हुई इस मुठभेड़ में दोनों ओर से करीब छह राउंड फायरिंग हुई. एम्स पटना में डॉक्टरों ने उसकी हालत खतरे से बाहर बताई है. हालांकि मुठभेड़ की खबर फैलते ही खगौल और आसपास के इलाकों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया था .एहतियातन लोगों ने घरों के दरवाजे बंद कर लिए. पुलिस ने अतिरिक्त बल तैनात कर इलाके की घेराबंदी की. मौके पर पटना के सीनियर एसपी कार्तिकेय शर्मा सिटी एसपी डीएसपी समेत भारी संख्या पुलिस ऑफिसर को बुलाया गया. एफ एस एल की टीम को बुलाकर वहां साक्षय एकत्रित कराया गया.मैनेजर राय लंबे समय से पटना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ था. उस पर हत्या, रंगदारी, लूट, हत्या की कोशिश और अवैध हथियार रखने सहित करीब 20 संगीन मामले दर्ज हैं. कई मामलों में वह वांटेड चल रहा था और उस पर इनाम भी घोषित था. पटना के सीनियर एसपी कार्तिकेय शर्मा के मुताबिक शुक्रवार सुबह पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि वह खगौल इलाके में मौजूद है. सूचना के आधार पर एसटीएफ और खगौल थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से घेराबंदी कर चेकिंग अभियान शुरू किया. चेकिंग के दौरान पुलिस को देखते ही मैनेजर राय स्कूटी छोड़कर भागने लगा और पुलिस पर फायरिंग कर दी. पुलिस के अनुसार, उसने दो राउंड गोलियां चलाईं. इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक गोली उसके पैर में लगी और वह गिर पड़ा. घायल अपराधी की पहचान दीदारगंज निवासी मैनेजर राय के रूप में की गई है. पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, मैनेजर राय वर्ष 2022 में खगौल थाना क्षेत्र में हुए डॉ. मो. अनवर आलम हत्याकांड में भी शामिल रहा है. इसके अलावा उस पर कई थानों में गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं. बताया जाता है कि उसने बिहार के पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पांडेय के दामाद से रंगदारी की मांग की थी, जिसके बाद उसका नाम खासा सुर्खियों में आया था. वहीं, पुलिस ने आसपास के इलाकों में सर्च ऑपरेशन चलाकर यह सुनिश्चित किया कि अपराधी का कोई सहयोगी मौके के आसपास मौजूद न हो. पुलिस अब गिरफ्तार अपराधी के आपराधिक नेटवर्क, सहयोगियों और फरार साथियों के संबंध में पूछताछ की तैयारी कर रही है.

## ड्रग्स कारोबार का भंडाफोड़, ब्राउन शुगर, स्मैक, नशे की सूई और नकदी के साथ 4 तस्कर गिरफ्तार





**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नव वर्ष की शाम गौरीचक थाना पुलिस को नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कामयाबी हाथ लगी है. पुलिस ने छापेमारी कर ड्रग्स के चार सौदागरों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के पास से भारी मात्रा में ब्राउन शुगर, स्मैक, नशे की सूई, नगद रुपये और एक स्कूटी बरामद की गई है. कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है. प्रशिक्षु डीएसपी विजय रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि सोहगी मोड़ नहर के पास ड्रग्स के कारोबारी एकत्रित हैं. सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने छापामारी की और मौके से चार युवकों को गिरफ्तार कर लिया. तलाशी के दौरान पुलिस ने इनके पास से करीब 30 ग्राम ब्राउन शुगर, 8 पुड़िया स्मैक, पांच दर्जन नशे की सूई, एक स्कूटी और करीब 50 हजार रुपये नगद बरामद किए. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आशिक कुमार, रामू कुमार, शशि कुमार और शुभम पासवान के रूप में हुई है. पूछताछ के दौरान पुलिस को अहम जानकारियां हाथ लगीं. जांच में सामने आया कि इस पूरे धंधे का मुख्य संचालन शशि कुमार कर रहा था. पुलिस के अनुसार शशि कुमार रोजाना तीन से पांच लाख रुपये तक का नशे का कारोबार करता था. पुलिस जब जांच के क्रम में शशि कुमार के घर पहुंची तो उसका बंगला नुमा मकान देखकर दंग रह गई. पूछताछ में शशि की पत्नी ने पुलिस को बताया कि वह पहले गैराज चलाता था, लेकिन बाद में उसने यह काम छोड़कर ड्रग्स के धंधे में कदम रख लिया. पत्नी के अनुसार परिवार ने कई बार इसका विरोध किया, लेकिन शशि ने उनकी एक नहीं सुनी. इसी अवैध कारोबार से उसने आलीशान मकान और कई संपत्तियां खड़ी कर लीं. डीएसपी विजय रंजन ने बताया कि पूछताछ में शशि कुमार ने खुद को इस धंधे की ड्डछोटी मछलीड्ड बताया है. उसने खुलासा किया कि नशे के कारोबार का मुख्य सरगना मसौढ़ी इलाके में है, जो ड्रग्स का थोक व्यापार करता है और रोजाना 10 से 20 लाख रुपये का अवैध कारोबार चलाता है. उसने यह भी बताया कि गोपालपुर निवासी सन्नी के माध्यम से ड्रग्स की सप्लाई होती है, जिसे आगे छोटे स्तर पर बेचा जाता है. पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने लाया है और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है. पुलिस मुख्य सरगना और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में लगातार छापामारी कर रही है.

## दानापुर में नप के वार्ड 3 के परिसीमन पर आपत्ति जांच कराने की मांग

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद के वार्ड 3 के परिसीमन, चौहद्दी व मतदाताओं की संख्या को लेकर नागरिकों में भ्रम व असमंजस की स्थिति बना हुआ है. इसको लेकर पूर्व पार्षद प्रतिनिधि बृज कुमार ने भूमि सुधार उप समाहर्त्ता से लिखित शिकायत कर जांच करने की मांग किया है. लिखित आवेदन में बृज कुमार ने बताया है कि नप के वार्ड 3 के परिसीमन ,चौहद्दी व मतदाताओं की संख्या को लेकर वार्ड के लोगों को भ्रम बना हुआ है. उन्होंने बताया कि परिसीमन के बाद प्रकाशित वर्तमान नक्शा में कुछ और बता रहा है. लेकिन चौहद्दी कुछ और बता रहा है. दोनों में अंतर होने के कारण प्रशासनिक व निर्वाचन संबंधित कार्यों में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड सकता है. प्रकाशित नक्शा व चौहद्दी के अनुसार मतदाताओं की संख्या करीब 1600 से 2000 के बीच हो सकता है. उन्होंने बताया कि चोहद्दी के मुताबिक पडोसी वार्डों के सीमा का मिलान एक-दूसरे से स्पष्ट नही प्रतीत होता है. उन्होंने डीसीएलआर से उपरोक्त बिंदुओं पर जांच कर उचित परिसीमन , चौहद्दी , नक्शा व मतदाताओं की संख्या में सुधार करने की मांग किया है. ताकि परिसीमन के बाद वार्ड का चुनाव सही तरीके से कराया जा सकेंगे. इस संबंध में डीसीएलआर प्रवीण चंदन से संपर्क किया तो संपर्क नही हुआ है.बीडीओ आलोक कुमार ने बताया कि नोडल पदाधिकारी से पुनः जांच कराया जाएगा और परिसीमन, चौहद्दी , नक्शा व मतदाताओं की संख्या का भी. जांच कराया जायेगा. उन्होंने बताया कि अभी तक विभिन्न वार्डों से सात आपत्ति आया है. जिसकी जांच कराया जा रहा है.



## विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित




**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनेर उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक वीरेंद्र कुमार शर्मा का विदाई का सामान समारोह का आयोजन प्राचार्य डॉ राम रतन प्रसाद व शिक्षक प्रतिनिधि डॉक्टर संजय कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ ।इन्होंने विद्यालय में 19 वर्ष से तक अध्यापन कार्य किया। शिक्षक प्रतिनिधि डॉक्टर संजय कुमार ने कहा है कि वीरेंद्र शर्मा इस विद्यालय के छात्र रहे हैं। वहीं शिक्षक के रूप में भी सेवानिवृत्ति यहीं से होना सौभाग्य की बात है। समयनिष्ठ कर्तव्यनिष्ठ एवं ऊर्जावान शिक्षक भी रहे हैं। इनसे हम शिक्षकों व छात्रों को प्रेरणा मिलती है ।यह शिक्षकों एवं छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं ।विदाई के समय सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने नाम आंखों से उन्हें विदाई दी ।सभी की आंखों में आंसू थे। सभी के आंखों से आंसू रुक नहीं रहे थे ।मंच का संचालन शिक्षक श्री हेमंत कुमार ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य डॉक्टर राम रतन प्रसाद ने किया। इस मौके पर गणमान्य व्यक्ति पूर्व प्राचार्य राम नंदन वर्मा ,श्याम नंदन सिंह, गजेंद्र प्रसाद, संजय कुमार ,विजय कुमार ,नूतन, पवन कुमार, नीरज कुमार ,अवधेश चंद्र यादव, सच्चिदानंद सुधांशु ,ज्ञान गौरव, रश्मि कुमारी, ऋतंभरा, शिल्पी कुमारी, संगीता कुमारी, विनय सिंह ,राजमोहन राय ,लक्ष्मण राम आदि शिक्षा एवं शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद रहे।


## दानापुर में दिव्यांगों के बीच कंबल वितरण कर पहुंचाई गई राहत



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कडाके की ठंड और शीतलहर के प्रभाव को देखते हुए बिहार प्रदेश जायसवाल महासभा व दानापुर जायवाल महासभा द्वारा मानवीय संवेदनाओं के साथ लगातार राहत कार्य किया जा रहा है. शुक्रवार को नगर के तकियापर एसबीआई बैंक के समीप दिव्यांगों व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया है. कंबल का वितरण का आयोजन बिहार प्रदेश जायसवाल व दानापुर जायसवाल महासभा द्वारा किया गया . कडाके ठंड व शीतलहर के दौरान दिव्यांगों को ठंड से राहत प्रदान करना था. प्रदेश युवा महासचिव प्रमोद कुमार जायसवाल व कोषाध्यक्ष अरुण चौधरी ने कहा कि हमारी संस्था द्वारा ऐसे ही समाज के कल्याण के लिए कार्य किया करते हैं. श्री जायसवाल ने कहा कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए जररूतमंद, असहाय, दिव्यांगों वर्ग की सहायता करना संस्था की प्राथमिकता है. कंबल प्राप्त कर दिव्यांगों व असहायों ने राहत महसूस की. लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम जरूरतमंदों की बडी राहत प्रदान करते है. मौके पर प्रदेश अध्यक्ष रवि जायसवाल, महासचिव शंभू जायसवाल, संरक्षक राजकुमार जायसवाल, दीपक जायसवाल, शैलेंद्र कुमार, अध्यक्ष विजय जयसवाल, रणधीर जायसवाल, ओमकारनाथ जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, अमर जायसवाल व सुनील जायसवाल समेत गणमान्य लोग मौजूद थे.

# बिहार के 29 जिलों में ऑरेंज अलर्टः अगले तीन दिनों तक छाया रहेगा घना कोहरा





**फूलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम विज्ञान केंद्र पटना ने शुक्रवार को तात्कालिक मौसम चेतावनी जारी करते हुए बिहार के 29 जिलों में ऑरेंज अलर्ट घोषित किया है. विभाग के अनुसार 2 जनवरी 2026 को सुबह 6:27 बजे से 9:27 बजे तक के बीच इन जिलों के कुछ हिस्सों में घना से बहुत घना कोहरा और कुहासा छाए रहने की प्रबल संभावना है. ऐसा अगले दो से तीन दिनों तक रहेगा. हालांकि शुक्रवार को पटना सहित कई जिलों में धूप खुली रहे लोगों को काफी राहत भी मिली लेकिन ठंडी हवाओं ने शरीर को ठंड का एहसास कराया. सी की तरह छुट्टी ठंडी बफीर्ली हवाओं ने धूप के राहत को भी असर करके रख दिया जब तक तेज धूप शरीर पर लगती तो सामने से अच्छा लगता शरीर के पिछ्ले हिस्से में ठंडी हवाओं के चुभने का एहसास होता रहा. दोपहर बाद तेजी से मौसम में परिवर्तन देखने को मिला ठंड तेजी से पांव पसारने लगा . कोहरे की चादर सभी गांव ज्वार शहर को अपनी आगोश में लेने लगा. मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सिवान, सारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, वैशाली, पटना, भोजपुर, बक्सर, जहानाबाद, गया, नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय, भागलपुर, मुंगेर, बेगूसराय, मधेपुरा, दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, पूर्णिया और कटिहार जिलों के कुछ स्थानों में दृश्यता बेहद कम हो सकती है. घने कोहरे के कारण सड़क, रेल और वायु यातायात प्रभावित होने की आशंका जताई गई है. मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क और सावधान रहने की अपील की है. विशेष रूप से वाहन चालकों को कम दृश्यता को देखते हुए धीमी गति से वाहन चलाने, फॉग लाइट का प्रयोग करने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी गई है. मौसम विज्ञान केंद्र पटना ने यह भी चेतावनी दी है कि दृश्यता में भारी कमी के कारण विमान परिचालन पर भी असर पड़ सकता है. बिहार में ठंड और कोहरे का असर लगातार बना हुआ है. भारत मौसम विज्ञान विभाग की दैनिक मौसम विज्ञप्ति के अनुसार पिछ्ले 24 घंटों के दौरान राज्य का मौसम पूरी तरह शुष्क रहा. इस दौरान किशनगंज जिले में शीत दिवस दर्ज किया गया, जिससे सामान्य जनजीवन पर ठंड का प्रभाव और गहरा गया है. मौसम विभाग के मुताबिक राज्य में अधिकतम तापमान 17.2 से 24.2 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा. सबसे अधिक तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस 1 जनवरी को किशनगंज में दर्ज किया गया. बीते 24 घंटों के दौरान राज्य के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों के कुछ इलाकों में अधिकतम तापमान में 1 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी देखी गई, जबकि शेष जिलों में तापमान में कोई खास बदलाव नहीं हुआ. न्यूनतम तापमान की बात करें तो राज्य में तापमान 5.1 से 13.1 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया. सबसे कम तापमान 5.1 डिग्री सेल्सियस 2 जनवरी को अगवानपुर (सहरसा) में दर्ज किया गया. मौसम विभाग ने बताया कि अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान में भी कोई उल्लेखनीय परिवर्तन नहीं हुआ है. कोहरे ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है. बीते 24 घंटों के दौरान गया जी में न्यूनतम दृश्यता शून्य मीटर तक पहुंच गई, जिससे सड़क और रेल यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ. मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले सात दिनों तक राज्य में बारिश की कोई संभावना नहीं है और मौसम शुष्क बना रहेगा, लेकिन कोहरा और ठंड की चुनौती बनी रहेगी. घने कोहरे और शीत दिवस को लेकर मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है. 2 जनवरी को पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिलों के कुछ इलाकों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है, जबकि राज्य के अन्य जिलों में भी एक-दो स्थानों पर कोहरा देखने को मिल सकता है. 3 जनवरी को भी इन जिलों के साथ-साथ राज्य के पश्चिमी हिस्सों में घना कोहरा छाए रहने की आशंका जताई गई है. मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 4 जनवरी को राज्य के पश्चिमी और उत्तर-मध्य जिलों में शीत दिवस जैसी स्थिति बन सकती है. वहीं इन इलाकों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है, जबकि पूर्वी और दक्षिण-मध्य भागों में भी कुछ स्थानों पर कोहरा असर दिखा सकता है. अगले कुछ दिनों तक, खासकर 5 से 7 जनवरी के बीच, राज्य के उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी जिलों में घना कोहरा छाए रहने के संकेत हैं.

### आम दिनचर्या पर कोहरे और ठंड का खास असर

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कोहरे और ठंड का असर आम दिनचर्या पर भी साफ दिख रहा है. सुबह-शाम ठिठुरन बढ़ गई है, लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं और बाजारों में चहल-पहल कम हो गई है. स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र, दिहाड़ी मजदूर और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. खेती-किसानी पर भी मौसम का असर पड़ रहा है. रबी फसलों पर ओस और नमी का प्रभाव बढ़ गया है. कृषि विशेषज्ञों के अनुसार अधिक नमी के कारण फसलों में फफूंद और कीट रोग का खतरा बढ़ सकता है. किसानों को सलाह दी गई है कि वे फसलों की नियमित निगरानी करें और आवश्यकता पड़ने पर कृषि सलाह के अनुसार दवा का छिड़काव करें. स्वास्थ्य के लिहाज से भी यह मौसम चुनौतीपूर्ण बना हुआ है. ठंड और कोहरे के कारण सर्दी-खांसी, जुकाम, बुखार, सांस संबंधी बीमारी और अस्थमा के मरीजों की परेशानी बढ़ सकती है. डॉक्टरों ने बुजुर्गों, बच्चों और पहले से बीमार लोगों को विशेष सतर्कता बरतने, गर्म कपड़े पहनने और सुबह-शाम बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है. मौसम विज्ञान केंद्र पटना ने लोगों से अपील की है कि वे मौसम की अद्यतन जानकारी पर नजर बनाए रखें और किसी भी आपात स्थिति में सतर्क रहें. विभाग के अनुसार आने वाले 4-5 दिनों तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में मध्यम से घना कोहरा छाए रहने की संभावना बनी रहेगी.

## संक्षिप्त समाचार

### पुल से गिरने से बाइक सवार घायल

**साठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेतिया नरकटियागंज मुख्य मार्ग में साठी सिटी मॉल के पास मुख्य सड़क में हो रहे पुल निर्माण के गड्ढे में गिरकर दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। गिरने की आवाज सुनकर आस-पास के लोग दौड़े। सूचना पर दरोगा अमरजीत कुमार और डायल 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को और मोटरसाइकिल बाहर खींच कर निकाला तथा घायलों को इलाज हेतु चनपटिया भेजा जिनकी पहचान अभी नहीं हो सकी है। चनपटिया से बेतिया रेफर कर दिया गया है।

### शिविर लगाकर चला पैक्स का सदस्यता अभियान

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कैम्प के माध्यम से सभी पैक्सो मे आयोजित होगी सदस्यता बनाने की प्रक्रिया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि दो जनवरी से लेकर 31 जनवरी तक सभी पैक्सो मे आयोजित होने वाले सदस्यता सह जागरूकता अभियान होना है बीडीओ ने कहा कि प्रत्येक पैक्स में कम से कम पचास से सौ नया सदस्य बनाना है, ज्यादा सदस्य बनाने वाले पैक्सो के अध्यक्ष को प्रोत्साहित एवं सम्मानित भी किया जायेगा। पैक्सो के माध्यम से किसानों के हित के लिए सरकार कटिबद्ध है। साथ ही बिहार राज्य फसल सहायता योजना, मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र, कॉमन सर्विस सेंटर , प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र, प्रधानमंत्री किसान समृध्दि केन्द्र के तहत अधिक से अधिक किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराना, जन वितरण प्रणाली, बहुराज्यी सहकारी समिति की सदस्यता, पैकस कम्प्यूटरीकरण का संचालन, समेत जैविक खेती व जैविक उर्वरक के लिए प्रशिक्षण, औषधीय खेती व कॉपरेटिव फार्मिंग का भी प्रशिक्षण दिया जायेगा।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार की देर रात बगहा शहर के रतनमाला धोबी घाट के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 30 वर्ष के एक युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। दूसरी ओर घटना की सूचना पर नगर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। नगर थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि देर रात करीब 9 बजे नगर के रतनमाला धोबी घाट के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक युवक की मौत गई। मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में ले लिया है। उन्होंने बताया कि युवक की पहचान नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि की मृत युवक के पास से पुलिस को कुछ नहीं मिला है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस घटना में शामिल गाड़ी व युवक की पहचान में जुटी हुई है।

### मंगलपुर आरओबी के निर्माण को लेकर जगी आस

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलपुर आरओबी निर्माण को लेकर अधिग्रहित भूमि के शत प्रतिशत मुआवजा का भुगतान भू अर्जन विभाग की ओर से कवायद शुरू की गई है। अपर जिला भू अर्जन पदाधिकारी के द्वारा शुक्रवार को निमार्णाधी मंगलपुर आरओबी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर जिला भू अर्जन पदाधिकारी बी .एन के द्वारा अधिकृत भूमि के नेचर का सत्यापन किया गया। ताकि संबंधित लोगों को विभाग के द्वारा अधिग्रहित भूमि के मुआवजे का भुगतान किया जा सके। निर्माण को लेकर एनएच सहित रेलवे व रैयतदार की भूमि को भी अधिग्रहित किया गया है। लेकिन अभी तक शत प्रतिशत लोगों को मुआवजा का भुगतान नहीं हो पाया है। इसको लेकर विभाग की ओर से सत्यापन की कवायद की जा रही है। मालूम हो कि 8 महीने से मंगलपुर आरओबी का निर्माण कार्य बाधित है। भू अर्जन विभाग की ओर से अधिग्रहित भूमि के मुआवजे के भुगतान को लेकर भी कवायद की जा रही है। ताकि आरओबी का निर्माण कार्य शुरू किया जा सके। इस अवसर पर जिला भूअर्जन पदाधिकारी के अलावा एनएच के अधिकारी आदि मौजूद थे।

### प्रखंड परिसर से साइकिल की चोरी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चोरों ने अब प्रखंड को निशाना बनाया है। शुक्रवार को प्रखंड परिसर से एक साईकिल की चोरी हो गई। बरवा बरौली पंचायत के अम्माघौद गाव निवासी मोहम्मद शाहिद ने बताया कि वह आधार पंजीकरण केंद्र के समीप पीपल के पेड़ के पास अपनी साईकिल को खड़ा कर लॉक कर दिया। उसके बाद वह प्रखंड कार्यालय में अपने काम से गया। करीब 10 मिनट बाद जब वह अपने साइकिल के पास पहुचा तो वहां से गायब पाया।

### जनता के दरबार में 27 आवेदनकर्ताओं की हुई सुनवाई



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 27 आवेदनकताओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला स्तरीय पदाधिकारी गण के द्वारा सुनवाई की गई। प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए वरीय उप समाहर्ता श्री विकास कुमार ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान सुनिश्चित किया जाएगा। भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया।

### सहकारिता विभाग के एमडी की मौत

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण) / नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीतामढ़ी के सहकारिता विभाग के एमडी पद पर कार्यत मणि भूषण कुमार की मौत गुरुवार रात को हो गयी।भाई में अकेला मृतक रजिस्टार अपने माता पिता का एकलौता चिराग थे।उसकी दो बहने है जो वैवाहिक बताया गया।तीन साल पूर्व बीपीएसी पास कर प्रशिक्षण के दौरान 2024 मे कांचनजंघा के शिखर पर तिरंगा लहाराया था।प्रखण्ड में बीपीएससी पास करने और कंचनजंघा जैसे शिखर पर मृतक के झंडा लहराने की खूब चर्चा उस समय हुई थी।मृतक प्रखंड के गोढीया गांव दारोगा उमाशंकर प्रसाद यादव का पुत्र था।पूर्व प्रमुख सीताराम यादव ने बताया कि मृतक उनका भतीजा था जिसकी मौत गुरुवार रात को हार्ड अटैक से हो गयी`मृतक की शादी पिछले साल हुई थी।जिनकी विधवा गर्भवती है।शुक्रवार सबेरे से शोकाकुल परिवार से मिलने जा रहे है।संवाद प्रेषण तक मृतक का शव गृह गांव गोड़िया नहीं आया था`उनके निधन पर पूर्व विधायक डॉ शमीम अहमद, मुखिया प्रेमकिशोर यादव, राजद नेता ध्रुप यादव, जायजाती यादव, भूलन मिश्रा, पप्पू यादव,मंटू यादव, रामप्रवेश यादव के अलावे कई अन्य थे।



### अंग्रेजी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कोटवा पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई से शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने कोटवा थाना क्षेत्र के अमवा गांव में एक नव निर्मित मकान के भीतर बने तहखाने से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार कारोबारी की पहचान आकाश कुमार, अमवा गांव निवासी आकाश कुमार की गई है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में उसके नवनिर्मित आलीशान मकान की तलाशी ली गई । जहां घर के अंदर बने तहखाने में शराब छुपाकर रखी गई थी। तलाशी के दौरान कुल 98.28 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। जब्त शराब में 750 एमएल की 84 पीस आर.एस. ब्रांड, ऑफिसर चॉइस फ्रूटी की 96 पीस तथा किंगफिशर बीयर की 36 पीस शामिल हैं। पुलिस ने मौके से सभी शराब को जब्त कर लिया और आरोपी को हिरासत में ले लिया । थानाध्यक्ष करण सिंह ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी अपने घर के अंदर तहखाना बनाकर उसमें शराब का अवैध भंडारण कर रहा था। आरोपी के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है तथा उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है । इस छापेमारी अभियान में अपर थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह, एसआई मुकेश कुमार, सूर्यकांत प्रसाद सहित पुलिस बल के अन्य जवान शामिल थे। पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जा रहा है कि आरोपी हाल के दिनों में एक आलीशान मकान का निर्माण करा रहा था और उसी की आड़ में शराब कारोबार को अंजाम दे रहा था। कोटवा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और किसी भी कीमत पर शराब माफियाओं को बख्शा नहीं जाएगा।

# शोध की सफलता का श्रेय निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज को : डॉ. नवीन कुमार



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्विद्यालय के गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के शोधार्थी डॉ नवीन कुमार ने अपना शोधकार्य गांधी के चिंतन में संपोषणीय विकास की अवधारणा (पर्यावरणीय मुद्दों के विशेष संदर्भ में) को सफलतापूर्वक पूरा किया है। यह शोध विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अभय विक्रम सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ है। यह शोध गांधीवादी दर्शन में पर्यावरणीय चिंतन को केंद्र में रखकर विश्लेषणात्मक अध्ययन पर आधारित है। महात्मा गांधी ने अपनी पुस्तक 'हिन्द स्वराज' में बहुत पहले ही सतत विकास की आवश्यकता और अंधाधुंध और लालचपूर्ण विकास को रोकने का सुझाव दिया था। गांधी के अनुसार- धरती, वायु, भूमि एवं जल हमारे पूर्वजों से मिली विरासत नहीं, बल्कि हमारे बच्चों से मिला हुआ ऋण है। इसीलिए हमें ये संसाधन उसी प्रकार उन्हें सौंपने है, जैसे वे हमें मिले थे। दरअसल सतत विकास का केंद्र बिन्दु समाज की मौलिक आवश्यकताओं को समरसतापूर्वक पूरा करना है। गांधी जी भी यही चाहते थे कि ऐसा विकास हो जिसमें समाज का हर वर्ग विकसित हो, लोगों का सर्वांगीण विकास हो, यह विकास स्थाई हो और व्यापक हो। पर्यावरणीय विकास को लेकर महात्मा गांधी ने अपने दर्शन में विशद मानवतावादी दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है। गांधीजी इस संदर्भ में कहते हैं कि विकास को अपने सभी आयामों में, सभी के लिए, हर जगह समावेशी होना चाहिए और उसका निर्माण हर किसी की विशेषकर सबसे लाचार और हाशिए पर जी रहे लोगों की भागीदारी से होना चाहिए, ताकि कोई पीछे न रह जाएं। गांधी इसीलिए सर्वोदय समाज की स्थापना की बात करते हैं, जहां गरीब से गरीब व्यक्ति का भी विकास सुनिश्चित हो सके। गांधीजी ने हमें विकास के लिए एक ऐसा रास्ता चुनने के लिए कहा जिससे ना सिर्फ समाज का सामाजिक और आर्थिक विकास हो बल्कि उससे पर्यावरण को भी किसी तरह का नुकसान ना हो। इक्कीसवीं सदी में गांधी जी के बताए रास्ते पर चलकर ही हम सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। अमीरी और गरीबी के बीच की खाई को कम कर सकते हैं। सबको सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर दे सकते है, साथ ही हम आने वाली पीढ़ी के लिए भी संसाधनों को संजोकर रख सकते हैं। इस शोध से यह स्पष्ट होता है कि गांधीजी का दर्शन केवल ऐतिहासिक महत्व नहीं रखता, बल्कि आधुनिक वैश्विक संकटों का भी समाधान प्रस्तुत करता है। उनका विचारधारा न केवल भारत के लिए, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए पथ-प्रदर्शक है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो० सुनील महावर, सह-आचार्य डॉ० जुगल किशोर दाधीच, सहायक आचार्य डॉ० अभय विक्रम सिंह, डॉ० अम्बिकेश त्रिपाठी तथा विभिन्न विभाग के शोधार्थियों ने डॉ० नवीन कुमार को बधाई दी है। नवीन कुमार ने अपनी इस पीएचडी की सफलता का श्रेय निरंकारी सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज को दिया है।

## शव मिलने से सनसनी, एफएसएल व डॉग स्क्वायड से जांच जारी

**शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही**

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के परसा राजी नानकार सरेह स्थित शंकर सिंह के गन्ने के खेत में शुक्रवार को एक बुजुर्ग का संदिग्ध अवस्था में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मझौलिया पुलिस के साथ एफएसएल एवं डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंची और गहन जांच शुरू की। मृतक की पहचान बखरिया पंचायत के ओझौलिया पठखौलिया वार्ड संख्या-6 निवासी स्वर्गीय भीखम दास के 70 वर्षीय पुत्र जोखन दास के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार जोखन दास 31 दिसंबर की शाम घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। काफी खोजबीन के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार को मृतक का पोता उज्ज्वल उन्हें खोजते हुए परसा नानकार सरेह पहुंचा। खेत के पास पड़ी चप्पल देखकर उसे संदेह हुआ। जब वह गन्ने के खेत के अंदर गया तो वहां जोखन दास का शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। परिजनों ने गांव के ही मोती पाल और उसकी पत्नी पर हत्या कर शव खेत में फेंकने का आरोप लगाया है। सदर एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## डॉक्टर की लापरवाही से महिला की गई जान डेढ़ साल बाद मौत

**ऑपरेशन के दौरान छोड़ी गई थी पेट मे कैंची परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप**





**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एक महिला की कथित लापरवाही के कारण गुरुवार को मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि डेढ़ साल पहले ऑपरेशन के दौरान उसके पेट में कैंची छोड़ दी गई थी। इस घटना से पीड़ित परिवार में आक्रोश है और इलाके में भी तनाव का माहौल है।

**डेढ़ साल पहले प्रसव के लिए प्राइवेट क्लिनिक में कराया था भर्ती**

मृतका की पहचान जितना थाना क्षेत्र के झझरा गांव निवासी मणिभूषण कुमार की 25 वर्षीय पत्नी उषा देवी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, डेढ़ साल पहले उषा देवी को प्रसव के लिए शहर के ज्ञानबाबू चौक स्थित डॉ. संगीता कुमारी के क्लिनिक में भर्ती कराया गया था।जांच के बाद डॉक्टर ने ऑपरेशन से बच्चे के जन्म की सलाह दी थी, जिस पर परिजन सहमत हो गए। ऑपरेशन के बाद उषा देवी ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया था।

**ऑपरेशन के बाद से ही उषा के पेट में रहता था दर्द**

परिजनों का कहना है कि ऑपरेशन के बाद से ही उषा देवी को पेट में लगातार दर्द की शिकायत रहने लगी थी। कई बार अल्ट्रासाउंड कराए गए, लेकिन उनमें कोई गंभीर समस्या सामने नहीं आई।डॉक्टरों द्वारा दी गई दवाइयों से कुछ समय के लिए आराम मिल जाता था, लेकिन दर्द पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ। इसी तरह डेढ़ साल बीत गए।

**एमआरआई रिपोर्ट में पेट के अंदर दिखी कैंची**

बीते दिन उषा देवी के पेट में अचानक असहनीय दर्द शुरू हो गया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें डॉ. कमलेश कुमार के पास ले गए, जहां एमआरआई जांच कराई गई। एमआरआई रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि उषा देवी के पेट के अंदर एक कैंची मौजूद है। रिपोर्ट देखने के बाद डॉक्टर ने तत्काल ऑपरेशन कराने की सलाह दी और बताया कि देरी होने पर मरीज की जान जा सकती है।

**महिला के पेट से कैंची निकाली गई, उसी दौरान उसने दम तोड़ा**

इसके बाद परिजन उषा देवी को रहमानिया मेडिकल सेंटर लेकर पहुंचे, जहां ऑपरेशन की तैयारी की गई। परिजनों के अनुसार, ऑपरेशन के दौरान जैसे ही महिला के पेट से कैंची निकाली गई, उसी दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## जनता दरबार में डीएम ने सुनीं 70 शिकायतें, समयबद्ध समाधान के दिए निर्देश



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित जनता दरबार में जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह ने आम लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों और क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी शिकायतें डीएम के समक्ष रखीं। जनता दरबार में कुल 70 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व, भूमि विवाद, लोक शिकायत, प्रशासनिक तथा अन्य विभागों से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं।जिला पदाधिकारी ने सभी फरियादियों की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को मामलों की जांच कर शीघ्र, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।डीएम ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने और जनसमस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने को कहा, ताकि आम लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि मामलों की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए।जनता दरबार में अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, प्रभारी पदाधिकारी जिला जनता दरबार मासूम अंसारी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

## फार्मर रजिस्ट्री को लेकर पंचायत में लगेगा कैंप

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कृषि से संबंधित योजनाओं का लाभ पाने के लिए किसानों को अब फार्मर रजिस्ट्री करना अनिवार्य कर दिया गया है। इससे किसानों को डिजिटल पहचान मिलने के साथ ही पीएम किसान, फसल क्षति समेत अन्य कृषि से संबंधित योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। इसको लेकर राज्य सरकार ने एक पत्र जारी कर पंचायत वार कैंप लगाकर किसानों का फॉर्मर रजिस्ट्री करने का निर्देश दिया है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी रोहित गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि विभागीय निर्देश पर फार्मर रजिस्ट्री के कार्य मे प्रगति लाने के उद्देश्य से मिशन मोड में कैंप आयोजित करना है। शिविर के आयोजन के लिए पंचायतो में स्थल का चयन कर अग्रेतर कार्यवाही के लिए जिला को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि कैंप 2 चरणों मे आयोजित होना है।

## ठंड में भी बेसहारा रक्सौल की जनता आश्रय स्थल निर्माण में प्रशासन विफल

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कड़ाके की ठंड ने जहां आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर रखा है, वहीं सीमावर्ती शहर रक्सौल में प्रशासनिक उदासीनता एक बार फिर उजागर हो गई है। हैरानी की बात यह है कि इस भीषण ठंड के बावजूद शहर में आम जनता, गरीबों, असहायों और बसेरों की कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल ठंड आती है, हर साल हालात बिगड़ते हैं, लेकिन नगर परिषद और प्रशासन सिर्फ कागजी दावों तक ही सीमित रह जाता है। जनहित से जुड़े इस अहम मुद्दे पर जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी सवाल खड़े कर रही है। मानवाधिकार और सामाजिक संगठनों



सड़क किनारे जीवन गुजारने वालों के लिए एक भी स्थायी या अस्थायी आश्रय स्थल का निर्माण नहीं किया गया है। नेपाल सीमा से सटे रक्सौल में शीतलहर का असर बेहद गंभीर है। रात के समय तापमान लगातार गिर रहा है, लेकिन रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजार और सड़क किनारे रहने वाले लोग खुले आसमान के नीचे ठिठुरने को मजबूर हैं। प्रशासन की ओर से न तो आश्रय गृह बनाए गए, न ही रैन ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए मांग की है कि तत्काल सार्वजनिक स्थानों पर अस्थायी आश्रय स्थल, अलाव और मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की जाए, ताकि ठंड से होने वाली किसी भी अनहोनी को रोका जा सके। अब सवाल यह है कि क्या किसी की जान जाने के बाद ही प्रशासन जागेगा?या फिर इस बार भी रक्सौल की गरीब जनता को ठंड के रहमोकरम पर छोड़ दिया जाएगा।

## ओवरलोड गन्ना वाहनों पर पुलिस सख्त

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बगहा पुलिस जिला क्षेत्र में एनएच-727 सहित प्रमुख सड़कों पर ओवरलोड गन्ना लदे ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के अनियंत्रित परिचालन से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।शनिवार रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्रभारी पुलिस अधीक्षक निर्मला ने वाल्मीकिनगर-बगहा मुख्य पथ पर रामपुर और मदनपुर चेक पोस्ट पर ओवरलोड गन्ना लदे वाहनों को रोककर सख्त कार्रवाई की। उन्होंने वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि ओवरलोडिंग जान-माल के लिए गंभीर खतरा है। प्रभारी एसपी ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि ओवरलोड वाहनों के खिलाफ नियमित जांच अभियान चलाया जाए। साथ ही ठंड व कोहरे के मौसम में तेज रफ्तार और ओवरलोड वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने को कहा। पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

## पीएनबी के रवैये से ग्राहक परेशान

**बिचौलियों के माध्यम से होता है काम**

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इनरवा में पंजाब नेशनल बैंक कर्मियों के अड़ियल रवैये से ग्राहक परेशान हैं। कुछ ग्राहक अपने नाम न छापने की शर्त को लेकर बताते हैं कि पीएनबी में बिचौलियों के माध्यम से काम होता है। काम कराने गए ग्राहकों को दौड़ा दौड़ा कर बेंक कर्मी थका देते है। इतना ही नहीं इस टेबल से उस टेबल पर बैंक कर्मियों के द्वारा खूब टहलाया जाता है। कई किलोमीटर की दूरी तय कर बैंक पहुंचे लोगों को वापस लौटने से काफी परेशानी उठानी पड़ती है। बैंक सूत्र से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राहकों के साथ-साथ बैंक में तैनात नीचे पद वाले कर्मी का भी शोषण किया जाता है। पैसा निकासी करने या जमा करने के लिए भोले भाले जनता को लाइन लगने की बात कही जाती है जबकि भारी भरकम पहुंच वाले व्यक्ति काउंटर के पीछे से काम करा लेते है। इधर भंगहा के प्रेम शिला देवी ने बताया कि बैंक में एक काम के लिए डेढ माह दौडना पडा।

## भूमिहीनों को नोटिस के खिलाफ भाकपा का ऐलान

**30 जनवरी को डीएम का होगा घेराव**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भूमिहीन परिवारों को जारी नोटिस और प्रस्तावित बुलडोजर कार्रवाई के विरोध में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) पश्चिम चंपारण ने आंदोलन का ऐलान किया है। भाकपा जिला सचिव ओमप्रकाश क्रांति ने कहा कि 30 जनवरी, शहादत दिवस के दिन पूरे जिले के भूमिहीन परिवार बेतिया पहुंचकर जिला पदाधिकारी का घेराव करेंगे।उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार सरकार ने भूमिहीनों को 5 डिसमिल जमीन और पक्का मकान देने का कानून बनाया था, लेकिन अब उसी कानून को नजरअंदाज कर गरीब परिवारों को उजाड़ने की तैयारी की जा रही है। बेतिया नगर निगम, चनपटिया, लौरिया, योगापट्टी, सिकटा, मैनाटांड, मझौलिया, नौतन और बैरिया समेत कई इलाकों में सैकड़ों भूमिहीनों को नोटिस दिए जाने से भारी आक्रोश है।भाकपा ने स्पष्ट किया है कि जब तक सभी भूमिहीन परिवारों को जमीन और मकान नहीं मिलेगा, तब तक किसी भी तरह की कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पार्टी ने दावा किया है कि 30 जनवरी को बेतिया की सड़कों पर बड़ा जनसैलाब उतरेगा और महात्मा गांधी की कर्मभूमि से अन्याय व विस्थापन के खिलाफ मजबूत संदेश दिया जाएगा।

## जीएमसीएच बेतिया में 'दीदी की रसोई' ने मनाई दूसरी वर्षगांठ

**स्वास्थ्य सेवा और महिला सशक्तिकरण की बनी मिसाल**



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल, बेतिया (जीएमसीएच) परिसर में संचालित 'दीदी की रसोई' ने अपने सफल संचालन के दो वर्ष पूरे कर दूसरे वर्षगांठ का आयोजन उत्साहपूर्वक किया। इस अवसर पर दीदी की रसोई से जुड़ी जीविका दीदियों ने केक काटकर एक-दूसरे को बधाई दी और अपनी सेवा यात्रा पर संतोष जताया।पिछले दो वर्षो से दीदी की रसोई अस्पताल में भर्ती मरीजों को नियमित रूप से स्वच्छ, पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन निःशुल्क उपलब्ध करा रही है। इसके साथ ही मरीजों के परिजनों और अस्पताल आने वाले लोगों को भी उचित मूल्य पर साफ-सुथरा एवं स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे अस्पताल परिसर में भोजन की एक भरोसेमंद व्यवस्था स्थापित हुई है।यह पहल न केवल स्वास्थ्य सेवा को सशक्त बना रही है, बल्कि महिला सशक्तिकरण का भी सशक्त उदाहरण है। इस रसोई के माध्यम से कुल 26 जीविका दीदियों को सीधे रोजगार मिला है, जिससे उनकी आजीविका के साथ आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा मिला है। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के उपाधीक्षक, जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक आर.के. निखिल, प्रखंड परियोजना प्रबंधक आरुषि कुमारी, एरिया कोऑर्डिनेटर अरविंद कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला परियोजना प्रबंधक ने कहा कि दीदी की रसोई स्वास्थ्य सेवा और महिला सशक्तिकरण का एक प्रेरणादायक मॉडल बन चुकी है, जो भविष्य में और भी लोगों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी।

CMYK

## एक नजर

### हसपुरा में सफदर हाशमी व सावित्रीबाई फुले की स्मृति में सेमिनार होगा आयोजित

**हसपुरा (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** जनवादी लेखक संघ, औरंगाबाद इकाई के तत्वाधान में जन नाट्य मंच के संस्थापक एवं नुक्कड़ नाटक के जनक शहीद सफदर हाशमी की शहादत तथा शिक्षा की प्रथम ज्योति प्रज्वलित करने वाली माता सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर एक विचारोत्तेजक सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। यह सेमिनार उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय अहियापुर के सभागार में "सफदर हाशमी और सावित्रीबाई फुले के प्रतिरोध का स्वर" विषय पर आयोजित होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए जनवादी लेखक संघ, औरंगाबाद इकाई के जिला सचिव एवं वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. अलखदेव प्रसाद 'अचल' ने बताया कि अपने समय में सफदर हाशमी ने जन नाट्य के माध्यम से जनता की आवाज बनकर तानाशाही और अन्यायपूर्ण व्यवस्था का प्रतिरोध किया था। वहीं माता सावित्रीबाई फुले ने उस दौर में विद्यालय की स्थापना कर बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ा, जब महिलाओं को पढ़ने का अधिकार तक नहीं था।

उन्होंने कहा कि दोनों विभूतियों का संघर्ष और विचार आज भी समाज को नई दिशा देने की क्षमता रखते हैं। इन्हीं विचारों को केंद्र में रखकर इस सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कई प्रख्यात साहित्यकार, बुद्धिजीवी और सामाजिक कार्यकर्ता अपने विचार साझा करेंगे। यह आयोजन प्रतिरोध, चेतना और सामाजिक परिवर्तन की परंपरा को आगे बढ़ाने की एक सार्थक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

### अदरी नदी में गंदगी से होती है परेशानी

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर से गुजरने वाली अदरी नदी में सिर्फ गंदगी ही दिखती है। इसके पानी में सिर्फ गंदगी ही है। यहां तक की स्थानीय लोगों द्वारा अदरी के किनारे अतिक्रमण किया जा रहा है। वहीं नदी में कचरा फेंका जा रहा है। जिससे ऐसा प्रतिक होता है कि कुछ वर्षो में ही अदरी अपना वजूद खो देगी। वहीं अदरी का पानी अगर कोई पी ले तो उसे बीमार पड़ना तय है। जबकि हमें सोचना चाहिए बहुत कम ही शहर ऐसे हैं। जिनसे होकर नदियां गुजरी हैं। जहां-जहां से नदियां गुजरी हैं। वहां अंडरवाटर रिचार्ज होता है। पेयजल संकट काफी कम गहराता है। अभी देर नहीं हुई है। अदरी को बचाया जा सकता है। शाहपुर स्थित सूर्य मंदिर घाट पर गंदगी का अंबार लगा रहता है। यहां स्थानीय लोगों द्वारा गंदगी फैलाई जा रही है जिससे नागरिकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। गंदगी के कारण लोग यहां जाने से कतराते हैं। साथ ही इन करने में भी परेशानी होती है। अदरी नदी पुल से उत्तर अदरी डैम है। जो अंग्रेजी हुकूमत का बना हुआ है। इसका देखभाल सोन हाई लेवल कैनाल विभाग करता है। बता दें कि अदरी को बचाने के लिए अभियान भी चलाई गई है। साथ ही अदरी नदी के पास तेजी से बढ़ता हुआ स्लम एरिया का अतिक्रमण पर रोक लगनी चाहिए। उन्हें कोई दूसरी जगह पर रहने के लिए स्थान देना होगा। पूर्व में अदरी को बचाने को लो शहर के गणमान्य लोगों द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाई गई थी। नदी में गंदगी के अलावा और कुछ नहीं दिखता है। इतना होने के बावजूद नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा अदरी नदी की सफाई नहीं कराई जा रही है।

### वृद्धाश्रम में खाद्य सामग्री व वस्त्र वितरण, बुजुर्गो के संग खुशियां साझा करने की अपील

**जहानाबाद/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाज में मानवीय संवेदनाओं को सशक्त करने की एक प्रेरक मिसाल उस समय देखने को मिली, जब जहानाबाद स्थित वृद्धाश्रम में अनाथ एवं बेसहारा बुजुर्गों के बीच खाद्य सामग्री और वस्त्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना था, बल्कि बुजुर्गों को मानसिक संबल और अपनापन देना भी रहा। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने समाज के लोगों से अपील की कि वे समय निकालकर वृद्धाश्रम पहुंचें और वहां रह रहे बुजुर्गों के साथ कुछ पल बिताएं। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों से संवाद करना, उनके साथ भोजन साझा करना या छोटी-छोटी आवश्यकताओं को पूरा करना उनके जीवन में बड़ी खुशियां भर सकता है। दुख बांटने से ही समाज में करुणा, सहानुभूति और मानवीय रिश्ते मजबूत होते हैं। कार्यक्रम के दौरान बैंककर्मी अनुराग सिंह ने बताया कि इस दिन उनके पिता की पांचवीं पुण्यतिथि थी। इस अवसर पर वे अपने परिवार के साथ वृद्धाश्रम पहुंचे और बुजुर्गों के बीच सेवा कार्य किया। उन्होंने कहा कि हाल ही में उन्हें समाचारों के माध्यम से जानकारी मिली कि जहानाबाद में भी वृद्धाश्रम संचालित है, जहां कई बुजुर्ग पारिवारिक उपेक्षा और पीड़ा के कारण जीवन बिता रहे हैं। अनुराग सिंह ने कहा कि किसी भी शहर या जिले में वृद्धाश्रम का होना समाज के लिए एक दुखद सच्चाई है। जिस मां-बाप ने अपनी संतान को जन्म देकर उसका पालन-पोषण किया, वही जब बुजुर्ग, असहाय या बीमार हो जाते हैं और उन्हें वृद्धाश्रम में छोड़ दिया जाता है, तो यह गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने भावुक स्वर में कहा कि माता-पिता के साए के बिना जीवन का दर्द वही समझ सकता है, जिसने अभिभावकों का स्नेह खोया हो।

## धान खरीद में अनियमितता पर किसानों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**अंबा (औरंगाबाद)।** सरकारी क्रय केंद्रों पर धान की खरीदारी में अनियमितता को लेकर प्रखंड क्षेत्र के किसानों में नाराजगी देखी जा रही है। इसका कारण है कि बड़े जोत वाले किसानों से धान नहीं खरीदकर गैर रैयत किसानों से धान खरीदने का दिखावा सरकारी आंकड़ों में किया जा रहा है। ये बाते किसानों ने शुक्रवार को अंबा बाजार में किसानों की एक बैठक के दौरान कही। बैठक की अध्यक्षता किसान संघर्ष समिति के प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार ने की। उन्होंने कहा कि कई पैक्स अध्यक्ष ऐसे है, जो अपनी भाई-भतीजे, पत्नी व चाचा-चाची के साथ अपने पर परिवार और सिर्फ अपने समुदाय के लोगों से ही धान खरीद रहे है। ऐसे में किसानों में घोर निराशा है। बैरांव पंचायत के किसान देवेंद्र सिंह व ललन सिंह ने सरकारी धान क्रय केंद्रों पर व्याप्त अनियमितताओं को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि सहकारी समिति पैक्स अध्यक्ष के पॉकेट की हो गई है। वहीं संबंधित विभाग के अधिकारी भी कालाबाजारी में संलिप्त है। ऐसे में सरकारी क्रय केंद्रों पर धान की अधिप्राप्ति किसानों के लिए सहज नहीं रह गई है। सूही पंचायत के मुखिया मंजीत यादव ने कहा कि अध्यक्षों और कर्मियों की मनमानी व सौदेबाजी के कारण किसानों को धान का पूरा मूल्य नहीं मिल पाता है। हार्वेस्टिंग के बाद जब किसान पैक्स में धान पहुंचाते हैं तो अधिप्राप्ति पर्ची नहीं दी जाती और भुगतान के समय सरकारी समर्थन मूल्य के अनुरूप कागजों में खरीद दिखाकर वास्तविक राशि कम दी जाती है। उन्होंने कई मामलों में खाते से अधिक राशि भेजकर शेष रकम वापस निकलवाने का भी आरोप लगाया गया। रामपुर गांव के किसान अरुण यादव, सूही के रामाश्रय पांडेय का कहना है कि सामान्य धान का समर्थन मूल्य 2369 रुपये प्रति क्विंटल और ग्रेड ए धान का 2389 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित होने के बावजूद उन्हें औसतन 1700 से 1800 रुपये प्रति क्विंटल ही भुगतान किया जा रहा है,जबकि बोरा, पलदारी और ढुलाई का पूरा खर्च किसान स्वयं वहन करते हैं। बैठक में शामिल किसानों ने कहा कि अधिकांश किसानों के पास भंडारण और परिवहन की समुचित व्यवस्था नहीं है। गोदाम पहुंचाने पर धान पहुंचाने की तकनीकी कारणों का हवाला देकर खरीद से इंकार कर दिया जाता है। ऐसी स्थिति में किसान पैक्स की शर्तों पर धान देने को मजबूर हो जाते है। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि जिले में ऐसे लोगों के नाम पर भी खरीद दर्शाई गई है, जिन्होंने धान की खेती ही नहीं की है। किसानों ने इससे संबंधित आवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी कुटुंबा को दिया है। इसके साथ ही जिला पदाधिकारी औरंगाबाद, मुख्यमंत्री व सहकारिता मंत्री बिहार सरकार, प्रधान सचिव आदि को ईमेल आईडी पर भेजा गया है। इसके साथ किसानो ने यह चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने के लिए विवश होंगे। बैठक में श्याम जीत कुमार, चमन सिंह, ओमप्रकाश सिंह, दीनानाथ वर्मा, मुकेश पांडेय, रामनरेश सिंह, ललन सिंह, सुबोध कुमार, हिमांशु कुमार, सौरभ कुमार, कुंदन यादव, मनोज यादव समेत दर्जनों किसान उपस्थित थे।

# निर्माण कार्य में गुणवत्ता व सुरक्षा मानकों का डीएम ने किया अवलोकन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**औरंगाबाद।** नबीनगर प्रखंड अंतर्गत महुआंवा पंचायत में विभिन्न विकासात्मक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्माणाधीन महुआंवा पंचायत सरकार भवन का गहन निरीक्षण किया गया। उन्होंने भवन निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित तरीके से पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए। साथ ही जिलाधिकारी ने बीआरबीसीएल द्वारा संचालित तालाब सौंदर्यीकरण एवं हाई मास्क लाइट परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य की समयबद्ध पूर्णता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने



का निर्देश दिया, ताकि यह क्षेत्र स्थानीय विकास, पर्यटन एवं नागरिक उपयोग की दृष्टि से प्रभावी और आकर्षक बन सके। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने बीआरबीसीएल द्वारा निर्माणाधीन खेल मैदानका भी स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की यथार्थ प्रगति, स्थल सुरक्षा एवं आगामी कार्य योजना की जानकारी प्राप्त की और इसे युवाओं एवं बच्चों के खेलकूद एवं शारीरिक गतिविधियों के लिए सुरक्षित एवं सुचारू स्थल बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने यह स्पष्ट किया कि सभी विकासात्मक परियोजनाओं का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं जनता-केंद्रित क्रियान्वयन संबंधित अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि आने वाले समय में और अधिक विकासात्मक परियोजनाएं एवं कार्य संचालित किए जाएं, जिससे महुआंवा पंचायत एवं नबीनगर प्रखंड का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शनी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# जनता दरबार में जिलाधिकारी ने सुनीं जन समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**जहानाबाद।** जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय द्वारा अपने कार्यालय प्रकोष्ठ मे तथा अन्य पदाधिकारियों द्वारा समाहरणालय परिसर में स्थित ग्राम प्लेक्स में जनता दरबार का आयोजन किया गया। प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुनकर, शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं आवेदन प्रस्तुत किए। इस दौरान कुल 33 मामलों की सुनवाई की गई। जनता दरबार मे दो दिव्यांगजन को ट्राइसाइकिल दिया गया, जबकि अन्य मामलो मे भूमि



विवाद, शिक्षा विभाग, सामाजिक सुरक्षा पेंशन इत्यादि से संबंधित मामले प्राप्त हुए। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से सुना गया एवं संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त सभी मामलों को विधिवत पंजीकृत किया गया, जबकि अधिनियम से बाहर के मामलों को भी शीघ्र निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया।

# पंचायत सरकार भवन की भूमि को लेकर मकरपुर में विवाद

**डीपीआरओ ने दिया स्थल निरीक्षण का आश्वासन**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मकरपुर में पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि चयन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व में ग्राम सभा से सर्वसम्मति से पारित भूमि को नजरअंदाज कर नियमों के विरुद्ध किसी अन्य स्थान पर भवन निर्माण की अनुशंसा की जा रही है।ग्रामीणों के अनुसार पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु रैयती भूमि खाता संख्या 199, प्लॉट संख्या 399, रकबा 66 डिसमिल को ग्राम सभा से विधिवत प्रस्ताव पारित कर चयनित किया गया था। उक्त भूमि पर तत्कालीन अंचलाधिकारी एवं जिलाधिकारी द्वारा स्थल निरीक्षण भी किया गया था। इसके बाद प्रस्ताव भेजा गया, जिस पर भवन निर्माण हेतु टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। इस मामले में ग्रामीणों का आरोप है कि वर्तमान अंचलाधिकारी द्वारा नियमों के विरुद्ध दूसरे भूमि की अनुशंसा की गई थी, जिसे आपत्ति के बाद अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा निरस्त कर दिया गया। इसके पश्चात पुनः अंचलाधिकारी द्वारा पूर्व में पारित भूमि को ही पत्रांक 1933 दिनांक 23 नवंबर 2024 के माध्यम से भेजा गया। बावजूद इसके अब ग्राम पंचायत की अनुशंसा और ग्राम सभा के प्रस्ताव के बिना किसी अन्य प्लॉट को आगे बढ़ाया जा रहा है, जो पंचायती राज विभाग के दिशा-निर्देशों के खिलाफ है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में चयनित भूमि मखदुमपुर- वाणावर मुख्य मार्ग पर स्थित है, जो पंचायत के सभी 14 वार्डों के लिए सुगम एवं सुरक्षित है। जबकि प्रस्तावित नई भूमि एकांत स्थान पर है, जहां पहुंचने के लिए 9 वार्ड के लोगों को लगभग 12 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। इस पूरे मामले पर जिला पंचायत राज पदाधिकारी (डीपीआरओ) सुजीत कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुए हैं और सभी बिंदुओं पर विधिवत जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस स्थल पर भवन निर्माण की बात हो रही है, वहाँ पहले से एक मंदिर स्थित होने की जानकारी मिली है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि वे मंदिर हटाने के लिए सहमत हैं।

# पर्यटन विकास के साथ-साथ स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को किया जाएगा प्रोत्साहित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड अंतर्गत कनबेहरी स्थित तालाब का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण उक्त तालाब को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किए जाने की संभावनाओं का आकलन करने के उद्देश्य से किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा तालाब की वर्तमान भौतिक स्थिति, जल क्षेत्र विस्तार, संपर्क पथ, प्राकृतिक सौंदर्य तथा आसपास उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं का गहन अवलोकन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा उप विकास आयुक्त को निर्देशित किया गया कि विभिन्न संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए तालाब को एक आकर्षक



एवं सुव्यवस्थित पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने हेतु एक समग्र, व्यवहारिक एवं चरणबद्ध कार्ययोजना यथाशीघ्र तैयार की जाए, ताकि पर्यटन विकास के साथ-साथ स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिल सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सदर भूमि सुधार उप समाहर्ता श्वेतांक लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शनी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नेशनल चैंपियनशिप में वसुंधरा ने दो पदक जीत रचा नया कीर्तिमान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**औरंगाबाद।** गटका फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में पंजाब के मोहाली में 28 दिसंबर से 30 दिसंबर तक एक प्रतियोगिता आ योजित किया गया। इस 9वीं सीनियर राष्ट्रीय गटका चैंपियनशिप में बिहार के टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन गोल्ड, 20 कांस्य पद क हासिल किया जिसमें औरंगाबाद जिला के ओबरा प्रखंड अंतर्गत कझवा गांव निवासी पहलवान उदय तिवारी के पत्नी वसुंधरा कुमारी ने इस राष्ट्रीय गटका प्रतियोगिता में दो पदक हासिल की. टीम स्पर्धा में गोल्ड मेडल हासिल किया तो वहीं एकल फ्री सोटी स्पर्धा में कांस्य प दक से संतोष करना पड़ा। यह पहली बार ऐसा हुआ की किसी महिला खिलाड़ी ने देश स्तर पर खेल के क्षेत्र में दो-दो पदक लाकर जिला का नाम रोशन की है। यह जिला के लिए बहुत ही हर्ष और गौरव की बात है। इस उपलब्धि पर सभी खेल प्रेमियों ने खुशी जाहिर करते हुए वसुंध रा कुमारी के साथ ही साथ कुश्ती संघ सचिव




एवं गटका संघ अध्य क्ष को भी शुभकामनाएं और बधाई दिया है। इस राष्ट्रीय सीनियर प्र तियोगिता के लिए वसुंधरा ने इनडोर स्टेडियम कैंपस में काफी कड़ी मेहनत और तैयारी की थी जिसका परिणाम पदक के रूप में सामने आया है। वसुंधरा के कोच विकास कुमार ने लगातार गतका का प्रशिक्षण देक रराष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता के लिए तैयार किया जिसका परिणाम जिला को राष्ट्रीय स्तर पर पदक के रूप में सामने आया है। औरंगाबाद वापस आने के बाद जिला के सभी संघ के अधिकारियों ने खेल प्रेमियों ने वसुंधरा कुमारी को बधाई और शुभकामनाएं दी है। जिला खेल अधिकारी कुमार पप्पू राज ने वापस आने के बाद शुभकामनाएं दी और बधाई दी। इस उपलब्धि को लेकर कझवा गांव में भी खुशी के लहर दौड़ गई है। वसुंधरा एक मिसाल बनी है महिला को लेकर की मेहनत से हर चीज हासिल किया जा सकता है जो आज उन्होंने साबित कर दिखाया है। यह जानकारी देते हुए गतका संघ के अध्यक्ष एवं कुश्ती कोच, सचिव जिला कुश्ती संघ उदय तिवारी ने बताया कि औरंगाबाद जिला खेल के क्षेत्र में बहुत बेहतर कर रहा है और आने वाले समय में अंत रराष्ट्रीय स्तर के भी खिलाड़ी जिले से निकलकर देश का नाम भी रोशन करने का काम करे।

## सदस्यता अभियान चला कर कार्यकर्ताओं को जोड़ रहा जदयू



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र में सदस्यता अभियान चलाकर जनता दल यूनाइटेड कार्यकर्ताओं को जोड़ रही है। पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विजय वर्मा ने बताया कि कार्यकारी जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में सदस्यता अभियान 28 दिसंबर से शुरू किया गया है जो आगामी 14 जनवरी तक चलेगा। प्रखंड क्षेत्र में कुल 600 सदस्य जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी कमेटी भंग कर दी गई है। सदस्यता अभियान के बाद सक्रिय कार्यकर्ताओं को पार्टी में जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। जिला से पंचायत स्तर पर पदाधिकारी मनोनीत किए जाएंगे। इस अभियान में सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्यों की मान्यता 2028 तक होगी।

# वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन को किया गया रवाना



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के एमएलसी दिलीप कुमार सिंह एवं बटालियन के समादेशी पदाधिकारी कर्नल प्रदीप कुमार तकशक के द्वारा शुक्रवार को झंडी दिखाकर वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथान को आगे की यात्रा सासाराम के लिए रवाना किया गया। इससे पूर्व एमएलसी के द्वारा सभी साइक्लोथान टीम का जोरदार अभिनंदन कर उनके उत्साह को बढ़ावा दिया गया। गौरतलब है कि वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथान टीम रांची से चलकर नई दिल्ली जाने के क्रम में औरंगाबाद पहुंची थी। यहां 13 बिहार बटालियन एनसीसी औरंगाबाद के तत्वाधान में रात्रि विश्राम के पश्चात नव वर्ष पर औरंगाबाद के ऐतिहासिक एवं धार्मिक धरोहर देव सूर्य मंदिर एवं सूर्यकुंड का दर्शन सह भ्रमण किये। साइक्लोथान टीम ने इस धार्मिक एवं ऐतिहासिक धरोहर के बारे में अनेक तथ्यों की जानकारियां भी प्राप्त की।

मौके पर बटालियन के समस्त सैन्य एवं असैन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## अपहरणकर्ता गिरफ्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शादी की नीयत से लड़की को बहला फुसलाकर अपहरण कर ले भागने का आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि टेहटा थाने में शादी की नीयत से एक बच्ची को बहला फुसला कर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया था, जिसमें प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसी मामले में आरोपित युवक रंजीत कुमार को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

# जदयू सदस्यता अभियान पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के फिता बिगहा स्थित रज्जा प्लेस के समीप ठंड के मौसम को देखते हुए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष एवं जदयू नेता उमर नूरानी उपस्थित रहे। उनके साथ रफीगंज के राजस्व पदाधिकारी मो. सलाह, प्रो. मोहम्मद हाशिम रज्जा, जिला बीस सूत्री सदस्य मो. ख्वाजा अतिक रज्जा, सुनील कुमार वर्मा, सुधीर गुप्ता, संजीव पासवान, अफरोज सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजक ख्वाजा अतिक रज्जा ने बताया कि बढ़ती ठंड और जरूरतमंदों की स्थिति को देखते



हुए छह भाइयों ने आपसी विचार-विमर्श के बाद कंबल वितरण का निर्णय लिया। इसके तहत नौआखाप, चंद्रेहटा, चंद्रेहटा डीह, लभरी, केराप, हकीमचक, फिता बिगहा, हकीमचक भुइयां बिगहा, हाजीपुर, गोला, मलुक बिगहा, हसनपुर एवं अब्दुलपुर गांवों से चिन्हित 151 बुजुर्गों, गरीब असहायों, विधवा महिलाओं और दिव्यांगों के बीच कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर उमर नूरानी ने कहा कि जदयू द्वारा पूरे बिहार में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है, जिसका लक्ष्य 13 जनवरी तक एक करोड़ सक्रिय सदस्य बनाना है। कंबल वितरण के बाद उपस्थित लोगों के बीच सदस्यता अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने की अपील की गई।

कार्यक्रम में उमर ख्वाजा रज्जा उर्फ सोनू, मोहम्मद शमशाद, मोहम्मद मुर्शीद उर्फ मुनाज, रविंद्र कुमार, फैज आलम, सुमित कुमार, मोहम्मद गुलाम जिलानी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। ठंड में राहत और सामाजिक सरोकार का यह दृश्य, सादगी में भी असरदार नजर आया।

## केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक डॉ अनिल कुमार सिंह का विदाई समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**औरंगाबाद।** केंद्रीय विद्यालय एनपीजीसी नबीनगर के सबसे ऊर्जावान एवं गोल्ड मेडलिस्ट शिक्षक डॉक्टर अनिल कुमार सिंह को केंद्रीय विद्यालय संगठन ने 31 दिसंबर 2025 को उनकी कार्यवधि पूर्णता पर सम्मानित किया। साथ ही विद्यालय प्रशासन के द्वारा बड़े ही धूमधाम से विदाई समारोह आयोजित की गई।

बताते चलें कि डॉ अनिल कुमार सिंह ने लगभग 30 वर्षों की सेवा में कई महत्वपूर्ण कार्य संपादित किया. उनके पढ़ाए गए विद्यार्थी देश-विदेश के विभिन्न विभागों में उच्च पद पर आसीन हैं. डॉक्टर अनिल कुमार सिंह एक अच्छे इंसान के साथ-साथ बहुत ही उम्दा प्रशासनिक कार्यशैली के जानकार हैं. उनकी सेवा की मिसाल ही है कि केंद्रीय विद्यालय संगठन ने वर्ष 2019 में उनको पूरे पटना संभाग में बेस्ट टीचर के अवार्ड से सम्मानित किया था।

# सिविल सर्जन ने सीएचसी का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**मदनपुर (औरंगाबाद)।** शुक्रवार को मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सिविल सर्जन डॉ कृष्णा कुमार द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान ओपीडी सेवा, इमरजेंसी वार्ड, दवा काउंटर, ओटी, लेवर रूम, एनसीडी क्लिनिक, आंख नेत्र क्लिनिक एवं आयुर्वेदिक हॉस्पिटल का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन शने डिलीवरी वार्ड में पहुंचकर बंगरे गांव की प्रसव को लेकर भर्ती ब्यूटी गुप्ता से स्वास्थ्य की जानकारी ली। ठंड लगने से बीमार खिरियावां के इमरजेंसी वार्ड



में इलाजरत रेणु देवी से स्वास्थ्य की जानकारी लिया। दवा काउंटर में कार्यरत कर्मी से दवा का जायजा लिया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने 262 प्रकार के दवा होने की मौजूद है साथ एक्सपायरी को दवा की जांच भी की। सिविल सर्जन ने अस्पताल की व्यवस्था पर प्रसन्नता ज़ाहिर की है। मरीजों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं और मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल रहा है। कुछ कमियां भी पाई गई है जिसे अस्पताल के कर्मचारियों को सुधारने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करें और उनकी समस्याओं का समाधान करें। कुछ कमियां है जिसे विभाग को अवगत कराकर दूर की जाएगी। इस दौरान स्वास्थ्य प्रबंधक ललन प्रसाद, चिकित्सक डॉ कुमार जय, लिपिक अनिल कुमार सिंह समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Road Construction Department, Road Division, Daltonganj**

**e-Procurement Notice**

e-Tender Ref No-12/RCD/Daltonganj/2025-26/1234 Dated:- 31.12.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | **Construction of RCC Girder Bridge Over North Koyal River in Daltonganj to Chainpur Road in Chainpur Block under Road Division, Daltonganj for the year 2025-26** |
| 2. | Estimated Cost | **Rs. 42,66,97,707.03 (Rupees Forty Two Crore Sixty Six Lacs Ninety Seven Thousand Seven Hundred Seven and Zero Three Paise) Only.** |
| 3. | Bid Security (Amount) | **Rs. 42,67,000.00 (Rupees Forty Two Lac Sixty Seven Thousand) Only.** |
| 4. | Time of Completion | **30 Months** |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | **06.01.2026, 10:30 AM** |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | **27.01.2026, 12:00 Noon** |
| 7. | Date and Time of Bid opening | **29.01.2026, 12:30 PM** |
| 8. | Pre Bid Meeting Date & Time | **16.01.2026, 15:00 PM** |
| 9. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | **Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in** |
| 10. | Name & address of officer Inviting tender | **Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj. 06562&225019** |
| 11. | E-mail Id | **eercdmedini-jhr@nic.in** |
| 12. | Helpline number of e-Procurement cell | **0651-2401010** |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

**Executive Engineer**
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj.

PR 369910 Road (25-26)_D

# हथियारों के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

## किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे दोनों अपराधी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तेघड़ा।** थाना क्षेत्र के दुलारपुर गांव में गुरुवार को पुलिस ने छापेमारी कर भारी संख्या में अवैध हथियारों के साथ दो अपराधियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इनके पास से तीन देसी पिस्तौल और 15 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। शुक्रवार को डीएसपी कृष्ण कुमार ने तेघड़ा थाना में प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि गुरुवार की शाम जब तेघड़ा पुलिस की टीम गश्त (पेट्रोलिंग) पर थी तभी पुलिस अधिकारी को गुप्त सूचना मिली। सूचना के मुताबिक, दिलारपुर गांव स्थित पंचायत भवन के पास दो संदिग्ध व्यक्ति अवैध हथियारों के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में बैठे थे। मामले की गंभीरता को देखते




हुए तत्काल वरीय पुलिस अधिकारियों को सूचित किया गया। निर्देश मिलते ही पेट्रोलिंग टीम और सशस्त्र बल ने बिना समय गंवाए बताए गए स्थान की घेराबंदी कर दी। पुलिस टीम को अपनी ओर आता देख पंचायत भवन में मौजूद दोनों अपराधियों ने भागने का प्रयास किया। हालांकि, मुस्तैद पुलिस बल ने घेराबंदी करते हुए दोनों को मौके पर ही दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान मनु कुमार और सुमन कुमार के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के बाद जब पुलिस ने दोनों की विधिवत तलाशी ली, तो अपराधी के पास से 03 देसी पिस्तौल, 15 जिंदा कारतूस 12,010 रुपये (नकद) 01 मोबाइल फोन बरामद किया। पुलिस ने बरामद हथियारों और अन्य सामानों को जब्त कर लिया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया है, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे किस बड़ी वारदात को अंजाम देने वाले थे और उनके तार किन-किन अपराधियों से जुड़े हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**मखदुमपुर (जहानाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मखदुमपुर प्रखंड के उमता धरनई थाना क्षेत्र के एनएच- 22 पर सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के काफरपुर गांव निवासी 49 वर्षीय अमरेश यादव उर्फ नागों के रूप में की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि काफरपुर गांव निवासी अमरेश यादव सड़क पर पैदल जा रहे थे तभी ओवा पुल के समीप जहानाबाद की ओर से गयाजी की ओर जा रहे बाइक ने जोरदार ठोकर मार दिया जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर उमता धरनई थाना की पुलिस ने दोनों घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने काफरपुर गांव निवासी अमरेश यादव उर्फ नागों को मृत घोषित कर दिया। वही बाइक चालक गयाजी जिले के रामपुर थाना निवासी अमन कुमार को पीएमसीएच रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अमन कुमार ग्लैमर मोटरसाइकिल पर सवार होकर जहानाबाद की ओर से गयाजी की ओर जा रहा था तभी ओवा पुल के समीप ये हादसा हुआ।

# दिव्यांगों का शिविर लगाकर बनेगा यूनिक डिसएबिलिटी आई कार्ड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिले में सभी दिव्यांगजनों का शत-प्रतिशत यूनिक डिसएबिलिटी आईडी कार्ड निर्माण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डीएम श्रीकांत शास्त्री ने प्रखंड स्तर पर विशेष मेडिकल शिविरों का आयोजन करने का निर्देश दिया है। जिला पदाधिकारी द्वारा यूडीआईडी पोर्टल पर लंबित आवेदनों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है ताकि दिव्यांगजनों को उनके आवास के समीप ही चिकित्सकीय जांच, सत्यापन एवं पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। निर्धारित तिथियों को आयोजित होने वाले इन विशेष शिविरों में जांच एवं पंजीकरण का कार्य पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक किया जाएगा। सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग द्वारा बताया गया कि शिविर में आने वाले दिव्यांगजनों को अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो तथा आधार कार्ड की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा। शिविरों का आयोजन संबंधित प्रखंडों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अथवा अनुमंडलीय अस्पतालों में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 5 जनवरी को बलिया, छौराही एवं मंसुरचक प्रखंडों के लिए क्रमशः अनुमंडलीय अस्पताल बलिया, पीएचसी छौराही एवं सीएचसी मंसुरचक में शिविर आयोजित किया जाएगा। 7 जनवरी को साहेबपुरकमाल, बखरी एवं भगवानपुर प्रखंडों के लिए पीएचसी साहेबपुरकमाल, पीएचसी बखरी तथा पीएचसी भगवानपुर में शिविर लगाए जाएंगे। इसी क्रम में 8 जनवरी को डंडारी, नावकोठी एवं बरौनी प्रखंडों के लिए पीएचसी डंडारी, पीएचसी नावकोठी एवं सीएचसी बरौनी में शिविर का आयोजन होगा। 9 जनवरी को मंझौल, गढ़पुरा एवं मटिहानी प्रखंडों के लिए अनुमंडलीय अस्पताल मंझौल, पीएचसी गढ़पुरा तथा पीएचसी मटिहानी में शिविर आयोजित किए जाएंगे। 10 जनवरी को खोदावंदपुर, तेघड़ा एवं वीरपुर प्रखंडों के लिए क्रमशः सीएचसी खोदावंदपुर, अनुमंडलीय अस्पताल तेघड़ा एवं पीएचसी वीरपुर में शिविर आयोजित होंगे। वहीं 12 जनवरी को चेरिया बरियारपुर, बछवाड़ा एवं बेगूसराय सदर प्रखंडों के लिए सीएचसी चेरिया बरियारपुर, सीएचसी बछवाड़ा तथा पीएचसी सदर बेगूसराय में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शाम्हो प्रखंड के लिए विशेष रूप से 5 जनवरी को पीएचसी शाम्हो में शिविर निर्धारित है। प्रत्येक शिविर में मेडिकल बोर्ड की व्यवस्था की गई है। जिसमें फिजिशियन, अर्थोपेडिक चिकित्सक, फिजियोथेरेपिस्ट तथा नेत्र सहायक की प्रतिनियुक्ति की गई है। मौके पर ही ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिसके लिए डेटा एंट्री ऑपरेटर एवं कार्यपालक सहायकों की तैनाती की गई है, ताकि दस्तावेज अपलोड कर यूडीआईडी कार्ड से संबंधित सभी प्रक्रियाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण की जा सकें। सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि आशा कर्मियों के माध्यम से घर-घर जाकर दिव्यांगजनों को शिविर की जानकारी उपलब्ध कराएंगे तथा उन्हें शिविर स्थल तक लाने में आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करें।

# कायस्थ महासभा के पूर्व जिलाध्यक्ष का निधन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पूर्व जिलाध्यक्ष मदन प्रसाद सिन्हा का शुक्रवार की सुबह निधन हो गया जिससे जिले के चित्रांश सहित शुभचिंतकों और परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। वें काफी लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। शुक्रवार की सुबह चित्रगुप्त नगर पोखरिया स्थित आवास में उनका निधन हो गया। निधन की खबर सुनते ही उनके पोखरिया स्थित आवास में लोगों का अंतिम दर्शन के लिए ताँता लग गया। ये रेलवे में पदाधिकारी पद से अवकाश प्राप्त थे। ये अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई के लंबे समय तक अध्यक्ष रहे। ये गड़हरा (प्रेमनगर मुहल्ला) के मूल निवासी थे। रेलवे के बड़े व कुशल पदाधिकारी, समाज सेवा में अग्रणी रहने वाले व्यक्तित्व थे। वे कुछ समय से ज्यादा बीमार थे। मदन प्रसाद अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनकी धर्मपत्नी सरोज देवी 8 वर्ष पूर्व ही साथ छोड़ चुकी। उनके चारों पुत्र क्रमशः प्रवीण, संजीत, सचिन, मुकेश तथा उनकी पुत्र- वधुएं सबकुछ छोड़ सतत् सेवा में लगे रहे। उनके निधन की खबर पर उनके आवास पर प्रदेश उपाध्यक्ष अभाकाम के बीनू सिंहा, अशोक सिंहा, समीर शेखर, संजीत कुमार, रबीश कुमार, नवीन सिंहा, संजय कुमार, रविश कुमार, एलआईसी के कुमार शांतनु आदि शोक संतृप्त परिवार से मिलने पहुंचे। इसके अलावा नगर, मुहल्ले के सैकड़ों आदमी अंतिम दर्शन को पहुंचे। परिजनों ने बताया की मदन प्रसाद के पौत्र के दिल्ली से आने बाद ही सिमरिया गंगा तट पर दाह संस्कार किया जाएगा। उनके आवास पर शोक प्रगट करने वालों का दिन भर तांता लगा रहा।

# अंचल गार्ड के निधन से शोक

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के पबड़ा ढाब निवासी 55 वर्षीय अरविंद कुमार सिंह अंचल गार्ड का शुक्रवार को निधन हो गया। वह जिले के भगवानपुर अंचल में बतौर अंचल गार्ड के पद पर तैनात थे। अचानक उनकी तबियत खराब होने पर बेगूसराय के निजी नर्सिंग होम में इलाज के लिए ले जाया गया जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए मुम्बई रेफर कर दिया गया। शुक्रवार की सुबह उनका शव अपने ग्रामीण आवास पर पहुंचते ही उनका अंतिम दर्शन के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमर पड़ी। अपने पीछे एक पुत्र और पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। मौके पर मुखिया दीपक कुमार, प्रखंड उप प्रमुख सुबोध पासवान, पूर्व उपमुखिया ओमप्रकाश सिन्हा आदि ने पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की।

# भवन विहीन है मध्य विद्यालय छतौना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखण्ड के छतौना में शिक्षा के क्षेत्र में चर्चित मध्य विद्यालय विकास से आज काफी उपेक्षित महसूस कर रहा है। इस विद्यालय से पूर्व के समय मे छतौना, अब्बूपुर, कमलपुर, वृन्दावन, टेकनपुरा, बेगमपुर, नावकोठी, अझौर, परना, वनद्वार के बच्चे शिक्षा ग्रह्मा करने आते थे। आज पंचायतों में कई मध्य विद्यालय हो गये हैं। इसके बावजूद अभी भी शिक्षा की अलख जगाने में पीछे नहीं है। एक ओर सरकार शिक्षा के उत्थान के लिए संकल्पित है। वहीं आज तक इस पर विकास का रंग नहीं चढ़ सका। सर्व शिक्षा अभियान से समग्र शिक्षा अभियान की अलख जगायी जा रही है। किन्तु इस विद्यालय का समन्वित विकास अधूरा है। भौतिक संसाधनों से दूर यह विद्यालय अपनी बदहाली का दंश झेल रहा है। लगभग आठ दशक से यह विद्यालय चर्चित रहा है। विद्वान शिक्षकों यथा विजय कुमार सिंह,राम देव पोद्दार,छठू पोद्दार, अरविन्द कुमार सिंह, स्व श्रीकांत सिंह, राजेन्द्र प्रसाद जयसवाल, सुमन कुमार, दीपक कुमार सिंह सरीखे शिक्षकों से कभी यह विद्यालय गुलजार रहा करता था। इन दिनों छात्र संख्या अधिक, शिक्षकों की संख्या कम, सीमित कमरे अन्य भौतिक संसाधनों की कमी के कारण वजूद तो नहीं खो रहा किन्तु अपनी प्रतिष्ठा को संवारने की कोशिश में लगा है। इस विद्यालय की स्थापना 1952 में हुई थी। प्राथमिक स्तर तक की पढ़ाई होती थी। क्षेत्र के बच्चे मध्य व माध्यमिक स्तर की पढ़ाई के लिए दूर जाते थे। 1972 में मध्य स्तर की पढ़ाई शुरू होने से क्षेत्र के अभिभावकों की पीड़ा कम हो गयी। 1952में छतौना के ही दानवीर, शिक्षा प्रेमी स्व रामेश्वर प्रसाद सिंह ने अपना बहुमूल्य लगभग सात कट्ठे जमीन देकर इस विद्यालय की स्थापना की। उन्हीं के परिवार के सदस्य सेवानिवृत शिक्षक पवन कुमार ने बताया कि जनसहयोग से भवन भी बना। बाद में पूर्व सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने भी कमरे दिये। यह क्षेत्र का एक आकर्षक और भौतिक संसाधनों से परिपूर्ण विद्यालय बन गया। पूर्व में छतौना पंचायत का आदर्श मध्य विद्यालय में इसकी गिनती होती थी। इन दिनों यह डफरपुर पंचायत का एक मध्य विद्यालय है। इस पंचायत में तीन मध्य विद्यालय छतौना, डफरपुर पश्चिम, डफरपुर पूर्वी तथा तीन प्राथमिक विद्यालय टेकनपुरा, वृन्दावन तथा इनैया में है। एक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उत्क्रमित मध्य विद्यालय डफरपुर पश्चिम भी है। मध्य विद्यालय छतौना के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव रंजन ने बताया कि लगभग साढ़े पांच सौ बच्चे हैं। प्रभारी प्रधानाध्यापक समेत बारह शिक्षक हैं। इनमें षष्ठ से अष्टम वर्ग में पढ़ाने वाले स्नातक ग्रेड में मात्र दो शिक्षक एक गणित -विज्ञान तथा दूसरा संस्त के हैं। हिंदी, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान के शिक्षक नहीं हैं। इस कारण वर्ग संचालन में कठिनाई होती है। बेसिक ग्रेड के योग्य शिक्षक रहने के कारण आठवें स्तर तक के बच्चों की पढ़ाई हो पाती है। कमरों की भी कमी है। यहां न तो सर्व शिक्षा अभियान से पर्याप्त कमरे बन पाये और न ही समग्र शिक्षा अभियान से। ऐसी स्थिति में बच्चों के वर्ग संचालन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एक प्रीफेड से कमरे तथा एक एस्बेस्टस (टीन) का कमरा है। टीन के कमरे में तो गर्मी के दिनों में बैठना मुश्किल हो जाता है। पूर्व प्रधानाध्यापक विपुल कुमार व शिक्षकों के प्रयास से सात सीसीटीवी कैमरे भी इस स्कूल में लगाये गये हैं। विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुधीर कुमार, सचिव डैजी कुमारी, समाजसेवी गोपाल झा आदि ने बताया कि अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अब स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध हो रहा है। विद्यालय परिसर में वटर प्यूरीफायर लगाए जाने से बच्चों को अब पीने के पानी के लिए घर से पानी लाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। छतौना निवासी समाजसेवी संदीप झा उर्फ विपिन झा द्वारा वटर प्यूरीफायर मशीन उपलब्ध कराई गई है। संदीप झा बताते हैं कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी आवश्यक है। शुद्ध पेयजल बच्चों का मौलिक अधिकार है और इसकी व्यवस्था प्रत्येक विद्यालय में होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कुछ छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छ एवं ठंडा पानी उपलब्ध कराने की मांग की गई थी, जिसे देखते हुए प्यूरीफायर लगवाया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव रंजन, शिक्षक सरोज कुमार, साकेत कुमार, शिक्षिका रेखा कुमारी, कुमारी बुलबुल, सुनीता कुमारी, पिंकी कुमारी,स्वर्णिमा पुनीत,रमण कुमार ने बताया कि विद्यालय में शैक्षणिक वातावरण बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं किन्तु भौतिक संसाधनों व शिक्षकों की कमी के कारण कठिनाई होती है।

# 5 जनवरी तक बंद रहेंगे जिले के सभी विद्यालय : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिले में लगातार बढ़ रही शीतलहर, अत्यधिक ठंड एवं गिरते तापमान के कारण जिला दण्डाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा विद्यालयों के संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के अंतर्गत जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों (प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों सहित) में कक्षा 8 तक की सभी शैक्षणिक गतिविधियों पर 5 जनवरी तक पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। वहीं कक्षा 8 से ऊपर की कक्षाएं केवल सुबह 10 बजे से दोपहर 4:30 बजे के बीच ही संचालित की जा सकेंगी। आदेश के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों को केवल बच्चों को पका हुआ भोजन उपलब्ध कराने हेतु दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक खोलने की अनुमति दी गई है। प्री-बोर्ड अथवा बोर्ड परीक्षाओं से संबंधित विशेष कक्षाएं एवं परीक्षाएं इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगी। यह आदेश 2 जनवरी से 5 जनवरी तक प्रभावी रहेगा। सभी विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया है कि वे आदेश के अनुरूप अपनी शैक्षणिक गतिविधियों का पुनर्निर्धारण सुनिश्चित करें। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को आदेश के सख्त अनुपालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# कड़ाके की ठंड में जरुरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत गुंडी गांव के युवाओं ने कड़ाके की ठंड में मानवता की मिशाल कायम की है। यह कार्य प्रेरणादायक है। जो युवा, समाजसेवी, पंचायत प्रतिनिधि समेत अन्य का दिल छू दिया है। स्थानीय गांव के बेरोजगार युवको की टीम ने अपने खर्चे के मिले पैसे से बचत कर एक राशि इकट्ठा किया। टीम ने आपसी सहयोग से कंबल खरीदा और गरीबों, असहायों व जरुरतमंद के बीच निःशुल्क कम्बल वितरण किया। कंबल मिलते ही उनके चेहरों पर मुस्कान लौटाया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व विशाल सिंह उर्फ मोनू ने किया। उन्होनें बताया कि हम सभी युवाओं ने मिलकर आपस में सहयोग राशि



एकत्रित की जिसके माध्यम से कम्बल खरीदे गए। इसमे मुख्य रूप से सुमित सिंह, अंकित पांडेय, आशीष सिंह, रवि सिंह, विश्वजीत कुमार, रवि कुमार का सहयोग रहा। इसके बाद टीम रात में जरुरतमंदों को खोजकर आरा शहर के विभिन्न सड़कों के किनारे, रेलवे स्टेशन परिसर में खुले आसमान के नीचे ठंड से जूझ रहे लोगों को पहचान कर उन्हें कम्बल प्रदान किया गया। विशाल सिंह ने कहा कि इस सेवा का मुख्य उद्देश्य सिर्फ ठंडा से राहत देना ही नही बल्कि समाज की सवेंदना और आपसी प्रेम का संदेश देना है।

# इफको द्वारा ड्रोन से होगा नैनो डीएपी का छिड़काव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखण्ड क्षेत्र में नवाचार कार्यक्रम के तहत प्राथमिक षि साख सहयोग समिति लिमिटेड पहसारा पश्चिमी के सदस्यों एवं किसानों को इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर लिमिटेड (इफको )के सौजन्य से नैनो यूरिया एवम नेनौ डी एपी का छिड़काव ड्रोन विधि से करने का ट्रेनिंग दिया गया। इसकी अध्यक्षता पैक्स अध्यक्ष रणवीर सिंह ने की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। सक्षम भारत समर्थ भारत का संकल्प के साथ आत्मनिर्भर भारत पे बल दिया गया। मुख्य अतिथि प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने कहा स्वदेशी अपनाओ आत्मनिर्भर भारत बनाएं इसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका कृषि सहकारिता एवम पशुपालन विभाग का है ।इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक मोहित झा ने कहा कि समूह बनाकर किसानों को ड्रोन के माध्यम से खेतों में अलग-अलग नैनों यूरिया एवम नैनों डी एपी का छिड़काव करें ताकि कम खर्च में किसानों की आमदनी को दोगुना किया जा सके। आलू खेत में छिड़काव का माक ड्रील कर दिखाया गया। मौके पर प्रगतिशील किसान शंभू कुमार उर्फ मंचन, रामानंदन सिंह, रामप्रवेश पासवान, उपाध्यक्ष शिवेश रंजन प्रबंधक किरण कुमारी, डाटा आपरेटर अंकित कुमार मिश्रा आदि थे।

## तीन नशेड़ी गिरफ्तार

**वीरपुर।** पुलिस ने तीन नशेड़ियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार ने बताया कि नशेड़ी की पहचान क्षेत्र के बड़हरा गांव निवासी रामपदारथ महतों के पुत्र दिलखुश कुमार एवं भगवानपुर थाना क्षेत्र के मखवा गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद सिंह के पुत्र हलकु कुमार के साथ योगेंद्र सिंह के पुत्र मुकेश कुमार उर्फ मुकेश सिंह के रूप में किया गया है। सभी अग्रिम कार्रवाई के लिए शुक्रवार को बेगुसराय न्यायालय भेज दिया गया है।

# विनोद भवन मैदान में बीएसएल लीग का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** विनोद भवन मैदान में युवाओं के लिए खेल के एक नए अध्याय की शुरुआत हुई। 1 जनवरी को बीएसीएल किट लीग का विधिवत शुभारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य स्थानीय खेल प्रतिभाओं को निखारना है। बीएसीएल के अध्यक्ष अमित कुमार और वार्ड-22 के पार्षद अजीत कुमार के नेतृत्व में इस लीग का आयोजन किया गया। स्थानीय क्षेत्र के अंडर-16 खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका देते हुए कुल 6 टीमों का चयन किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि रंजीत कुमार, रेखा कुमारी और शेखर कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। लीग का पहला मैच सुपर किंग-11 और इल्वरो सुपर-11 के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन अंततः अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर सुपर किंग-11 ने जीत दर्ज कर टूर्नामेंट में विजयी आगाज किया। इस खेल आयोजन को सफल बनाने में विनोद भवन के पुराने खिलाड़ियों और स्थानीय युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन समिति में मुकेश कुमार, विनोद, साजू, श्याम, सुबोध। रवि, राहुल, विनोद, निरंजन कुमार, राजा और पप्पू।इन सभी सदस्यों के सहयोग से मैदान की व्यवस्था और खेल का संचालन सुचारू रूप से संपन्न हुआ। अतिथियों ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से न केवल बच्चों का शारीरिक विकास होता है, बल्कि उन्हें भविष्य के लिए एक पेशेवर मंच भी मिलता है।

## 6 जनवरी से होगी एटीएसटीएमएस प्रतियोगिता परीक्षा

**भगवानपुर।** द इंडियन मैथमेटिक्स एण्ड साईस एसोसिएशन द्वारा आयोजित एटीएसटीएमएस प्रतियोगिता परीक्षा में छात्रों की सहभागिता के संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने पत्र जारी किया है। यह परीक्षा कक्षा 6 से 12 तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के छात्रों के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता परीक्षा हेतु ऑनलाईन पंजीकरण संस्था की वेबसाईट पर किया जाएगा। प्रतियोगिता परीक्षा में आवेदन करने हेतु किसी प्रकार का पंजीकरण शुल्क नहीं लिया जा रहा है। जिला शिक्षा पदाधिकारी बेगूसराय ने संस्था प्रधान को विद्यालय-महाविद्यालय में अध्ययरत कक्षा 6 से 12 तथा स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर के छात्रों को प्रतियोगिता परीक्षा में अनलाईन पंजीकरण करने हेतु प्रेरित करने का निदेश दिया है। ताकि अधिक-से-अधिक छात्र-छात्राएं इस प्रतियोगिता परीक्षा में आवेदन कर सकें।

## किसान पाठशाला का आयोजन

**मखदुमपुर (जहानाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड के पूर्वी एवं पश्चिमी सरेन पंचायत में किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। पश्चिमी सरेन पंचायत के सरेन गांव मे एवं पूर्वी सरेन पंचायत के नारायणपुर ग्राम में किसान पाठशाला आयोजित कर किसानों को जानकारी दी गयी। आत्मा द्वारा संचालित पाठशाला चार दिवसीय है। जो सप्ताह में 1 दिन कक्षा संचालित होगा। इस तरह से चार कक्षा आयोजित होगा। मौके पर प्रखंड तकनीक प्रबंधक अर्पण सुधांशु एवं किसान सलाहकार नंदकिशोर कुमार ने किसानों को मशरूम उत्पादन के तकनीक के बारे में बताया। सभी किसानों को फोल्डर बुक पेन एवं सामग्री वितरण किया गया। जिसमें मशरूम उत्पादन किट भी उपलब्ध कराया गया। मौके पर सिंकू देवी, मीनू कुमारी, सुमित्रा देवी, चंपा देवी, प्यारी देवी, कविता कुमारी, मंजू कुमारी एवं अन्य महिला किसान मौजूद थे।

# किसान संवाद यात्रा में किसानों को संगठित करने की पहल, पांच सूत्री मांगों पर होगी चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** किसान संघर्ष समिति द्वारा किसानों को संगठित करने के उद्देश्य से किसान संवाद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान किसानों के हित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी और उन्हें संगठन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। किसान संवाद यात्रा के दौरान समिति द्वारा कई प्रमुख मांगों को किसानों के समक्ष रखा जाएगा। किसानों को प्रतिमाह न्यूनतम 10,000 रुपये की पेंशन दी जाए। कृषि कार्यों के लिए बिजली पूरी तरह निःशुल्क की जाए। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) पर फसल खरीद की गारंटी हेतु कानून बनाया जाए। राजस्व कर्मचारियों द्वारा की जाने वाली अवैध वसूली पर सख्त रोक लगाई जाए।

किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष मंजय कुमार ने बताया कि संगठन द्वारा प्रत्येक माह की 2 तारीख को




धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारें बड़े-बड़े वादे तो करती हैं, लेकिन किसानों की वास्तविक समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान महंगाई के दौर में किसानों को मिलने वाली 1000 रुपये की पेंशन बेहद अपर्याप्त है। किसानों के लिए पेंशन की राशि बढ़ाकर कम से कम 10,000 रुपये प्रतिमाह की जानी चाहिए। साथ ही खेती के लिए उपयोग होने वाली बिजली—चाहे वह खेत की सिंचाई हो या धान की कटाई—उस पर लगने वाला बिजली बिल पूरी तरह माफ किया जाना चाहिए। मंजय कुमार ने आरोप लगाया कि कई बार किसान मजबूरी में पोल से बिजली लेकर खेत की सिंचाई करते हैं, जिसके बाद उन पर बिजली चोरी के नाम पर भारी जुर्माना लगाया जाता है, जिसे वे चुका नहीं पाते। उन्होंने केंद्र सरकार और बिहार सरकार दोनों से अपील की कि किसानों के लिए ठोस नीतियां बनाई जाएं, न कि केवल चुनाव के समय उन्हें याद किया जाए। उन्होंने कहा कि किसान अन्नदाता है। यदि अन्नदाता ही परेशान रहेगा, तो देश की खाद्य सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। इसी को लेकर किसान संघर्ष समिति द्वारा हर महीने की 2 तारीख को किसानों की पांच सूत्री मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाता है।

# सहकारिता में रोजगार की असीम संभावनाएं : मंत्री प्रमोद कुमार

## 2 से 31 जनवरी तक चलेगा जागरूकता महाअभियान




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** बिहार के पैक्सों में सदस्यता सह जागरूकता अभियान की शुरुआत शुक्रवार से पुनपुन स्थित डुमरी पैक्स से सहकारिता मंत्री डॉ प्रमोद कुमार ने उद्घाटन करते हुए शुरुआत की है। यह आगामी 31 जनवरी तक चलेगा। गौरतलब है की सदस्यता अभियान का उदघाटन पुनपुन प्रखंड अंतर्गत डुमरी पैक्स से सहकारिता विभाग के मंत्री डा0 प्रमोद कुमार द्वारा किया गया है। इस कार्यक्रम में विभाग के सचिव धर्मेन्द कुमार, अपर सचिव अभय कुमार सिंह, राज्य सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार वेजफ़ेड के प्रबंधक निदेशक डॉ गगन प्रसाद, संयुक्त निबंधक, पटना प्रमंडल संतोष कुमार झा, कामेश्वर काठुर, समरेश कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना, प्रबंध निदेशक, कॉपरेटिव बैंक, पाटलीपुत्रा उपस्थित रहें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य सहकारी बैंक के एमडी ननोज कुमार द्वारा सहकारी बैंक द्वारा संचालित योजनाओं को विस्तार से बताया। डॉ0 गगन प्रसाद द्वारा सब्जी उत्पादक के माध्यम से सब्जी उत्पादक लाभ उठाये चंदन कुमार, अकलेश कुमार, जुली कुमारी आदि को माननीय मंत्री द्वारा शेयर प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिन किसानों का खाता खुलवाया गया, उन किसानों को बैंक पासबुक का वितरण पाटलीपुत्रा बैंक के एमडी द्वारा किया गया। विभाग के सचिव धर्मेन्द्र कुमार द्वारा सभा को संबोधित करते हुए सदस्यत्ता सह सहकारी जागरूकता अभियान के विषय में विस्तार से बताया। उन्होने कहा कि जिला स्तर से सभी पंचायतो में रोस्टर बनाया गया है तथा पैक्स एवं पंचायत के किसानों के सहयोग से सभी पंचायतों में यह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। पैक्स में संचालित कॉमन सर्विस सेन्टर, जमा वृद्धि योजना, सब्जी समिति, उर्वरक व्यवसाय के विषय में विस्तार से बताया। बकरी पालन समिति, मछली पालन समिति आदि के विषय में उन्होने बताया तथा बिना किसी शुल्क के समिति गठन करने हेतु किसानों को उत्प्रेरित किया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री डॉ0 प्रमोद कुमार ने संबोधित करते हुए बताया कि सहकारिता के असीम रोजगार की संभावनाओं है तथा किसानों को सहकारिता के माध्यम से बहुत व्यापक पैमाने पर काम पहुँचाया जा सकता है। सकारात्मक सोंच एवं प्रयासों से इसे जन-जन तक पहुँचाया जाना चाहिएं। उन्होने उदाहरण स्वरूप शहद उत्पादक किसानों के प्रयास के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने वेजभेड के विषय में भी विस्तार से बताया तथा सब्जी उत्पादक किसानों को लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। उन्होने अब तक किए गए धान अधिप्राप्ति द्वारा किसानों को प्राप्त लाभ के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि परंपरागत खेती से जीवन में प्रयाप्त बदलाव नहीं हुआ है। वैज्ञानिक खेती करने एवं पैक्स से जुड़कर सरकार की योजना के लाभ लेने की अपील की। इसके अलावा डुमरी पैक्स के पैक्स अध्यक्ष राजीव कुमार गांधी ने पंचायत में दिए गए धान अधिप्राप्ति के लक्ष्य को बढ़ाने की भी गुजारिश की।

## छेड़खानी एवं जानलेवा हमला के मामले में कार्रवाई की गुहार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लहसुना थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला ने घर में घुसकर छेड़खानी करने और हत्या करने की साजिश से जानलेवा हमला करने के मामले में 15 लोगों पर थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। दरअसल पीड़ित द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आलोक में लिखा है कि पीड़िता अपने परिवार के साथ अपने घर में बैठी थी कि अचानक 15 लोग घर में प्रवेश कर गये। उनमें से कुछ ने मेरे कपड़े फाड़ दिए। एक व्यक्ति अपने हाथ में रिवॉल्वर लिये हुये थे, जो जान-मारने के नीयत से हमको सिर पर मारा। उनकी बच्ची के साथ भी बुरी तरह से मार-पीट की गई। इस घटना में पीड़िता का बायां हांथ टूट गया तथा मेरी बच्ची को बांया हाथ के अगूंठा में चोट लगा। मेरी बच्ची के दायां हाथ के अगूंठा टूट वो जख्मी हो गयी। उपरोक्त सभी लोग हमको हत्या करना चाह रहे हैं मेरे घर में रखा सारा बर्तन वगैरह तोड दिया जिससे 25,000/- (पच्चीस हजार रूपया) का क्षति हुआ है। उपरोक्त लोगों के विरुद्ध कानूनी कारवायी की जाए। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बच्ची का इलाज कराने निकली बहू लापता

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अपने 4 वर्षीय बच्ची को इलाज कराने को कहकर घर से निकली पुतोहु लापता हो गई है। दरअसल मामला धनरूआ थाना क्षेत्र के दरियापुर पंचायत के देवदाहा गांव की है, जहां ससुर वीरेन केवट पिता कामेश्वर केवट ने धनरूआ थाना में आवेदन देकर गुहार लगाया है कि हमारी पुतोहू अमृता देवी अपने 4 वर्षीय बच्ची को इलाज कराने के नाम पर घर से निकली थी लेकिन वह लापता हो गई है अभी तक घर नहीं आई है। हमारा बेटा अमित केवट गुजरात में रहकर प्राइवेट जॉब करता है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### दुख की घड़ी में विधायक शामिल

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज नगर पंचायत में विधायक ने शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि दिलीप कुमार उर्फ कारू के पिताजी के निधन पर उनके आवास पर पहुंचकर संवेदना व्यक्त की। इसके अतिरिक्त, विधायक ने बाबुगंज तेली मुहल्ला निवासी उपेन्द्र साव और जितेंद्र साव के पिताजी के निधन पर भी उनके परिजनों से मिलकर दुख साझा किया। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की। विधायक ने बताया कि उन्होंने नगर पंचायत के उप चेयरमैन प्रतिनिधि दिलीप कुमार के पिताजी के निधन पर उनके घर पहुंचकर परिवार से मुलाकात की और उन्हें ढाढ़स बंधाया। उन्होंने बाबूगंज में भी दिवंगत समाजसेवियों के परिवारों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान भाजपा के नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साहू, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, जदयू नेता संजय अंबेडकर, हम के प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव और वार्ड पार्षद मंत्री जी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### दो लापता किशोरियों को पुलिस ने किया बरामद

**अथमलगोला (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत अथमलगोला थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से लापता दो किशोरियों को बरामद किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने बताया कि थाना क्षेत्र के दो गांवों लापता दो नाबालिग किशोरियों को गुजरात एवं अन्य स्थान से सकुशल बरामद करने में सफलता हासिल हुई है। इसके उपरान्त 164 का बयान दर्ज कराने के लिए बाढ़ के सक्षम न्यायालय में आज प्रस्तुत किया गया है। जिनके आदेशानुसार विधिसम्मत करवाई की जाएगी।

### लक्ष्य कम रहने से पैक्स अध्यक्षों की बढ़ी मुश्किलें

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धान अधिप्राप्ति का कार्य जोर शोर से चल रहा है। लेकिन पुनपुन प्रखंड के पैक्स अध्यक्ष इन दिनों काफी परेशान है। दरअसल धान अधिप्राप्ति के लिए जो पंचायत स्तर पर सरकार के द्वारा लक्ष्य निर्धारित की गई है वह काफी कम है। ऐसे में पुनपुन प्रखंड के सभी पैक्स अध्यक्षों की मुश्किलें बढ़ गई है, दरअसल लक्ष्य कम रहने के कारण दर्जनों किसानों की धान की खरीदगी नहीं हो पा रही है, लक्ष्य के अनुरूप सभी पैक्स अध्यक्ष धान की खरीदगी कर लिए हैं। बावजूद कई किसानों के धान नहीं खरीद पा रहे हैं। क्योंकि पैक्स अध्यक्ष को लिमिट मात्रा में लक्ष्य निर्धारित की गई है ऐसे में शुक्रवार को आयोजित सदस्यता सह जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन में पैक्स अध्यक्षों ने लिखित मांग पत्र सहकारिता मंत्री डॉ प्रमोद कुमार को देकर पैक्स अध्यक्ष लक्ष्य बढ़ाने की मांग की है, जिसमे पैक्स अध्यक्ष शैलेश पटेल, उदय कुमार अनिल कुमार, राजेश्वर सिंह आदि ने लक्ष्य बढ़ाने की मांग की है।

### कार्यपालक सहायक के स्थानांतरण से बढ़ी परेशानी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सभी पैक्सों में इन दिनों किसानों की धान अधिप्राप्ति की जा रही है और इसी दौरान पटना जिला के सभी प्रखंड के सहकारिता विभाग के कार्यपालक सहायक का अचानक स्थानांतरण कर दिया गया है, जिससे सरकार की महत्वकांक्षी योजना धान अधिप्राप्ति, सदस्यता सह जागरूकता अभियान एवं योजना आच्छादन अभियान प्रभावित हो रहा है। यह सभी योजना समयबद्ध है। धान अधिप्राप्ति में किसान एवं अध्यक्ष द्वारा ओटीपी का आदान प्रदान होता है। नये कार्यपालक सहायक के आने से भ्रम की स्थिति बनेगा एवं साईबर क्राईम होने की संभावना है। जिसको लेकर सभी पैक्स अध्यक्षों ने सहकारिता मंत्री डॉ प्रमोद कुमार से मिलकर लिखित आवेदन देकर गुहार लगाते हुए इस अधिप्राप्ति तक कार्यपालक सहायक का स्थानांतरण पर रोक लगाने की मांग की है।

## सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत बीडीओ ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** धनरूआ प्रखंड में बढ़ती ठंड और शीतलहर के मद्देनजर गरीबों, बुजुर्गों और असहाय लोगों के बीच कंबल वितरित किए गए। प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी ने सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत विभिन्न पंचायतों में जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच सामाजिक सुरक्षा कोषांग की ओर से कंबल वितरण किया जा रहा है। शुक्रवार को धनरूआ प्रखंड के पोठही और लखनपार पंचायत में कंबल वितरण किया गया। भीषण ठंड व शीतलहर को देखते हुए जिला प्रशासन की यह पहल राहतकारी सिद्ध हो रही है। मंगलवार को बीडीओ के द्वारा पंचायत में पात्र लाभुकों को कंबल उपलब्ध कराये गये। प्रशासन का यह प्रयास राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बीडीओ सीमा कुमारी ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा धनरूआ प्रखंड में प्रत्येक पंचायत में कंबल का वितरण होना है. पहले दिन विभिन्न पंचायतों मे पंचायत के गांव में कंबल का वितरण किया गया।

बीडीओ ने बताया कि इन दिनों सर्दी का प्रकोप बढ़ गया है। दिन में भी बादल और घना कोहरा छाए रहने से ठंड में इजाफा हुआ है, जबकि रात में स्थिति और भी खराब हो रही है।इसी को देखते हुए बिहार सरकार द्वारा असहाय लोगों को सर्दी से बचाने के लिए सामाजिक सुरक्षा के तहत कंबल वितरण का यह कार्य किया जा रहा है।

## विक्रमशिला महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**भागलपुर।** पर्यटन विभाग एवं भागलपुर जिला प्रशासन के सहयोग से होने वाले तीन दिवसीय विक्रमशिला महोत्सव की तैयारी को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन में आयोजित इस बैठक में कहलगांव के विधायक शुभानंद मुकेश, पीरपैंती के विधायक मुरारी पासवान, नगर पुलिस अधीक्षक, भागलपुर, उप विकास आयुक्त की उपस्थिति में कहलगांव के अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पर्यटन विभाग, बिहार सरकार द्वारा आवंटन उपलब्ध कराया जाता है। विगत वर्ष तीन दिनों का कार्यक्रम हुआ था। एक दिन के कलाकारों का व्यय का वहन एनटीपीसी, कहलगांव द्वारा किया गया था। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 13, 14 एवं 15 मार्च को विक्रमशिला महोत्सव का आयोजन किया जाए। इस दौरान होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों को विशेष मौका दिया जाए। साथ ही इसमें स्थानीय आदिवासी कलाकारों की भी सहभागिता होनी चाहिए। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को भी मौका दिये जाने के साथ साथ कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय एवं किलकारी के बच्चों को भी शामिल किया जाए। इसके साथ ही राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के कलाकार का भी प्रदर्शन हो। बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम के आयोजन की सफलता हेतु स्थानीय स्तर पर बैठक आयोजित किया जाए। प्रखंड, पंचायत स्तर पर बैठक आयोजित किए जाएं। प्रखंड के सभी विद्यालयों में प्रभात फ़ेरी निकाली जाए, प्रखंड स्तर पर मोटरसाइकिल मार्च निकाली जाए। ताकि ज्यादा से ज्यादा स्थानीय लोगों की सहभागिता सुनिश्चित कराई जा सके। जिलाधिकारी ने जीएम डीआईसी को निर्देशित किया कि वहां स्थानीय खाद्य सामग्री का स्टॉल लगवाया जाए। विक्रमशिला महोत्सव के दौरान सभी जगह पोस्टर बैनर लगाए जाएं। बैठक में कहलगांव के जनप्रतिनिधियों ने भी कई सुझाव दिए।

## बिहार न्यायिक अकादमी का आज होगा भूमि पूजन, कई जज होंगे शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़।** पुनपुन के पोठही में बिहार न्यायिक अकादमी का निर्माण हो रहा है, जो 38.77 एकड़ भूमि पर बनेगा, जिसको लेकर शनिवार को विधिवत तौर पर भूमि पूजन कार्यक्रम किया जायेगा। ऐसे में बिहार न्यायिक अकादमी (नया परिसर), पोठही, में भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत द्वारा न्यायमूर्ति संजय करोल, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश, न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश, न्यायमूर्ति सुधीर सिंह, पटना उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश, साथ में पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शामिल होंगे। बहरहाल, भूमि पूजन की तैयारी का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को डीआईजी जितेंद्र सिंह, जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन समेत न्यायिक अकादमी के निदेशक के अलावा स्थानीय एसडीएम को उपस्थित रहे। गौरतलब है कि न्यायाधीशों व न्यायिक अधिकारियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण देगा। जिससे यह अकादमी न्याय प्रणाली को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगी, न्यायिक अधिकारी की माने तो यह अकादमी बिहार राज्य में न्यायिक क्षेत्र के लिए एक अहम मील का पत्थर साबित होगी, जिससे न्यायिक प्रशिक्षण व गुणवत्ता नए आयाम पर पहुंचेगी।

### दंडाधिकारियों की हुई प्रतिनियुक्ति

**मसौढ़ी।** पुनपुन के पोठही में बिहार न्यायिक अकादमी का शनिवार को विधवत तौर पर भूमि पूजन होने जा रहा है। जिसको लेकर भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत का आगमन होने जा रहा है, इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संजय केरॉल एवं कई न्यायाधीश शामिल होने जा रहे हैं। ऐसे में कार्यक्रम स्थल पर कुल 23 जगहो पर पुलिस मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। जिसमें 29 दंडाधिकारी और 230 पुलिस बल के साथ 105 महिला पुलिस बल की तैनाती की गई है और तीन दंडाधिकारी के साथ 30 पुलिस बल को सुरक्षित रखा गया है। दरअसल पुनपुन के पोठही स्थित तकरीबन 38.77 एकड़ के जमीन पर बिहार नाययीक अकादमी बनने जा रहा है उसी को लेकर भूमि पूजन का कार्यक्रम होना है और विधि व्यवस्था जगह-जगह पर पुलिस मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है। वरीय दंडाधिकारी के रूप में अपर समाहर्ता, जिला लोक शिकायत पदाधिकारी एवं पूर्वी सिटी एसपी जिम्मेवारी दी गई है।

## धान अधिप्राप्ति में अनियमितता के खिलाफ 5 जनवरी से बेगूसराय में महाधरना

### संयुक्त किसान मोर्चा ने उठाई मांगें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** धान अधिप्राप्ति में पदाधिकारियों और मिलरों की मनमानी के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार के आह्वान पर पांच जनवरी से जिला समाहर्ता कार्यालय के समक्ष किसानों का महाधरना आयोजित किया जाएगा। यह धरना पांच जनवरी को सुबह दस बजे से शुरू होगा। पहसारा पूर्वी पैक्स गोदाम परिसर में बखरी अनुमंडल के पैक्स अध्यक्षों के मिलन समारोह को संबोधित करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार के संयोजक मंडल के वरिष्ठ नेता अशोक प्रसाद सिंह ने कहा कि बीते दो माह से पटना में मुख्य सचिव, खाद्य सचिव, सहकारिता सचिव और बिहार सरकार के खाद्य आपूर्ति मंत्री को बार-बार आवेदन देकर धान अधिप्राप्ति की खामियों से अवगत कराया गया, लेकिन सरकार की उदासीनता के कारण स्थिति और खराब होती चली गई। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने धान अधिप्राप्ति की घोषणा से पहले न तो मिलरों को एफएआरके की आपूर्ति सुनिश्चित की और न ही जिलों के बीच लक्ष्यों का समय पर बंटवारा किया। एक नवंबर से धान अधिप्राप्ति की घोषणा होने के बावजूद सोलह दिसंबर को मनमाने ढंग से जिलों के बीच लक्ष्य बांटे गए, जबकि आज तक सभी मिलों को एफएआरके की आपूर्ति नहीं हो सकी है। अशोक प्रसाद सिंह ने कहा कि बेगूसराय में राज्य से प्राप्त धान अधिप्राप्ति लक्ष्य का पैक्सों के बीच अब तक बंटवारा नहीं होने के कारण पूरी प्रक्रिया ठप पड़ी है। इस अव्यवस्था का लाभ बिचौलियों और दलालों को मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष धान उत्पादन दोगुना होने के बावजूद बेगूसराय का अधिप्राप्ति लक्ष्य आधा कर दिया गया है। उनका कहना था कि बेगूसराय में वास्तव में किसानों से धान की खरीद होती है, जबकि अन्य जिलों में मिलर पैक्सों से धान के बदले केवल धनराशि का लेन-देन करते हैं। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी नशापान कर पैक्स अध्यक्षों को अपमानित करते हैं और दिन-रात अवैध वसूली में लगे रहते हैं। संयुक्त किसान मोर्चा की मांगों में जिला सहकारिता पदाधिकारी को निलंबित करना, धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य दोगुना करना और बरौनी डेयरी में सौ करोड़ रुपये की कथित हेराफ़ेरी की जांच प्रवर्तन निदेशालय या सतर्कता आयोग से कराना शामिल है। पांच जनवरी से शुरू होने वाले महाधरना को सफल बनाने के लिए पैक्स अध्यक्ष प्रमोद कुमार वर्मा, चंदन कुमार सिंह, राधेश्याम चौधरी, चंदन कुमार, संजय कुमार, राजीव देव, महेश महतो, बाबूलाल महतो, रंजन कुमार सिंह, मनोहर कुमार और संजीव कुमार ने आंदोलन की जोरदार तैयारी की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता एल एन मिश्रा ने की।

## क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब कृष्णापुरी इलेवन के नाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** गांधी मैदान में शुक्रवार को शहीद संजय सिन्हा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया। रोमांच से भरपूर इस फाइनल मैच में कृष्णापुरी इलेवन ने मॉर्गन इलेवन को 6 रन से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। अंतिम ओवर तक चले इस मुकाबले ने दर्शकों की धड़कनें बढ़ा दीं। फाइनल मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कृष्णापुरी इलेवन की टीम ने निर्धारित 16 ओवरों में 96 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मॉर्गन इलेवन की टीम ने संघर्षपूर्ण शुरुआत की। लगातार अंतराल पर विकेट गिरने से टीम दबाव में आ गई। अंत तक मॉर्गन इलेवन 8 विकेट खोकर 90 रन ही बना सकी और इस तरह 6 रन से मुकाबला हार गई। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए फैजान को मैन ऑफ द मैच चुना गया। फैजान ने दबाव की घड़ी में मात्र 3 गेंदों पर 10 महत्वपूर्ण रन बनाए और गेंदबाजी में 3 विकेट लेकर मैच का रुख कृष्णापुरी इलेवन के पक्ष में मोड़ दिया। वहीं पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन के लिए सोनो को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। सोनो ने पूरी श्रृंखला में बल्ले से 135 रन बनाए, जबकि चार मैचों में 13 विकेट लेकर अपनी गेंदबाजी का लोहा मनवाया। मैच के बाद गांधी मैदान में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य पार्षद पिंकी देवी, जदयू नेत्री कुमारी खुशबू रानी, आव्या हेरिटेज के प्रोपराइटर विनोद कुमार गुप्ता, चंदन, थानाध्यक्ष विवेक भारती, संजय केशरी, भारत कु शशि, विकाश पटेल, आलोक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं व्यक्तिगत पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में शहीद संजय सिन्हा के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि इस तरह के खेल आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ खेल भावना और अनुशासन को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे टूर्नामेंट से स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।

## तिरहुत प्रमंडल की जनता की समस्याओं का समाधान करना है सर्वोच्च प्राथमिकता : आयुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मुजफ्फरपुर।** तिरहुत प्रमंडल के नवपदस्थापित आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह ने शुक्रवार को आयुक्त कार्यालय, मुजफ्फरपुर में विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण का कार्य सादगीपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें जिला पदाधिकारी मुजफ्फरपुर सुब्रत कुमार सेन, आयुक्त के सचिव संदीप शेखर प्रियदर्शी सहित आयुक्त कार्यालय के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। पदभार ग्रहण के उपरांत आयुक्त श्री सिंह ने प्रमंडल की जनता को नववर्ष की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि नया वर्ष सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति लेकर आए, यही उनकी कामना है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि तिरहुत प्रमंडल की जनता की समस्याओं का समाधान करना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी अधिकारी एवं कर्मी आपसी समन्वय , सक्रिय एवं तत्पर होकर टीम भावना के साथ कार्य करेंगे।

आयुक्त ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन जरूरी है। उन्होंने लोक शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक प्रभावी और बेहतर बनाने पर बल देते हुए कहा कि शिकायतों का केवल औपचारिक निपटारा नहीं हो, बल्कि उनका वास्तविक एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से परीक्षण कर तय समय सीमा के भीतर निष्पादन किया जाए, ताकि जनता का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो। श्री सिंह ने सरकार की नीतियों और योजनाओं को पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ लागू करने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को साकार करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने विकसित बिहार के संकल्प को पूरा करने हेतु सामूहिक एवं समन्वित प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। पदभार ग्रहण के पश्चात आयुक्त ने आयुक्त कार्यालय के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण, साफ-सफाई, कर्मचारियों की उपस्थिति तथा जनसुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने पाया कि कुछ स्थानों पर व्यवस्थाओं में और सुधार की आवश्यकता है, जिस पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालयीय कार्यों में तकनीक के अधिकतम उपयोग, फाइलों के शीघ्र निष्पादन तथा कार्य संस्कृति में अनुशासन और संवेदनशीलता लाने पर जोर दिया। अंत में आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह ने कहा कि तिरहुत प्रमंडल के समग्र विकास, कानून-व्यवस्था, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए वे पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वे टीमवर्क की भावना के साथ जनहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करें, ताकि तिरहुत प्रमंडल विकास की नई ऊंचाइयों को छू सके।

# लापरवाही स्वीकार्य नहीं, संबंधित पदाधिकारी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक करें निर्वहन : जिलाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बारून प्रखंड अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय, मेह, पंचायत भवन, मेह एवं आंगनबाड़ी केंद्र, मेह का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा राजकीय मध्य विद्यालय, मेह में नामांकित छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, शैक्षणिक गतिविधियों, कक्षा संचालन, मध्याह्न भोजन योजना के क्रियान्वयन, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल सुविधा तथा विद्यालय परिसर और मैदान की साफ-सफाई और रख-रखाव की स्थिति का विस्तृत अवलोकन किया गया। उन्होंने विद्यालय परिसर स्थित मैदान को मरम्मत कराने का भी निर्देश दिया, ताकि छात्राओं एवं छात्रों के खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों के लिए सुरक्षित एवं सुचारू वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। संबंधित पदाधिकारियों एवं प्रधानाध्यापक को सभी व्यवस्थाओं को नियमित, सुव्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण बनाए रखने का निर्देश दिया गया। पंचायत भवन, मेह के निरीक्षण के दौरान कार्यालयीय व्यवस्था, अभिलेखों के संधारण एवं भवन की साफ-सफाई की स्थिति की समीक्षा की गई तथा आवश्यक सुधार हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र, मेह के निरीक्षण के दौरान केंद्र की स्थिति अत्यंत जर्जर एवं असंतोषजनक पाई गई। निरीक्षण में यह प्रतीत हुआ कि उक्त आंगनबाड़ी केंद्र या तो लंबे समय से बंद है अथवा वहां नियमित रूप से संचालन नहीं हो रहा है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा उप विकास आयुक्त को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शिक्षा एवं बाल विकास से संबंधित संस्थानों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है तथा सभी संबंधित पदाधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शनी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विधायक प्रमोद सिंह ने सुनी जनता की पीड़ा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड परिसर स्थित बहुद्देशीय भवन में शुक्रवार को दोपहर विधायक प्रमोद कुमार सिंह द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में आम नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जनता दरबार में सड़क, बिजली, नल-जल, आवास योजना, पेंशन, भूमि विवाद, अंचल एवं प्रखंड से जुड़े कार्य, जन वितरण प्रणाली में अनियमितता, राशन कार्ड, वृद्धा व विधवा पेंशन, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित स्थानीय स्तर की प्रशासनिक समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि जनता दरबार मेरे लिए केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है बल्कि जनता के सुख-दुख को सीधे सुनने और समझने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने मौके पर उपस्थित सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि किसी भी नागरिक को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व केवल भाषण देना नहीं, बल्कि जनता की पीड़ा को अपनी पीड़ा समझकर उसका समाधान करना है। इसी भावना के साथ वे निरंतर जनता के बीच खड़े रहकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार अश्विनी, अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह, प्रखंड समन्वयक अमरेंद्र कुमार, कृषि पदाधिकारी अमृता कुमारी मौर्य, आवास पर्यवेक्षक अमित कुमार सिंह, शहरी जेई मारुतिनंदन प्रियदर्शी, कार्यक्रम पदाधिकारी जीतेश चंद्र कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन, चिकित्सा पदाधिकारी एके केशरी, कार्यपालक पदाधिकारी मैमून निशा, पंचायती राज पदाधिकारी सह शिक्षा पदाधिकारी अमर कुमार, रफीगंज थानाध्यक्ष शंभु कुमार, कासमा थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह, एसआई अवधेश कुमार सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष सह प्रखंड कार्यान्वयन समिति उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू, कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, भदवा मंडल अध्यक्ष रामकुमार सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा, प्रमुख प्रतिनिधि बुलबुल सिंह, उप प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सोनू सिंह, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार पासवान, भाजपा नगर महामंत्री बालगोविंद साहू, पंचायत समिति प्रतिनिधि जुबैर अंसारी, अरमान खान, हम से प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, सुनील सिंह, अर्जुन सिंह, विपिन सिंह, दिलीप सिंह, मंटू सिंह, शैलेन्द्र उर्फ लाला, भोला चौधरी के साथ हजारों फरियादी मौजूद रहे।

# 90 साल के जुड़वा भाई ने एक साथ दुनिया को कहा अलविदा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** सांसारिक मोह माया के चक्कर में कमजोर पड़ रहे रिश्तों के बीच एक ऐसी आत्मीय घटना सामने आई है जिसने समाज को रिश्तों की गहराइयों और अपनेपन के प्रति सोचनें के लिए मजबूर कर दिया। यह वाक्या कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के चिल्हकी गांव निवासी 90 वर्ष के जुड़वा बुजुर्ग सुखलाल प्रजापति और मथुरा प्रजापति के साथ घटित हुई। जुड़वा भाइयों ने एक साथ दुनिया में कदम रखा और एक ही साथ दुनिया को अलविदा कह दिया। वर्तमान समय में रिश्तों में इतनी आत्मीयता विरले ही देखने को मिलती है। परिजनों ने बताया कि सुखलाल प्रजापति लंबे समय से बीमार रहने के कारण बिस्तर पर पड़े रहते थे। वहीं मथुरा प्रजापति उम्र के थपेड़ो को सहते हुए चल-फिर रहे थे। शुक्रवार की दोपहर लंबे समय से बीमार चल रहे सुखलाल प्रजापति का देहांत हो गया। परिजन उनके अंतिम संस्कार की तैयारी में लग गए। इधर, भाई की मौत की खबर मथुरा प्रजापति के लिए असहनीय साबित हुई। वे भाई के वियोग को सहन नहीं कर पाएं और घटना के आधे घंटे के बाद दुनिया को अलविदा कह दिया। परिजनों ने सामाजिक और धार्मिक प्रक्रिया के उपरांत एक ही चिता पर दोनों भाइयों को मुखाग्नि दी। भाइयों के बीच आत्मीयता की यह कहानी जिसने भी सुनी रिश्तों की बेरंग दुनिया में क्षण भर के लिए सोचने को मजबूर हो गया।

# उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए सहायक प्राध्यापक को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, औरंगाबाद के सहायक प्राध्यापक ओम प्रकाश वत्स को जल संसाधन के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), पटना में आयोजित वेटलैंड एवं जल संसाधन सतत विकास हेतु अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की थीम अंतर्विषयक अध्ययन, जल शासन, नीति, सामाजिक-हाइड्रोलॉजी एवं संबद्ध क्षेत्रों में प्रदान किया गया। श्री वत्स मूल रूप से सवजपुरा, मेहंदिया, अरवल के निवासी हैं। उन्हें यह सम्मान उनके शोध पत्र स्टैटिस्टिकल मॉडलिंग ऑफ़ एक्सट्रीम रेनफॉल फ़ॉर पटना, बिहार, इंडियाः अ कंपेरेटिव इवैल्यूएशन ऑफ़ प्रोबैबिलिटी डिस्ट्रिब्यूशन्स एंड गुडनेस-ऑफ़-फिट टेस्ट्स यूज़िंग एचईसी-एसएसपी के लिए प्रदान किया गया। इस शोध में पटना शहर के लिए अत्यधिक वर्षा के आकलन हेतु विभिन्न प्रायिकता वितरणों का गहन सांख्यिकीय तुलनात्मक विश्लेषण किया गया है जिससे यह निर्धारित किया जा सके कि कौन-सा मॉडल अत्यधिक वर्षा की घटनाओं को सबसे बेहतर ढंग से दर्शाता है। अध्ययन के अंतर्गत पटना शहर के लिए आईडीएफ (तीव्रता-अवधि-आवृत्ति) वक्र भी विकसित किए गए हैं। यह शोध शहरी बाढ़ प्रबंधन, जल निकासी प्रणाली के वैज्ञानिक डिजाइन तथा जलवायु-अनुकूल अधोसंरचना विकास के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में जल संसाधन अभियांत्रिकी क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित और विश्व-प्रसिद्ध हस्तियों ने भाग लिया, जिनमें टेक्सास ए एंड एम विश्वविद्यालय के विशिष्ट प्रोफ़ेसर वीपी सिंह, आईआईटी रुड़की के प्रोफ़ेसर सीएसपी ओझा, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान के प्रमुख डॉ. पंकज मणि, बीएसडब्लूए के एस चंद्रशेखर तथा आईआईटी कानपुर के प्रोफ़ेसर विनोद तारे शामिल रहे। यह उपलब्धि न केवल राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के लिए बल्कि पूरे बिहार के शैक्षणिक एवं शोध समुदाय के लिए गर्व का विषय है। साथ ही, यह राज्य के युवा शोधकर्ताओं की जलवायु परिवर्तन और जल-संबंधी चुनौतियों के समाधान में बढ़ती भूमिका को भी दर्शाती है।

# सीढ़ी से गिरकर कबाड़ कारोबारी की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सीढ़ी से गिरकर कबाड़ कारोबारी की मौत हो गई। घटना दाउदनगर थाना क्षेत्र के गया रोड स्थित एक कबाड़ दुकान की है। मृतक की पहचान रोहतास जिले के मालवार गांव निवासी दिलकेश्वर सोनी के 45 वर्षीय पुत्र रामाशंकर सोनी के रूप में की गई। घटना की सूचना पहुंचे परिजनों ने कारोबारी को इलाज के लिए दाउदनगर अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इधर, शिव शंकर की पत्नी सीता देवी ने पुलिस को बताया है कि मैं अपने पति शिव शंकर सोनी और भैंसुर रामाशंकर सोनी तथा बच्चों के साथ किराए के मकान में रहती थी। मृतक कबाड़ा खरीदने बेचने का काम करते थे। गुरुवार को उसका मेरे भैंसुर रमाशंकर खाना पीना खाने के बाद बाथरूम के लिए गए थे। लौटने के दौरान सीढी से उसका पैर फिसल गया और रोशनदान से टकराते हुए वे छत से नीचे गिर गए, जिसके कारण उनकी मौत हो गई जबकि मृतक के भाई शिव शंकर सोनी ने मकान मालिक पर विवाद में सीढ़ी से फेंकने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया गिरकर ही मौत होना प्रतीत होता है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# बीआरबीसीएल के कार्यों की डीएम ने की सराहना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** नवीनगर बीआरबीसीएल द्वारा संचालित विकासात्मक कार्यों का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जिले में बीआरबीसीएल के माध्यम से संचालित कार्यों की प्रगति का जायजा लेना और भविष्य में प्रस्तावित परियोजनाओं के माध्यम से स्थानीय विकास एवं रोजगार सृजन की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा करना था। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने बीआरबीसीएल द्वारा औरंगाबाद जिले के लिए संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से वर्तमान एवं प्रस्तावित परियोजनाओं से जिले में होने वाले प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजन की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी प्राप्त की। साथ ही जिलाधिकारी ने बीआरबीसीएल के निकट सुरार तालाब का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण करने का भी निर्देश दिया, ताकि यह क्षेत्र पर्यटन एवं स्थानीय विकास के दृष्टिकोण से आकर्षक एवं उपयोगी बन सके। जिलाधिकारी ने बीआरबीसीएल के प्रयासों की सराहना करते हुए यह अपेक्षा व्यक्त की कि आने वाले समय में और भी व्यापक स्तर पर विकासात्मक गतिविधियां संचालित की जाएंगी जिससे औरंगाबाद जिले के समग्र विकास को गति मिलेगी।

# घर का ताला तोड़ उड़ायी पांच लाख की संपत्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चंदौली गांव के समीप एवं शहर से सटे साईं सिटी अपार्टमेंट के सामने एक किराए के मकान में रह रहे एनएचआई कॉन्ट्रैक्टर के कमरे से चोरों ने हजारों की संपति चुरा ली। यह घटना गुरुवार के रात की है। चोरी घटना की खबर रुम मलिक अंकित कुमार को तब हुआ जब वे नए साल की छुट्टी के बाद शुक्रवार की दोपहर अपने किराए के मकान पर पहुंचे। अंकित ने बताया कि उनका घर बारून थाना क्षेत्र के खंडा है और वे औरंगाबाद में एनएचआई कॉन्ट्रैक्टर के रूप में काम करते हैं। उन्होंने बताया कि वह डेढ़ माह पहले चंदौली गांव निवासी मुकेश यादव के नए दो मंजिला मकान साईं सिटी अपार्टमेंट के सामने में फ्लैट लेकर रह रहे थे। उस मकान पर दो फ्लैट थे। एक तरफ अंकित रहते थे तो दूसरे तरफ मुरादाबाद थाना सासाराम के गोविंद कुमार रहते थे। अंकित ने चोरी के घटना की सूचना लिखित रूप से मुफस्सिल थाने को दे दिया है। इस घटना में सोने-चांदी के ज़ेवर और नकदी सहित करीब पांच लाख रूपये की संपति ले भागे। थाने के दरोगा राजेश कुमार घटना की सूचना मिलते ही दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि घटना की तहकीकात की जा रही है।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत, दो जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सड़क किनारे खड़े ट्रक से तेज रफ्तार एक बाइक टकरा गई जिसमें बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना कुटुंबा थाना क्षेत्र के एनएच - 139 पर हरदता गांव के पास की है। मृतक की पहचान रफीगंज थाना क्षेत्र के राजा बिगहा गांव निवासी सुखेंद्र यादव के पुत्र 18 वर्षीय पुत्र पवन कुमार के रूप में की गई है। जबकि जख्मियों की पहचान उस गांव निवासी रामजी यादव के 15 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार एवं शंभू यादव के 18 वर्षीय पुत्र निरंजन कुमार के रूप में की गई है जिनका सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। परिजनों ने बताया कि गुरुवार को नए साल पर पवन गांव के ही पांच दोस्तों के साथ देव सूर्य मंदिर में पूजा करने गया था। पवन, निरंजन और सोनू एक बाइक पर सवार थे। जबकि दो दोस्त दूसरे बाइक पर थे। दर्शन करने के बाद हरिहरगंज घूमने चले गए। जहां से लौटने के दौरान बाइक ट्रक से टकरा गई जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर अंबा और कुटुंबा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। तत्काल सभी को इलाज के लिए कुटुंबा रेफरल अस्पताल लेकर गए जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत अवस्था में रेफर कर दिया। इसके बाद सदर अस्पताल में इलाज के दौरान पवन की मौत हो गई। सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे। बिना पोस्टमार्टम कराए शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर चले गए। घटना को लेकर कुटुंबा थानाध्यक्ष मो. इमरान आलम ने बताया कि सड़क हादसे में एक युवक की मौत हुई है। दो युवक सदर अस्पताल में इलाजरत है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# विभिन्न मामलों में 29 लोग गिरफ्तार तीन लाख से अधिक वसूला जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। इस क्रम में 24 घंटों की कार्रवाई में 29 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ये सभी आरोपी हत्या प्रयास, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 25 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के शीर्ष में 2, शराब कांड में 21 एवं अन्य शीर्ष कांड में 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 30 लीटर देसी एवं 75 लीटर सरसों तेल बरामद किया गया है। 1 वारंट का निष्पादन किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1564 वाहनों की जांच की गई जिसमें 301500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार औरंगाबाद पुलिस की यह व्यापक और बहुआयामी कार्रवाई अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि कानून से ऊपर कोई नहीं। जन-सुरक्षा, पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई के संकल्प के साथ पुलिस पूरी प्रतिबद्धता से प्रदेश को सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा ताकि अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके।

# अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का घोर संकट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले का प्रमुख और अत्यधिक राजस्व देने वाला रेलवे स्टेशन अनुग्रह नारायण रोड यात्रियों की भारी आवाजाही के बावजूद बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। प्रत्येक वर्ष लाखों यात्री इस स्टेशन से सफर करते हैं, लेकिन सुविधाओं की स्थिति ऐसी है कि यात्रियों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन पर लगी लिफ्ट अधिकांश समय खराब रहती है, जिससे बुजुर्ग, दिव्यांग और महिला यात्रियों को प्लेटफॉर्म तक पहुंचने में अत्यधिक कठिनाई होती है। स्टेशन पर बना फुट ओवर ब्रिज अत्यंत घुमावदार है जिसके कारण सामान्य यात्री भी चलते-चलते थक जाते हैं। लंबा और घुमावदार पुल विशेषकर बुजुर्गों, बीमारों और दिव्यांग यात्रियों के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है। यात्रियों का कहना है कि इस व्यस्त स्टेशन पर स्वचालित सीढ़ी की अत्यंत आवश्यकता है। एक ओर जहां स्टेशन का राजस्व लगातार बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर यात्री सुविधाओं की उपेक्षा चिंता का विषय बनी हुई है।

# आरटीपीएस कर्मियों को डीएम ने लगाई फटकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बारून प्रखंड अंतर्गत पंचायत सरकार भवन, धमनी का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा पंचायत सरकार भवन में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, कार्यालय व्यवस्था, अभिलेखों के संधारण, स्वच्छता एवं रख-रखाव की स्थिति का विस्तृत अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान पंचायत सरकार भवन में कई स्थानों पर कमियां पाई गईं, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को कड़ी फटकार लगाते हुए यथाशीघ्र सभी कमियों को दूर करने का सख्त निर्देश दिया गया। इस क्रम में जिलाधिकारी द्वारा आरटीपीएस काउंटर निरीक्षण के दौरान आरटीपीएस काउंटर की व्यवस्था अपेक्षित स्तर की नहीं पाई गई, जिस पर संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया गया कि आरटीपीएस काउंटर का अविलंब रंग-रोगन कर उसे मानक अनुरूप सुव्यवस्थित किया जाए तथा सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए आरटीपीएस सेवाओं का नियमित, सुचारू एवं प्रभावी संचालन किया जाए, ताकि आमजनों को विभिन्न प्रमाण-पत्रों एवं सेवाओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण लाभ प्राप्त हो सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी एवं संबंधित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट कल से

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह इंटर कॉलेज (गेट स्कूल) के मैदान में 4 से 11 जनवरी तक अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में बिहार, बंगाल, झारखंड, उत्तर प्रदेश एवं नेपाल की प्रसिद्ध टीमें भाग लेगी। यह जानकारी देते हुए औरंगाबाद गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सचिव मोहम्मद फखरुद्दीन ने बताया कि मैच का उद्घाटन 4 जनवरी और समापन 11 जनवरी को होगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में औरंगाबाद के विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह होंगे। उन्होंने बताया कि इस टूर्नामेंट को लेकर खेल प्रेमियों में काफी उत्साह है और सभी लोग इसके शुभारंभ की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# चार पैक्सों में चुनाव की घोषणा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिला प्रशासन के अनुसार सदर प्रखंड के एक और कुटुंबा प्रखंड के तीन पैक्सों में चुनाव कराया जाएगा। सदर प्रखंड के बड़वां पैक्स जबकि कुटुंबा प्रखंड के भरौंधा, सुही और बलिया पैक्स में प्रबंधकारिणी समिति के निर्वाचन की तिथि निर्धारित की गई है। तारीख घोषित होते ही संबंधित पैक्स क्षेत्रों में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है और संभावित प्रत्याशी तैयारियों में जुट गए हैं। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 की धारा 14 (क) में संशोधन और सहकारिता विभाग की अधिसूचना को लेकर यह चुनाव कराया जा रहा है। जिन सहकारी समितियों की प्रबंधकारिणी समितियां विघटित हैं, अधिक्रमित हैं या जिनकी अवधि खत्म हो चुकी है, उनके लिए निर्वाचन आवश्यक हो गया है। इसी क्रम में राज्य के 295 पैक्स में चुनाव कराने का निर्णय लिया गया है, जिसमें औरंगाबाद के चार पैक्स भी शामिल हैं। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार सूचना का प्रकाशन 5 जनवरी 2026 को किया जाएगा। नामांकन की प्रक्रिया 21 और 22 जनवरी 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक होगी। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 24 और 27 जनवरी को की जाएगी। अभ्यर्थिता वापसी और प्रतीक आवंटन की तिथि 29 जनवरी 2026 निर्धारित है। यदि आवश्यकता पड़ी तो मतदान 6 फरवरी 2026 (शुक्रवार) को कराया जाएगा। उसी दिन सुबह 7 बजे से अपराह्न 4:30 बजे तक मतगणना भी कराई जाएगी। निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति 9 फरवरी 2026 को होगी।

# नाली विवाद में दंपति जख्मी, पत्नी रेफर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मदनपुर।** मदनपुर थाना क्षेत्र के सोनपुर गांव में नाली का पानी बहाने के विवाद में मारपीट हो गई जिसमें एक दंपति घायल हो गए। घायलों में उस गांव निवासी बिहारी रविदास एवं उसकी 40 वर्षीय पत्नी ललिता देवी शामिल हैं। घटना के बाद घायलों को मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उपचार किया। बिहारी रविदास ने बताया कि गांव के ही धनंजय रिकियासन एवं बीरेंद्र रिकियासन ने उनके दरवाजे पर नाली का पानी बहा रहा है जिसका विरोध करने पर मेरे साथ और उनकी पत्नी तथा बेटा-बेटी को मारपीट कर जख्मी कर दिया। चिकित्सकों ने बताया कि प्राथमिक इलाज़ के बाद ललिता देवी को रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष राजेश पासवान ने बताया कि घटना को लेकर अब तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलते पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे कारवाई की जाएगी।